जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 5 जून, 2022

# इतिहास में पहली बार

## 2000 Sq. Ft. बिल्ट-अप एरिया वाली 5BHK कोठी सिर्फ 75 लाख में !

A Project By Kedia

THE KUNBA


बड़े परिवारों के लिए

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER

FIXED PRICE

## 5BHK कोठी खरीदने का आखिरी मौका

**Advance Notice: Last Few Units Left**



NEAR MPS, PRATAP NAGAR, TONK ROAD, JAIPUR

KEDIA
*Transforming Realty*

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com
www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**सौंदर्य और विलास के आवरण में महत्त्वाकांक्षा उसी प्रकार पोषित होती है जैसे म्यान में तलवार। –रामकुमार वर्मा**

# महर्षि अग्निवेश के कल्याणकारी प्रश्न

प्रश्न पूछना और उनका उत्तर देना एक गंभीर कला है। इसमें पूर्व से उपलब्ध साहित्य, संहिताओं, वैज्ञानिक ज्ञान, और अनुभवजन्य ज्ञान की समठाता को समेटना पड़ता है। आज से कम से कम 5000 वर्ष पूर्व ऐसे ही कुछ कल्याणकारी प्रश्न आचार्य अग्निवेश ने अपने गुरु भगवान आत्रेय से पूछा था।

दरअसल, आयुर्वेद को पूर्ण विस्तार से समझाने–समझने के बाद आचार्य अग्निवेश को लगा कि आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन एवं औषधियों के संदर्भ में भगवान आत्रेय प्रत्येक विषय को सम्हालने के लिये अनेकानेक कारक स्पष्ट किये हैं। तो क्या इन तमाम कारकों में से कुछ ऐसे कारक नहीं हैं जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण हों? आचार्य अग्निवेश अपनी जिज्ञासा नहीं रोक पाये और अंत में गुरुदेव से पूछ ही लिया।

गुरुश्रेष्ठ! आपने आयुविज्ञान को बहुत विस्तारपूर्वक समझाया। जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित करने वाले अनेकानेक कारक बताये। परन्तु इन कारकों में कोई तो सबसे महत्वपूर्ण या श्रेष्ठतम होगा? क्या प्राणवर्धन करने वालों में एक, बलवर्धन करने वालों में एक, बृंहण या वृद्धि करने वालों में एक, नंदन या समृद्धि करने वाले कारकों में एक, मन को प्रसन्न करने वालों में एक, और मार्गों में एक सर्वश्रेष्ठ मार्ग है? --आचार्य अग्निवेश ने पूछा।

आचार्य अग्निवेश के इन प्रश्नों को आप हल्के में नहीं ले सकते। क्यों? बात यह है कि प्राणवर्धन का सबसे महत्वपूर्ण कारक जान लेने से दीर्घायु या लंबी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण सूत्र तो मिल जायेगा किन्तु ऐसी लम्बी आयु किस काम की है जो बलवान या ऊर्जावान न हो, जो बृंहण या वृद्धि से समुचित भरपूर न हो, जिसमें समृद्धि और प्रसन्नता न हो, और अंततः जिसमें सद्गित या मोक्ष न मिले। इसलिये आचार्य अग्निवेश द्वारा पूछे गये प्रश्नों का यह समुच्चय बेहद रोचक, गूढ़ और कल्याणकारी है। दुर्भाग्यवश, चरकसंहिता के तमाम व्याख्याकार इन प्रश्नों की गहराई, गूढ़ता और निहितार्थ को कभी नाप नहीं पाये। इसलिये आज की चर्चा इन प्रश्नों पर है।

इस प्रश्नों पर भगवान आत्रेय द्वारा दिया गया उत्तर कई कारणों से महत्वपूर्ण हो जाता है।

इनकी चर्चा हम करेंगे, पर पहले उत्तर देखिये।

आयुर्वेद को जानने वाले ऐसा मानते हैं कि प्राणियों के प्राण बढ़ाने वाले कारकों में सबसे श्रेष्ठ अहिंसा, बलवर्धन करने वालों में वीर्य (जोश, बहादुरी या वीर्य) बहादुरी, बृंहण या वृद्धि करने वालों कारकों में विद्या, समृद्धि करने वालों में इंद्रियों पर विजय, मन को प्रसन्न करने वाले कारकों में तत्वज्ञान या सच्चाई का ज्ञान, और मार्गों में ब्रह्मचर्य सबसे उत्कृष्ट है। –आत्रेय का उत्तर था।

आत्रेय के उत्तरों की तीन विशिष्टतायें देखना आवश्यक है। पहली विशेषता यह है कि उत्तर में जिन एक–एक सर्वश्रेष्ठ कारकों को दर्शित किया गया है उनमें एक भी द्रव्य नहीं है बल्कि सभी अद्रव्य कारक हैं। जीवन में केवल द्रव्य ही महत्वपूर्ण नहीं हैं बल्कि अद्रव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हो सकते हैं। उदाहरण के लिये प्राणवर्धक तो आहार भी है किन्तु अहिंसा ही उत्कृष्ट है क्योंकि हिंसा प्राणघातक और अहिंसा प्राणवर्धक होती है। अद्रव्य होने से हम इनका सदैव और अनवरत उपयोग तो कर ही सकते हैं, साथ ही ये बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक लागत हमें सदैव उपलब्ध हैं। दूसरी विशेषता यह है कि आत्रेय ने यहाँ उत्तर केवल अपने ज्ञान को आधार मानकर नहीं दिया। यहाँ पर उन्होंने प्रश्नों का उत्तर देने के लिये उस वैज्ञानिक विधि का सहारा लिया है जिसे वर्तमान में एक्सपर्ट–जजमेंट के नाम से जाना जाता है। यही कारण है कि आत्रेय ने अपने उत्तर में इस स्पष्टीकरण का समावेश किया है कि आयुर्वेद को जानने वाले ऐसा मानते हैं। इसका अर्थ यह है कि तत्समय में आयुर्वेद के विद्वानों के मत का निचोड़ आत्रेय ने अग्निवेश को दर्शित किया है। आत्रेय के इन उत्तरों का स्पष्ट अभिप्राय यह भी है कि ऐसा केवल मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि मैंने आयुर्वेद के विद्वानों के मध्य उपलब्ध ज्ञान को एक्सपर्ट–जजमेंट के आधार पर प्राप्त कर, आज की भाषा में कहें तो प्रिंसिपल कॉम्पोनेंट एनलिसिस से ज्ञात हुआ सबसे महत्वपूर्ण कारक दर्शित किया है। यहाँ एक महत्वपूर्ण सन्देश यह भी है कि जब प्रश्न का उत्तर व्यापक प्रयोज्यता के लिये हो या अनेक कारकों में से एक प्रधान कारक की खोज पर चिंतन चल रहा हो तो अनेक विद्वानों के विचार को समाहित कर समठा उत्तर देना उपयोगी है।

**आचार्य अग्निवेश के प्रश्नों और उनके महान गुरु आत्रेय द्वारा दिये गये उत्तरों के निहितार्थ समझिये। और उसी के अनुरूप अहिंसा, वीर्य, विद्या, इन्द्रियजय, तत्वबोध और ब्रह्मचर्य को सहेजिये। ये अद्रव्य कारक बिना किसी अतिरिक्त धन का निवेश किये आपके पास सदैव उपलब्ध हैं। आजीवन मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सुखी रहेंगे।**

तीसरी बात यह है चरकसंहिता में यह प्रसंग वस्तुतः हृदयरोगों से बचाव के वर्णन के तुरंत बाद निरंतरता में आया है। इस तथ्य के प्रकाश में देखने पर एक यह सन्देश भी स्पष्ट होता है कि अहिंसा, वीर्य, विद्या, इन्द्रियजय, तत्वबोध और ब्रह्मचर्य जैसे अद्रव्य, किन्तु सभी नागरिकों पूर्णतः क्रियान्वयन–योग्य, भावों की हृदय रोगों से बचाव में भी विशेष भूमिका है। यदि इस दिशा में ध्यान दिया जाये तो भारत को हृदयरोग सहित तमाम गैर–संचारी रोगों की वैश्विक राजधानी होने के कलंक से मुक्ति मिल सकती है।

इस चर्चा का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है? वस्तुतः इस बात को समझने के लिये उत्तरों के निहितार्थ समझना आवश्यक है। सबसे पहला सन्देश तो यह है कि केवल लंबी आयु किसी काम की नहीं है। बीमार शरीर में लम्बे समय तक प्राण तो अटके रह सकते हैं परन्तु ऐसी आयु सुखायु और हितायु की श्रेणी में नहीं गिनी जाती। आयु ऐसी हो जिसमें मानसिक और शारीरिक बल और वृद्धि हो, समृद्धि हो, आनंद हो और जो इन्द्रिय–संयम के मार्ग पर चले। इन प्रश्नों और उत्तरों में इस महत्वपूर्ण समुच्चय का पूरा पूरा ख्याल रखा गया है।

अहिंसा प्राणवर्धक कारकों में श्रेष्ठतम कैसे है? दरअसल, हिंसा के सभी प्रकार, डांट–डपट, चिल्लाना, मारपीट करना, प्रताड़ित करना आदि जीवित कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इन्फ्लेमेशन को बढ़ा देते हैं। ऐसी दशा में बुढ़ापा जल्दी आता है और समय–पूर्व मृत्यु की संभावना बढ़ती है। स्वाभाविक है कि अहिंसा प्राणवर्धन में सबसे श्रेष्ठ है।

इसी प्रकार बल को बढ़ाने वाले कारकों में वीर्य सबसे बेहतर है। वीर्य या जोश आत्मविश्वास को बढ़ाता है। व्यक्ति को बलशाली बनाने में जोश का अद्वितीय योगदान रहता है। इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा पड़ा है जब सेना–नायकों ने अपनी फौज में जोश दिलाकर हारे हुये युद्ध जीते हैं।

बृंहण या वृद्धि करने वाले कारकों में विद्या को सबसे उत्तम माना गया है। विद्या केवल मन और शरीर का बृंहण नहीं करती, बल्कि जीवन की समठाता का बृंहण होता है। वस्तुतः शारीरिक और मानसिक विकास में विद्या, जिसमें ज्ञान और कौशल शामिल हैं, का बड़ा योगदान है।

जानकारी, ज्ञान कौशल के बिना शरीर का पोषण या वृद्धि नहीं हो सकती। विद्या–विहीन व्यक्ति आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन और औषधियों के महत्त्व को कभी नहीं समझ सकता। और इन सबकी समझ और क्रियान्वयन के बिना समुचित मानसिक और शारीरिक पोषण, विकास या वृद्धि नहीं होती।

समृद्धि देने वाले कारकों में इंद्रियों पर विजय सबसे महत्वपूर्ण है। वास्तव में आंख, नाक, कान, जीभ व चमड़ी मन के नियंत्रण हों तो रोग नहीं होते। आरोग्य या रोगरहित हुये बिना समृद्धि नहीं प्राप्त हो सकती। असल में आरोग्य के बिना अर्थ, धर्म, काम या मोक्ष कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता। जीवन में खुशी चाहिये तो याद रखिये कि आरोग्य ही सुख है और विकार ही दुःख है।

इसीलिये समृद्धि में इन्द्रिय–जय का अद्वितीय योगदान है।

प्रसन्नता देने वाले कारकों में तत्वबोध या सच्चाई का ज्ञान सबसे महत्वपूर्ण कारक है। यथार्थ ज्ञान के बिना व्यक्ति निरुद्देश्य भटकता रहता है। ऐसे व्यक्ति जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों को भी नहीं साध पाते। तत्वबोध मन को प्रसन्न करने वाले कारकों में इसीलिये सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।

अंततः, मार्गों में ब्रह्मचर्य सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। ब्रह्मचर्य का मूल दर्शन वस्तुतः मैथुन के पूर्ण प्रतिबन्ध पर नहीं बल्कि इन्द्रिय–संयम और आत्म–नियंत्रण पर केन्द्रित है। आयुर्वेद का मत है कि मैथुन की अधिकता से अनेक रोग होते हैं किन्तु यदि सेक्स की इच्छा को दबाया जाता है या शुक्र–वेग धारण किया जाता है तो स्वास्थ्य–विषयक अनेक समस्यायें जैसे जननेंद्रिय, टेस्टिकल्स, शरीर और हृदय में दर्द, और मूत्र–विसर्जन में रुकावट और दर्द के लक्षण खड़े हो जाते हैं। मैथुन न करने से प्रमेह, मोटापा, तथा शारीरिक शिथिलता होती है। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों में भी इन तथ्यों की पुष्टि होती है। इन समस्याओं से बचने के लिये पति–पत्नी के मध्य प्रगाढ़ शारीरिक रिश्ते क्लिनिकल दृष्टि से उचित और स्वास्थ्य के लिये हितकर हैं।

चरकसंहिता में वाजीकर द्रव्यों और अद्रव्यों के माध्यम से चिकित्सा का विस्तृत वर्णन यह स्पष्ट रूप से सिद्ध करता है कि गृहस्थों के लिये सेक्स पूर्ण–त्याज्य कभी नहीं रहा। पर इस बात को ध्यान रखें कि इन्द्रियों के संयम के बिना मानव का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय अस्तित्व सदैव संकट में ही रहता है।

ध्यान दीजिये आचार्य अग्निवेश के प्रश्न और आत्रेय के उत्तर वस्तुतः जीवन की समठाता और उसे सम्हालने वाले श्रेष्ठ कारकों को समेटे हुये हैं। यहाँ केवल प्राणवर्धन या दीर्घायु मात्र का सूत्र जानने की जिज्ञासा नहीं है बल्कि ऐसे सूत्र जानने की जिज्ञासा है जिसमें दीर्घायु, हितायु और सुखायु अपनी समठाता में हो। ऐसी लम्बी उम्र किस काम की होगी जिसमें शरीर में बल न रहे।

इसीलिये दूसरा प्रश्न बलवर्धन पर केन्द्रित है। इसी प्रकार, लम्बी आयु और बल के साथ–साथ वृद्धि, समृद्धि और हर्ष और अंततोगत्वा सर्वाधिक महत्वपूर्ण मार्ग को समझने का प्रयास किया गया है।

हितकारी और सुखकारी जीवन ही जीने योग्य जीवन है। आचार्य अग्निवेश के प्रश्नों और उनके महान गुरु आत्रेय द्वारा दिये गये उत्तरों के निहितार्थ समझिये। और उसी के अनुरूप अहिंसा, वीर्य, विद्या, इन्द्रियजय, तत्वबोध और ब्रह्मचर्य को सहेजिये। ये अद्रव्य कारक बिना किसी अतिरिक्त धन का निवेश किये आपके पास सदैव उपलब्ध हैं। आजीवन मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सुखी रहेंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

---

**(5 जून – विश्व पर्यावरण दिवस विशेष)**

# पर्यावरण संतुलन हेतु पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण की महती आवश्यकता


पन्नालाल मेघवाल

- **पर्यावरण सम्मेलन में प्रतिवर्ष 143 से अधिक देश भाग लेते हैं**




**संयुक्त** राष्ट्र महासभा ने विश्व में पर्यावरण संतुलन, संरक्षण एवं सुरक्षा तथा पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक एवं सामाजिक जागृति लाने के लिए 5 जून 1972 को विश्व पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया। इसमें विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया। इसके दो साल बाद 5 जून 1974 से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाने लगा।

सन् 1987 में इसके केन्द्र को बदलते रहने का सुझाव सामने आया और उसके बाद से ही इसके आयोजन के लिए अलग–अलग देशों को चुना जाता है। इसमें प्रतिवर्ष 143 से अधिक देश भाग लेते हैं और इसमें कई सरकारी, सामाजिक और व्यावसायिक लोग पर्यावरण की सुरक्षा, समस्या आदि विषय पर चर्चा करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरुकता बढ़ाना और दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करके हल निकालना है।

मानव जीवन और पर्यावरण एक–दूसरे पर निर्भर हैं। मानव की बुरी आदतें जैसे वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना, पानी दूषित करना, बर्बाद करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। मानव की अच्छी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यावरण के जैविक संघटकों में सूक्ष्म जीवाणु से लेकर कीड़े–मकोड़े, सभी जीव–जंतु और पेड़–पौधों के अलावा उनसे जुड़ी सारी जैव क्रियाएं और प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। जबकि पर्यावरण के अजैविक संघटकों में निर्जीव तत्व और उनसे जुड़ी प्रक्रियाएं आती हैं, जैसे: पर्वत, चट्टानें, नदी, हवा और जलवायु के तत्व इत्यादि।

यह हमारे चारों ओर व्याप्त है और हमारे जीवन की प्रत्येक घटना इसी पर निर्भर करती और संपादित होती है। मनुष्यों द्वारा की जाने वाली समस्त क्रियाएं पर्यावरण को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं।

मानव हस्तक्षेप के आधार पर पर्यावरण को दो भागों में बांटा जा सकता है, जिसमें पहला है प्राकृतिक या नैसर्गिक पर्यावरण और मानव निर्मित पर्यावरण। यह विभाजन प्राकृतिक प्रक्रियाओं और दशाओं में मानव हस्तक्षेप की मात्रा की अधिकता और न्यूनता के अनुसार है।

पर्यावरणीय समस्याएं जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि मनुष्य को अपनी जीवनशैली के बारे में पुनर्विचार के लिये प्रेरित कर रही हैं और अब पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए यह भी आवश्यक है कि सरकारी, गैर सरकारी, निजी संस्थानों एवं पर्यावरण प्रेमियों के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जाए।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

---

# रामगंजमंडी के व्यवसायी का कोटा में नेत्रदान-देहदान संपन्न


**रामगंजमंडी निवासी राजकुमार पहाड़िया के देहदान के समय परिजन उपस्थित रहे।**

**कोटा,** (निसं)। बहुमुखी प्रतिभा के धनी व समाजसेवी राजकुमार पहाड़िया (71 वर्ष) सुविधा नगर, रामगंजमंडी के निवासी रहे हैं। अधिक उम्र होने के बाद भी साधु संतों की सेवा, प्रतिदिन मंदिर जाना और सत्संग के कार्यक्रमों में जाना उन्होंने कभी नहीं छोड़ा।

थोड़े समय से अस्वस्थ रहने के कारण वह रामगंजमंडी से अपने छोटे बेटे दिलीप के पास में कोटा में आ गये थे, अभी कुछ दिनों पहले ही उन्होंने अपनी पत्नी कुसुम और बेटे भागचंद व दिलीप के सामने अपनी देह को दान करने का संकल्प पत्र भरने की बात रखी। बच्चों के साथ पोतों ने भी तुरंत ही अपने दादाजी की इच्छा को जानते हुए, उनका देहदान संकल्प पत्र भरवा दिया था, इसी बीच अस्वस्थता के कारण शुक्रवार को देर रात उनका कोटा में निधन हो गया। अचानक हुई इस घटना के कारण परिवार के सभी लोग शोक में आ गये। थोड़ी देर बाद जब करीबी रिश्तेदार पहुंचे,तब नेत्रदान व देहदान के विषय पर चर्चा हुयी, इसके उपरांत नेत्रदान हेतु तुरंत ही शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड को संपर्क किया गया,देर रात 11 बजे डॉ गौड़, ईबीएसआर, कोटा चेप्टर के टेक्नीशियन के साथ मौके पर पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न कराया। देहदान की कार्य हेतु परिवार के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष से बात करके पिताजी के पार्थिव शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, फिर सुबह 10 बजे मेडिकल कॉलेज कोटा को सौंपा गया। रामगंजमंडी निवासी, राजकुमार के पारिवारिक सदस्य मनोज चांदवाड का कहना है कि, राजकुमार जी सिर्फ नाम से ही राजकुमार नहीं थे, दुनिया से जाने के बाद भी उनके नेत्रदान और देहदान जैसे सदकार्यों से वह सदा राजकुमार की तरह ही जाने जा सकेंगे। इसी क्रम में शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा परिवार के सभी सदस्यों के बीच दोनों बेटों भागचंद,दिलीप, बेटी कविता जैन, भतीजे संजय पांडे जी और बच्चों को नेत्रदान–देहदान के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन, रामगंजमंडी शाखा के ज्योति–मित्र संजय विजावत ने बताया कि,6 वर्ष पूर्व बाजार नंबर एक निवासी श्रीमति कंचन जैन का भी देवलोक गमन के उपरांत उनके पति गुलाब चंद जी और बच्चों ने इंदौर में उनका देहदान संपन्न कराया था। इस तरह से यह रामगंजमंडी क्षेत्र से दूसरा देहदान है।

---

# सरकारी पशु चिकित्सालय में कार्यरत एलएसए का पूरा परिवार लगा है पशु पक्षियों की सेवा में


**पशु पक्षी प्रेमी एलएसए गोविंद भारद्वाज और उनका परिवार हिरण के बच्चे को दूध पिलाते हुए।**

- **अबतक 23 हजार बेजुबान पशु पक्षियों का इलाज कर जान बचाई**
- **129 बिन मां के बच्चों को अपने हाथों से दूध पिलाकर पाला**

**नारायणपुर,** (निसं)। पशु चिकित्सालय में एलएसए पद पर कार्यरत गोविन्द भारद्वाज और उनका परिवार पर्यावरण व पशु पक्षियों की सेवा में लगे है अब लोग उनका उदाहरण देने लगे हैं। पावटा के पास गांव भाकरी में रहने वाले गोविंद भारद्वाज और उनका परिवार अब तक करीब 23 हजार गाय, मोर, बंदर, नीलगाय जैसे घायल पक्षियों का इलाज कर उन्हें ठीक कर चुके हैं। इसके अलावा 129 नवजात पशु पक्षियों को अपने हाथों से दूध पिला कर पालन पोषण कर चुके हैं जिनकी मां की जन्म के दौरान मृत्यु हो गई। गोविंद कहते है कि भगवान ने मनुष्य और पशु पक्षियों को एक दूसरे के लिए बनाया है।

वन्य जीवों से ही हमारा पर्यावरण रोज सुबह से शाम तक गुजांयमान रहता है। गोविन्द कोटपुतली, पावटा, शाहपुरा, विराटनगर, थानागाजी, नारायणपुर, बानसूर आदि तहसीलों में दिन–रात सेवा में लगे रहते हैं। बीमार घायल पशु पक्षी की सूचना मिलने पर वो ना रात देखते हैं ना दिन बस यही प्रयास करते हैं कि जल्द से जल्द पहुंचे। भारद्वाज ने अब तक 19393 गाय, 1567 नील गाय, 1460 मोर, 1 जरख, 105 बन्दर, 36 लंगूर, 2 गीदड, 2 लोमडी और 500 से अधिक छोटे परिन्दो का उपचार कर उनके जीवन को बचा चुके है। इस पुनीत कार्य में बडे भाई डॉ.गौरीशंकर शर्मा छात्र मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा जीवो को बचाने में पूरा सहयोग देते हैं। गोविंद भारद्वाज बताते हैं कि बचपन में ही उनकी माता जी का देहांत होने पर मां की सेवा करने का सौभाग्य नहीं मिल सका इसलिए वह गौ माता को और बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा को मां की सेवा मानकर कर रहे हैं।

---

# दो साल बाद फिर शुरू हुई हज यात्रा


**झुंझुनूं से जाने वाले हज यात्रियों का स्वागत किया व टीके लगाए।**

**झुंझुनू।** दो साल बाद इस बार फिर से हज यात्रा शुरू हुई है। कोरोना के चलते दो साल तक हज यात्रा नहीं हो पाई थी। इस बार राजस्थान से 2300 के करीब मुस्लिम महिलाएं और पुरुष हज के मुकद्दस सफर के लिए 12, 13 व 14 जून को दिल्ली से रवाना होंगे। झुंझुनूं से जाने वाले हज यात्रियों को शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया व टीके लगाए गए। इस मौके पर राज्य हज कमेटी के सदस्य रियाज फारूकी मौजूद रहे। झुंझुनूं के हजरत कमरुद्दीन शाह दरगाह में हज पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण किया गया तथा हज के बारे में बरती जाने वाली संपूर्ण सावधानियां तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस मौके पर दरगाह के गद्दीनशीन एजाज नबी तथा पूर्व सभापति खालिद हुसैन भी मौजूद रहे। राज्य हज कमेटी के सदस्य रियाज़ फारुकी ने बताया कि झुंझुनूं जिले से 36 जायरीन हज के जाएंगे। जिनमें 16 पुरुष तथा बीस महिलाएं शामिल है। जिन्हें 72 घंटे पहले तुर्कमान गेट दिल्ली पहुंचना होगा। वहीं पर इनका आरटीपीसीआर होगा। झुंझुनूं के यात्री 13 जून को दिल्ली से रवाना होंगे। फारुकी ने बताया कि राजस्थान से जाने वालों का 12, 13 व 14 जून को फ्लाइट है। जिनमें झुंझुनूं के यात्री 13 जून को मुकद्दस सफर पर रवाना होंगे। इसी तरह पूरे प्रदेश में टीकाकरण व प्रशिक्षण के कार्यक्रम जारी है। जिनमें झुंझुनूं में आज संपन्न हुआ। सीकर में 5 जून को तथा चुरू में 6 जून को आयोजित होगा। इस अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन एजाज नबी की अध्यक्षता तथा पूर्व सभापति खालिद हुसैन के आतिथ्य में अब्दुल रशीद खोकर, मोहम्मद आफसीन, सज्जाद हैदर ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर इनका शानदार स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर हज कमेटी की तरफ से हज पर जाने वाले यात्रियों को बैगेज भी वितरित किए गए।

---

## राशिफल रविवार 5 जून, 2022


पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, आश्लेषा नक्षत्र रात्रि 12:25 तक, व्याघात योग रात्रि 4:48 तक, कौलव करण सांय 5:46 तक, चन्द्रमा रात्रि 12:25 से सिंह राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–मीन, बुध–वृष, गुरू–मीन, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज रवियोग रात्रि 12:55 तक है। यमघट योग रात्रि 12:25 से सूर्योदय तक है। आज विन्धय वासिनी पूजा, जामित्री षष्ठि है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:19 से 9:01 तक, लाभ–अमृत 9:01 से 12:25 तक, शुभ 2:07 से 3:49 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:14



**मेष**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।



**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये–पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**मिथुन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यक्तिगत कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।


**कर्क**
आज शुभ–मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिलेगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**सिंह**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और वाद–विवाद बढ़ने का भय बना रहेगा।



**कन्या**
अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**तुला**
महत्वपूर्ण और अति आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।


**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।


**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।


**मकर**
परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।


**कुंभ**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिनचर्या में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।


**मीन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**That Man Lt Gen JFR JACOB**

I did pressurise him but I didn't say I would hand him over to the Mukti Bahini for them to be massacred. I said I would not be responsible. In fact, in the Hamidur Rehman report, he stated that Jacob never said so.

**TRAVEL: Amazing Natural Phenomena**

# बढ़ते संकट के बीच मुख्यमंत्री ने टाला उदयपुर जाने का कार्यक्रम

## कांग्रेस के लिए समस्या बना जी-6 ग्रुप, बाड़ाबंदी से बना रखी है दूरी

जयपुर, 4 जून (का.प्र.)। राज्यसभा चुनाव की मतदान तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे ही कांग्रेस के भीतर दबाव बनता जा रहा है। बसपा से कांग्रेस में विधायक अपनी अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जता रहे हैं, वहीं बहुजन समाज पार्टी ने कांग्रेस में आए छह विधायकों को व्हिप जारी कर निर्दलीय सुभाष चंद्रा को वोट देने के निर्देश दिए। विधायकों की लगातार चल रही नाराजगी के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर जाने का शनिवार का कार्यक्रम टाल दिया। उधर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई विधायक उदयपुर पहुंच गए हैं। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी समस्या बसपा से आए पांच विधायक पैदा कर रहे हैं। ये उदयपुर से दूरी बनाए हुए हैं और सरकार के खिलाफ खुलकर नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। इन्हीं के साथ में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने भी मोर्चा खोल रखा है।

इस बीच बसपा के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने 6 विधायकों को व्हिप जारी करते हुए उसमें लिखा है कि आप बहुजन समाज पार्टी के चुनाव चिह्न पर विधानसभा का चुनाव जीते थे, इसलिए पार्टी व्हिप के अनुसार काम करने के लिए बाध्य हैं। राज्यसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवारों का विरोध करने का फैसला किया है। इसके अनुसार बसपा कांग्रेस और भाजपा की नीतियों का विरोध करती है। अतः पार्टी के विधायक अपना वोट निर्दलीय उम्मीदवार को ही देंगे। व्हिप में चेतावनी देते हुए लिखा है कि सभी छहों विधायक कांग्रेस-बीजेपी उम्मीदवारों को वोट नहीं दें, केवल निर्दलीय विधायक को ही वोट दें। ऐसा नहीं करने पर व्हिप का उल्लंघन माना जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **दूसरी ओर बसपा ने भी व्हिप जारी कर 6 विधायकों से निर्दलीय को वोट देने के लिए कहा।**
- **डोटासरा पांच अन्य विधायकों के साथ पहुंचे बाड़ाबंदी में।**

हालांकि कानूनी जानकारों के अनुसार बसपा के इस व्हिप का कानूनी औचित्य नहीं है क्योंकि राजस्थान में विधानसभा अध्यक्ष ने बसपा से कांग्रेस में विलय करने वाले सभी विधायकों को कांग्रेस का मानते हुए रिकॉर्ड में लिया है इसलिए तकनीकी रूप से इस व्हिप का कोई मतलब नहीं है, लेकिन क्योंकि इन 6 विधायकों का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है और सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला देता है, तभी इस व्हिप का मतलब माना जाएगा।

दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव के बाद राजस्थान में कोई अवसर नहीं देखकर कांग्रेस विधायकों की राज्यसभा चुनावों से पहले नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। वादे पूरे नहीं होने और अटके हुए कामों के चलते कई विधायक नाराज हैं। पता चला है कि 15 से ज्यादा विधायक नाराज है।

कांग्रेस की प्रमुख समस्या यह है कि राजेन्द्र गुढ़ा के नेतृत्व में बसपा से आए 5 विधायकों सहित अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक खिलाड़ी बैरवा ने नया ग्रुप बना लिया है। ग्रुप में बसपा से कांग्रेस में आए संदीप यादव, लाखन सिंह मीणा, वाजिब अली, कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा व खिलाड़ी लाल बैरवा हैं। इन नेताओं ने कहा- उनके साथ न्याय नहीं हुआ। नाराज विधायकों ने अफसरशाही पर काम अटकाने का आरोप लगाया है। मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा लंबित काम नहीं होने के लेकर कई बार अपनी नाराजगी जता चुके हैं। वाजिब अली भरतपुर जिले में कामां-पहाड़ी क्षेत्र में अवैध खनन और घटिया क्वालिटी की सड़कें बनाने का मामला लगातार उठाते रहे।



*जोधपुर की 403 वर्ष पुरानी प्रसिद्ध तापी बावड़ी को फिर से संवारा जायेगा। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि, "हमारी, पूरे देश में जलीय स्रोतों की धरोहरों को संवारने -संजोने की योजना है और इसकी शुरुआत जोधपुर शहर की ऐतिहासिक बावड़ी से की जा रही है।"*

# 403 वर्ष पुरानी तापी बावड़ी को नए सिरे से संवारा जाएगा जोधपुर में

जोधपुर, 4 जून (कासं)। बरसों तक अपने मीठे पानी से लोगों के हलक तर करने वाली जोधपुर शहर की तापी बावड़ी का अब पुनरूद्धार होगा। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के प्रयास से 403 वर्ष पुरानी तापी बावड़ी को अमृत सरोवर योजना के तहत नए सिरे से संवारा जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी के आतिथ्य में तापी बावड़ी के पुनरुद्धार कार्यक्रम का हवन यज्ञ की पूर्णाहूति के साथ शुभारंभ किया गया।

केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में जलाशयों, एनिकट का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पुरातन काल के जलाशयों, बावड़ियों का पुरूद्धार किया जा रहा है।

दिल्ली में अति आवश्यक मीटिंग के कारण केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान जोधपुर के ऐतिहासिक जलाशय,कुएं बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसकी शुरुआत आज अपने शहर से की गई है। विश्वराज समूह लखानी परिवार और एबीएमएम माहेश्वरी रिलीफ फाउंडेशन मुम्बई के सहयोग से तापी बावड़ी का पुनरूद्धार किया जा रहा है।

- **केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा कि, आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जोधपुर के ऐतिहासिक जलाशय, कुएं, बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसकी शुरूआत आज अपने शहर से की गई है।**
- **तापी बावड़ी का निर्माण 2 नवंबर 1618 को जोधपुर रियासत के दीवान वीर गिरधरजी व्यास के छोटे भाई नाथोजी व्यास ने अपने पिता तापोजी की स्मृति में कराया था। जब बावड़ी का निर्माण हुआ, तब यह छह खंड (करीब 250 फीट) लंबी और छह खंड गहरी थी। इसकी बाहर से चौड़ाई 40 फीट है।**

-403 बरस पुरानी है तापी बावड़ी:-तापी बावड़ी का निर्माण 2 नवबंर 1618 को जोधपुर रियासत के दीवान वीर गिरधरजी व्यास के छोटे भाई नाथोजी व्यास ने अपने पिता तापोजी की स्मृति में कराया था। जब बावड़ी का निर्माण हुआ, तब यह छह खंड (करीब 250 फीट) लंबी और छह खंड गहरी थी। इसकी बाहर से चौड़ाई 40 फीट है। इतिहासकारों के अनुसार यह साठ करीब 360 फीट है। तापी बावड़ी के निर्माण में चार वर्ष का समय और 71 हजार एक रुपया खर्च आया था। जब तापी बावड़ी का निर्माण हुआ था, तब इसे देखने के लिए लोगों में बड़ा उत्साह था।

तापी बावड़ी भव्य और कलात्मक है। इसमें कई बरामदे और दरवाजे हैं। लगभग पांच मंजिला बावड़ी के सुंदर खंभों पर भव्य दरवाजे हैं। बावड़ी में अनेक कलात्मक पोलें बनी हैं। इन पोलों की छतों के अंदर के भाग में बहुत ही कलात्मक कार्य हुआ है। तापी बावड़ी का पानी स्वच्छ और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुभाष चन्द्रा की जीत की रणनीति

जयपुर, 4 जून (का.सं.)। राज्यसभा चुनाव की 4 सीटों को लेकर 10 जून को होने वाले मतदान को लेकर भाजपा और कांग्रेस अपने अपने विधायकों को लेकर रणनीति बना रही है। वहीं इसके साथ ही निर्दलीय विधायकों को अपने समर्थन में जुटाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसी को लेकर शनिवार शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में राज्यसभा चुनाव के प्रत्याशी घनश्याम तिवाड़ी व दूसरे प्रत्याशी सुभाष चंद्रा के साथ भी चर्चा की गई। निर्दलीय विधायकों पर चर्चा की गई कि ज्यादा से ज्यादा निर्दलीय विधायकों को अपने पक्ष में लाकर राज्यसभा चुनाव के लिए सुभाष चंद्रा को विजयी बनाएं। बैठक में भाजपा के विधायकों के प्रशिक्षण शिविर और रविवार को बुलाई गई विधायक दल की बैठक को लेकर भी चर्चा की गई। बताया

- **भाजपा नेताओं ने इस निर्दलीय, परंतु भाजपा समर्थित उम्मीदवार को जिताने के लिये भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंथन किया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने आसाम के मु.मंत्री हिमन्ता बिस्वा पर भ्रष्टाचार का "गंभीर" आरोप लगाया

## आरोप है कि, हिमन्ता बिस्वा सरमा के आसाम के स्वास्थ्य मंत्री काल में सरकार ने उनकी पत्नी, पुत्र व सहयोगियों से बढ़े दामों पर पी.पी.ई. किट खरीदे

-श्रीनन्द झा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जून। असम की भाजपा सरकार इन आरोपों के बाद विवादों में घिर गई है कि, 2020 में, जब करोना वायरस महामारी अपने चरम पर थी, उस समय मुख्यमंत्री हिमन्ता बिस्वा सरमा के परिवार के सदस्यों ने कथित रूप से पी.पी.ई. किट की सप्लाई में गलत तौर तरीके अपनाए थे। यह आरोप दो मीडिया प्रतिष्ठानों द्वारा संयुक्त जाँच के बाद लगाया गया है। इन प्रतिष्ठानों के नाम हैं- नई दिल्ली स्थित "द वायर" तथा गुवाहाटी का "क्रॉस करैन्ट्स।"

चूँकि, चन्द रोज पहले ही दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन पर ई.डी. ने छापा मारा था, इसलिये आप नेता तथा दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने असम के मुख्यमंत्री पर यह आरोप लगाने का अवसर हाथ से नहीं जाने दिया कि, उन्होंने अपनी पत्नी एवं बेटे के व्यवसाय-पार्टनरों को ऊँची दरों पर पी.पी.ई. किट्स की सप्लाई का ठेका दिलाया। सिसोदिया ने कहा, "भाजपा भ्रष्टाचार की बात करती है तथा विपक्षी दलों के सदस्यों पर निराधार आरोप लगा रही है। मैं भाजपा से पूछना चाहता हूँ कि वह असम के मामले को भ्रष्ट आचरण एवं कार्य मानती है अथवा नहीं।"

कांग्रेस, रायजोर दल और असम जातीय परिषद सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों ने इस मामले में ई.डी., सी.बी.आई. और अन्य केन्द्रीय एजेंसियों से एक उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

असम के मुख्यमंत्री ने इस आरोप का खण्डन करते हुए सिसोदिया के विरूद्ध आपराधिक मान हानि का एक मुकदमा दायर करने की धमकी दी है। असम के मुख्यमंत्री ने यह कहते हुए सिसोदिया पर पलटवार किया कि,

- **हिमन्ता बिस्वा सरमा ने सिसोदिया पर मान हानि का दावा करने की धमकी दी और कहा कि, उनकी पत्नी या उनके सहयोगियों ने एक पैसा नहीं लिया राज्य सरकार से, बल्कि उनकी पत्नी ने 1500 पी.पी.ई. किट "फ्री" राज्य सरकार को दिये।**
- **सिसोदिया ने जानी-मानी वैबसाइट द वायर व गौहाटी की न्यूज एजेन्सी क्रॉस करन्ट में प्रकाशित खबर को अपने आरोपों का आधार बनाया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिन दहाड़े अपहरण

उदयपुर, 4 जून (कासं)। शहर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में स्थित कोर्ट चौराहा के समीप शनिवार को दो कारों में आए बदमाश अलग-अलग कारों में युवक-युवती का अपहरण कर ले गए। अपहरण किस बात को लेकर हुआ व घटना क्या है, इसका पूरी तरह से अभी खुलासा नहीं हो पाया है। इधर, पुलिस अपहर्ताओं की तलाश में जुट गई है।

- **उदयपुर में दो अलग-अलग कारों में एक साथ बातचीत कर रहे युवक-युवती का अपहरण हुआ।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिणी सुन्दरवास प्रतापनगर निवासी नवीन कुमार पुत्र गिरधारीलाल सालवी ने भूपालपुरा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 4 जून सवेरे वह गिर्वा तहसील के बाहर अर्जुन मेडिकल स्टोर के सामने दुकान पर चाय पी रहा था। वहां एक लड़का व लड़की भी मौजूद थे। इसी दौरान दो कारें आई जिनमें सवार करीब पांच छह लड़के नीचे उतरे तथा लड़के के साथ मारपीट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'इकहत्तर प्रतिशत भारतीय नागरिक "हैल्दी डाइट" नहीं खा पाते'

## सैन्टर फॉर साइन्स एण्ड एन्वायरमैंट द्वारा संग्रहित आंकड़ों की पुस्तिका में यह चौंकाने वाला तथ्य उजागर हुआ

-डॉ. सतीश मिश्रा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जून। अस्वास्थ्यकर आहार के कारण प्रतिवर्ष सत्रह लाख से अधिक भारतीयों की मौत होती है। इससे आहार विषयक रिस्क फैक्टर्स बढ़ते हैं। जैसे अनहैल्दी डाइट से वजन में अनावश्यक बढ़ोतरी होती है या अनपेक्षित तरीके से घटता है। स्टेट ऑफ इण्डियाज़ एनवायरमैंट 2022 की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

सैंटर फॉर साइन्स एण्ड एनवायरमैंट एवं डाउन टु अर्थ मैग़जीन द्वारा प्रकाशित स्टेट ऑफ इण्डियाज़ एनवायरमैंट 2022 की रिपोर्ट कहती है कि, इससे होने वाली बीमारियों में श्वसन तंत्र संबंधी, डायबिटीज़, कैंसर, आघात व कॉरोनरी हार्ट डिज़ीज़ मुख्य हैं।

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अस्वास्थ्यकर डाइट का मतलब है, ऐसी डाइट जिसमें फल, सब्जियां और साबुत अनाजों की कमी है। इनमें हाई प्रोसैस्ड मीट, रैड मीट, मीठे पेय पदार्थ भी शामिल हैं। वेट लैवल्स की जो बात है, उसका तात्पर्य इस बात से है कि, व्यक्ति कम वजन वाला, अधिक वजन वाला अथवा मोटा है।

रिपोर्ट में ध्यान दिलाया गया है कि विश्व की 42 प्रतिशत आबादी हैल्दी डाइट का खर्चा वहन नहीं कर सकती और भारत के लिए यह आंकड़ा काफी बड़ा, 71 प्रतिशत है। इसमें सुझाया गया है कि, एक औसत भारतीय के भोजन में फल, सब्जियां, फलियां, साबुत अनाज और बादाम आदि की पर्याप्त मात्रा नहीं होती।

फूड सिस्टम्स और पद्धतियाँ पर्यावरण पर प्रभाव डालती हैं। रिपोर्ट के अनुसार दूध का उत्पादन जहां भारत के अधिकांश ग्रीन हाउस उत्सर्जनों और भू उपयोग के लिए जिम्मेवार है, वहीं अनाजों के उत्पादन में ताजा पानी, नाइट्रोजन और फ़ॉस्फोरस का सर्वाधिक उपयोग होता है।

रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों की कीमतों का विश्लेषण भी किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि कंज़्यूमर फूड प्राइस इण्डैक्स (सी.एफ.पी.आई.) के हिसाब से पिछले वर्ष मंहगाई में 327 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जबकि कंज़्यूमर प्राइस इण्डैक्स (सी.पी.आई.), जिसमें सी.एफ.पी.आई. भी शामिल है, में 84 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

"डाउन टु अर्थ" मैगज़ीन के मैनेजिंक एडिटर रिचर्ड महापात्रा कहते हैं, "खाद्य-पदार्थ सी.पी.आई. को ऊँचाई पर ले जाने वाला बहुत बड़ा कारक/परिवाहक प्रतीत होता है। खाद्य-मँहगाई के वर्तमान उच्च स्तर का कारण रहे हैं- उत्पादन की बढ़ती हुई लागत, फसलों के मूल्यों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई वृद्धि तथा मौसम संबंधी अत्यधिक विघ्न-बाधाएं। वस्तुतः, सी.आर.आई.एस.आई.एल. डेटा का विश्लेषण दर्शाता है कि, मार्च-अप्रैल 2022 में, खाद्य-पदार्थों की कीमतें शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा गति से तथा ज्यादा मात्रा में बढ़ी हैं।"

रिपोर्ट आगे कहती है कि, कुछ बेहतरी के बावजूद, आहार और अधिक स्वास्थ्यवर्द्धक नहीं हो रहा है। इसके साथ-साथ, पर्यावरण से की जा रही माँगें बढ़ती जा रही हैं, जबकि कुपोषण के अस्वीकार्य स्तर तो देश में बने ही हुये हैं। हमारे वर्तमान के प्रक्षेप-पथ (ट्रैजेक्ट्री) को जारी रखने की उच्च मानवीय, पर्यावरणीय तथा आर्थिक लागत/कीमत इतनी अधिक है कि हमें इसकी बहुत ऊँची कीमत चुकानी पड़ेगी, कोई भी कार्यवाही न करना हमें बहुत मँहगा पड़ेगा। वैश्विक खाद्य तंत्र,

- **पुस्तिका के अनुसार विश्व में जनसंख्या के 42 प्रतिशत लोग, "हैल्दी डाइट" नहीं खा पाते, परन्तु भारत में यह आंकड़ा 71 प्रतिशत है।**
- **पुस्तिका में तुलनात्मक उपभोक्ता फूड प्राइस इन्डैक्स भी प्रकाशित किया गया है, जिसके अनुसार फूड प्राइस इन्डैक्स महंगाई 327 प्रतिशत बढ़ी है गत वर्ष में। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की महंगाई में ज्यादा बढ़ोतरी हुई है, शहरी क्षेत्रों की तुलना में।**
- **अनहैल्दी डाइट से वजन में अनावश्यक बढ़ोतरी होती है या अनपेक्षित तरीके से घटता है, जिससे सांस की बीमारी, डायबिटीज़, कैंसर, लकवा तथा हृदय रोग की संभावना में बढ़ोतरी होती है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 82 वर्षीय वृद्धा से दुष्कर्म के प्रयास के बाद हत्या

डूंगरपुर, 4 जून (निसं)। कुंआ थाना क्षेत्र के बावडी गांव में एक युवक ने अपनी पड़ोसी एक 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला से जबरदस्ती की कोशिश की। विरोध करने पर उसने महिला के प्राइवेट पार्ट में हाथ घुसा दिया और वहीं चाकू से कई वार कर फरार हो गया। बाद में वृद्धा ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

- **डूंगरपुर में कुंआ थाना क्षेत्र के बावड़ी गांव में पड़ोसी गांव का एक युवक घर में घुस आया और जब वृद्धा ने विरोध किया तो चाकुओं से गोदकर वृद्धा की हत्या कर दी।**

कुंआ थानाधिकारी ने बताया की बावडी निवासी वसुंधरा पिता राजेन्द्र बामणिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया कि उसके दादा-दादी कावुडी बावडी गांव में अलग घर में रहते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी अधिक हुई शनिवार को

## राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 117 मरीज ठीक हुए, जबकि 43 नए संक्रमित मिले हैं

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को नए करोना संक्रमितों के मुकाबले में रिकवरी अधिक हुई है। इस दौरान राज्य में 117 मरीज ठीक हुए है, जबकि 43 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं एक्टिव केस घटकर 411 रह गए हैं।

- **राजधानी जयपुर में थोड़ी वृद्धि के बाद 27 नए रोगी मिले हैं।**
- **प्रदेश में रिकवरी बेहतर होने से एक्टिव केस घटकर 411 रह गए हैं।**

प्रदेश में शनिवार को रिकवरी में सुधार हुआ है। इस दौरान 14 जिलों में 117 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 12 लाख 75 हजार 996 लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। प्रदेश में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 411 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी पिछले चौबीस घंटों में 62 मरीजों के ठीक होने से 235 एक्टिव केस रह गए हैं।

उधर राज्य में आज थोड़ी वृद्धि के बाद 43 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले 32 रोगी पाए गए थे। राजधानी जयपुर में भी आज नए संक्रमितों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान जिले में 27 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा अलवर व उदयपुर में 3-3, सीकर, नागौर व चूरू में 2-2 तथा अजमेर, बारां, बीकानेर और जोधपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 23 जिलों बांसवाड़ा, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9557 संक्रमितों की मृत्यु हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में शनिवार को 20 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें बनीपार्क, गुर्जर की थड़ी, मालवीय नगर, मानसरोवर, प्रताप नगर, राजापार्क व सांगानेर में 2-2 तथा अजमेर रोड, बजाज नगर, बापू नगर, दुर्गापुरा, गांधी नगर, हीरापुरा, जमवारामगढ़, जौहरी बाजार, कोटपुतली, निर्माण नगर, सोडाला, तूंगा और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# जेकेके में नाटक गुलिवर्स ट्रैवल और फ्लाइंग फ्लावर्स का लिया आनंद

**जयपुर,** (का.सं.)। जवाहर कला केंद्र (जेकेके) के रंगयान में शनिवार को पपेटशाला आर्ट्स ग्रुप द्वारा नाटक गुलिवर्स ट्रैवल्स और फ्लाइंग फ्लावर्स प्रस्तुत किया गया। दोनों नाटकों का मंचन सुबह चिल्ड्रंस थियेटर वर्कशॉप के प्रतिभागियों के लिए और शाम को आम जनता के लिए किया गया। नाटक बेहद ही इन्ट्रैक्टिव और मनोरंजक थे। थियेटर वर्कशॉप के बच्चों ने नाटकों का खूब आनंद लिया और ठहाके लगाए। दोनों नाटक, गुलिवर्स ट्रैवल और फ्लाइंग फ्लावर्स का निर्देशन और डिजाइन मोहम्मद शमीम द्वारा किया गया था।

गुलिवर्स ट्रैवल स्वतंत्रता, दृढ़ संकल्प, ताकत, साजिश, करुणा, दोस्ती और स्वीकृति की कहानी है। यह कोई प्रेम कहानी नहीं बल्कि प्रेम की कहानी थी। गुलिवर एक समुद्री तूफान से बहकर लिलिपुट की भूमि के तट पर पहुंच जाता है। उसे लिलिपुट्स पकड़ लेते हैं। वह एक कैदी बन जाता है, लेकिन विशाल होने की शक्ति के बावजूद, वह लिलिपुट्स का पोषण करता है। वह अपनी स्वतंत्रता के लिए बातचीत करता है। हालांकि उसे मारने की साजिश रची जाती है, पर वह बच निकलता है और सच्ची मित्रता की तलाश जारी रखता है और प्रेम की अपनी शक्ति को हल्के में नहीं लेते हुए, अपने सच्चे मित्रों को प्रदान करता है। पपेट डिजाइन और मेकिंग का कार्य शमीम और नीतू कुमारी ने किया था। स्क्रिप्ट शील, ज्योत्सना और शमीम द्वारा लिखी गई थी। इसी प्रकार से, नाटक फ्लाइंग फ्लावर्स एक गैर-मौखिक प्रस्तुति है, जिसमें एक लड़का अपने दोस्त को कुछ फूल उपहार में देना चाहता है और फूल उसे हास्यपूर्ण घटनाओं और झगड़ों के माध्यम से एक यात्रा पर ले जाते हैं। स्टेज पर अविनाश कुमार, शील, मोहम्मद शमीम, कुमाई यादव, उमेश कुमार और प्रदीप कुमार थे।

# निगम यूजर चार्ज और यूडी टैक्स वसूलता है तो बंदरों के काटने की घटनाएं कैसे हो रही हैं?

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय, जयपुर जिला ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि नगर निगम की ओर से शहर वासियों से यूजर चार्ज और यूडी टैक्स आदि के रूप में शुल्क की वसूली की जाती है। इस राशि का उपयोग नगर निगम आवारा पशुओं को नियंत्रित करने और विकास कार्यों में करता है, लेकिन ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि उन्होंने आवारा पशुओं को पड़ने के लिए कोई कार्रवाई की हो। निगम की लापरवाही के कारण बंदरों के आतंक के चलते एक पन्द्रह साल की बालिका की मौत हुई है। इसके साथ ही अदालत ने नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लालकोठी और मानसरोवर जोन उपायुक्त पर चार लाख 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने यह आदेश कमलेश कुमार व अन्य की ओर से दायर क्षतिपूर्ति दावे पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **अदालत ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की**

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नगर निगम स्वायत्तशासी संस्था है। निगम का विधिक और नैतिक दायित्व है कि वह आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करे, जिसके चलते कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

दावे में कहा गया कि मानसरोवर स्थित स्वर्णपथ और आसपास की कॉलोनियों के निवासी बंदरों के आतंक से परेशान हैं। आवारा बंदर आए दिन लोगों को काटते हैं और घरों में घुसकर सामान को नुकसान पहुंचाते हैं। उनकी पन्द्रह साल की बेटी याशिका सोनी 18 नवंबर 2014 को छत से सूखे कपड़े लेने गई थी। छत पर बंदरों के झुंड ने याशिका को घेर लिया और जगह-जगह काटकर घायल कर दिया। बंदरों से बचने के लिए बच्ची छत पर दौड़ी, लेकिन बंदरों ने उस पर हमला जारी रखा। इस दौरान दूसरी मंजिल से गिरने के चलते उसकी 23 नवंबर को मौत हो गई।

# पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

**जयपुर,** (का.सं.)। पर्यटन निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा, संयुक्त निदेशक राजेश शर्मा, पीडीसीओआर लिमिटेड के प्रतिनिधि महेश शर्मा ने शनिवार को दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सहयोग से केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा सतत एवं पर्यटन स्थलों और जिम्मेदार यात्री अभियान के विकास पर आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। शिखर सम्मेलन में स्थायी पर्यटन के लिए राष्ट्रीय रणनीति के साथ-साथ स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के लिए नए दिशा-निर्देशों की शुरुआत की गई। साथ ही सम्मेलन में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने, जैव विविधता की रक्षा करने, आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा देने, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता को बढ़ावा देने, आईईसी और क्षमता निर्माण आदि को बढ़ावा देने के उपायों और तरीकों पर चर्चा की गई। केंद्रीय पर्यटन विभाग के सचिव, यूएनईपी के निदेशक, आरटीएसओआई के अध्यक्ष ने शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।

# जयपुर में बैले और लैटिन डांस की शानदार प्रस्तुति

**जयपुर,** (का.सं.)। बैले एक्सपोज़े के 7वें संस्करण का आयोजन शनिवार शाम को जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में किया गया। इस वर्ष, बैले एक्सपोज़े की थीम नेचर नरचर्स आर्ट थी, जिसका अर्थ है कि प्रकृति रचनात्मकता को कैसे प्रेरित करती है और हमारे शरीर के मूवमेंट से किस खूबसूरती से व्यक्त की जाती है। कार्यक्रम में 5 से 45 वर्ष की आयु के करीब 50 प्रतिभागियों ने ऑथेंटिक लैटिन, शास्त्रीय और बॉलीवुड ट्यून्स पर बैले और सालसा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन स्ट्राइप्स इंक. द्वारा मुस्कान के सहयोग से किया गया था, जो प्रभा खेतान फाउंडेशन के साथ एजुकेशन फॉर ऑल ट्रस्ट की एक संयुक्त पहल है। इस अवसर पर स्ट्राइप्स इंक. की संस्थापक अदिति एस मानसिंगका; स्टूडेंट प्रोग्राम एडवाइजर, प्रभा खेतान फाउंडेशन, सुमित्रा रे और ओनेनरी कन्वीनर ऑफ राजस्थान एंड सेंट्रल इंडिया अफेयर्स ऑफ प्रभा खेतान फाउंडेशन, अपरा कुच्छल उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम की शुरूआत वंदना के साथ हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने विभिन्न थीम्स जैसे पीकॉक थीम, रेनबो, रोमेंटिक, आदि पर मन मोह लेने वाली प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा ऑथेंटिक लैटिन और बॉलीवुड ट्यून्स जैसे खो गए, मोआना, एनकैंटो, रीबॉर्न, क्लाइंब और मारिया आदि पर भी परफॉर्मेंस हुई।

यह शो युवा लड़कियों और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत सुंदर रूसी बैले पर केंद्रित था। यह अपनी तरह की अनूठी बैले, बॉलरूम और लैटिन डांस प्रस्तुति थी, जहां प्रतिभागियों ने ऑथेनटिक लैटिन संगीत और शास्त्रीय बैले संगीत पर नृत्य किया।

इसके साथ ही एक अनोखा बैले और भरतनाट्यम फ्यूजन डांस सीक्वेंस भी आयोजित हुआ। बैले एक्सपोज़े का उद्देश्य बैले को एक नृत्य रूप में बढ़ावा देना और जनता के बीच पहचान दिलाना है। इसका उद्देश्य बच्चों और वयस्कों के दिमाग में विशिष्टता को बढ़ावा देना और कैसे बॉक्स से बाहर निकलकर अपने दिल और आत्मा के साथ नृत्य करना है।

# वकील गोवर्धन सिंह सहित दो की जमानत अर्जी खारिज

**जयपुर,** (का.सं.)। शहर की निचली अदालत ने धमका कर दस लाख रुपए हड़पने से जुड़े मामले में वकील गोवर्धन सिंह और एक अन्य सोहेल दीक्षित की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा है कि आरोपी पर दस लाख रुपए हड़पने का गंभीर आरोप है और मामले में अभी अनुसंधान लंबित है। ऐसे में आरोपी को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर बीकानेर पुलिस ने अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर गोवर्धन सिंह का प्रोडक्शन वारंट लिया है। पुलिस अब उसे बीकानेर में दर्ज मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी।

गौरतलब है कि वैशाली नगर थाना पुलिस ने गत छह मई को गोवर्धन सिंह व सोहेल के खिलाफ रुपए हड़पने का मामला दर्ज किया था। सबसे पहले गोवर्धन सिंह को महिला आरपीएस अधिकारी से अभद्रता से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद गोवर्धन व अन्य के खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हुए हैं।

# कट ऑफ में आए अभ्यर्थी को शिक्षक पद पर नियुक्ति के आदेश

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को आदेश दिए हैं कि कट ऑफ में आए अभ्यर्थी को हिंदी शिक्षक लेवल 2 के पद पर नियुक्ति दे। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश सुनील जलथुरिया व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने 31 जुलाई 2018 को शिक्षक के चार हजार 762 पदों के लिए जारी विज्ञापन में हिंदी विषय के लिए आवेदन किया था। याचिकाकर्ता के अंक भर्ती की कट ऑफ के बराबर आए थे, लेकिन इसके बावजूद भी उसे यह कहते हुए नियुक्ति नहीं दी गई कि प्रकरण में हाईकोर्ट की मुख्यपीठ में मामला विचाराधीन है। याचिका में कहा गया कि मुख्यपीठ में लंबित याचिका निस्तारित हो चुकी है।

ऐसे में याचिकाकर्ता के कट ऑफ में होने के कारण उसे नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिका कर्ता को नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं।

# नवीन उप तहसील जालूकी, खरैरी, गोपालगढ़ तथा खोह का सृजन

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर जिले के जालूकी, खरैरी, गोपालगढ़ तथा खोह को नवीन उप तहसील बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

गहलोत के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यों के निस्तारण में सुगमता होगी। नवीन उप तहसील जालूकी में 2 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 8 पटवार मण्डल तथा 29 राजस्व ग्राम, नवीन उप तहसील खरैरी में 3 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 12 पटवार मण्डल तथा 50 राजस्व ग्राम, शामिल होना प्रस्तावित है।



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपने आवास पर मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत का स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षाविद् एवं बीजेपी नेता शिव देशवाल भी मौजूद थे।**

# गुरुकुल विवि प्रकरण में अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-8 महानगर प्रथम ने गुरुकुल विश्वविद्यालय के फर्जी निर्माण को लेकर आरोपी रणजीत सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभी तक की जांच में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज का अपराध प्रमाणित पाया गया है। प्रकरण में विस्तृत अनुसंधान किया जाना है। ऐसे में आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि प्रार्थी को प्रकरण में जबरन फंसाया जा रहा है। उस पर जमीन नहीं होने या फर्जी दस्तावेज पेश करने का आरोप भी नहीं है। प्रकरण में सिर्फ यह तय होना है कि यदि प्रार्थी गुरुकुल विवि की योग्यता रखता है तो उसे अनुमति प्राप्त होगी या नहीं। वहीं सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि प्रकरण में अनुसंधान लंबित है। ऐसे में उसे अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि बिना भवन बनाए कागजों में गुरुकुल विश्वविद्यालय बनाने का मामला सामने आने पर विधानसभा से इस संबंध में पारित एक्ट को वापस लिया गया था। वहीं संभागीय आयुक्त की जांच रिपोर्ट के आधार पर गत 19 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था। मामले में प्रोफेसर अमेरिका सिंह सहित अन्य भी आरोपी हैं।

# रिटायर्ड तकनीकी कर्मचारी को मासिक पेंशन नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बिजली कंपनी के रिटायर्ड तकनीकी कर्मचारी को मासिक पेंशन जारी नहीं करने पर श्रम सचिव, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त और जेवीवीएनएल के एमडी सहित अन्य से जवाब मांगा है। अदालत ने यह आदेश देवी सिंह मीणा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता बिजली कंपनी में तकनीकी कर्मचारी के पद से करीब आठ साल पहले रिटायर हुआ था। वह सीपीएफ का सदस्य और उसके वेतन के एक हिस्से की कटौती भविष्य निधि में भी की गई और नियोक्ता ने भी उतनी ही राशि जमा कराई। सेवानिवृत्ति के बाद उसे जमा भविष्य निधि राशि दे दी गई, लेकिन 1995 के नए नियमों के तहत उसे मासिक पेंशन नहीं दी जा रही। जबकि नियमों में प्रावधान है कि पेंशन प्रक्रिया पूरी होने के बीस दिन में कर्मचारी को मासिक पेंशन जारी की जाएगी।

# लाभार्थी महिला सम्मेलन का आयोजन

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर महिला मोर्चा द्वारा केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जयपुर शहर महिला मोर्चा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जयपुर शहर स्थित राजा पार्क राम मंदिर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम मे उपस्थित महिला मोर्चा जिला महामंत्री पिंकी अजमेरा ने बताया 8 वर्ष सेवा और सुशासन गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा सुशासन के तहत गरीब कल्याण योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सांसद रामचरण बोहरा ने कहा यह मैं इस अनूठे कार्यक्रम के लिए महिला मोर्चा का धन्यवाद देता हूं। जब महिला सजग हो जाती है तो उस देश के उत्थान को कोई नहीं रोक सकता उस देश का उत्थान निश्चित है।

### पर्यावरण शैली अपनाने का आव्हान

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस (5जून) के अवसर पर सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आव्हान किया है।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.06.2022 को दी सांगानेर को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड की आम सभा की बैठक का आयोजन कार्यालय प्लाट नम्बर 12, श्रीराम नगर कॉलोनी, सांगानेर जयपुर पर समय दोपहर 11.00 बजे किया जायेगा। इसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।
मिटिंग का एजेन्डा निम्न प्रकार होगा-
1. गत आम सभा दिनांक 29.01.2020 की कार्यवाही की पुष्टि
2. प्रबन्धक कार्यकारिणी की बैठकों की पुष्टि
3. ऑडिट वर्ष सन् 2018 से 2021 तक की ऑडिट रिर्पोटों में आक्षेपों की पूर्ति कर निस्तारण पर विचार
4. खर्चों की पुष्टि पर विचार
5. समिति के उपनियमों में संशोधन पर विचार
6. अन्य विषयों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचार
अध्यक्ष, दी सांगानेर को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड, सांगानेर, जयपुर रजि.नं.60/एल

# मशाल जुलूस निकाला

**जयपुर।** महाराणा प्रताप समारोह समिति द्वारा सिरसी रोड पुलिया से सिरसी रोड स्थित 21 नम्बर बस स्टैण्ड तक मशाल जुलूस का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें स्थानीय कॉलोनियों से सैकड़ों युवाओं ने उपस्थित होकर महाराणा प्रताप जयन्ती पर चल रहे शौर्य सप्ताह में देश प्रेम के भाव से महाराणा प्रताप के प्रति स्वयं कि श्रद्धा प्रकट की और शांतिपूर्ण तरीके से जयकारों के साथ मशाल जुलूस में भाग लिया। मशाल जुलूस में करीब 250 युवा शामिल हुए। मशाल जुलूस का आरम्भ सिरसी रोड 200 फिट बाईपास से हुआ, जो पूनम मार्केट पांच्यावाला से होते हुए सिरसी रोड़ पर स्थित 21 नम्बर बस स्टैण्ड तक पंहुच कर मशाल जुलूस कार्यक्रम का समापन हुआ।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सपना साकार हुआ : रामचरण बोहरा

**जयपुर।** सांसद रामचरण बोहरा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों 8 वर्षो में हुए केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताते हुए हुए कहा वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जो सपना था अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को उन सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सपना सफल हुआ। साथ ही नई शिक्षा नीति के आधार पर 33.7 लाख विद्यालय बनाए गए। कोविड-19 के कार्यकाल में गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 2 वर्ष में 80 करोड़ लोगों को राशन देने का कार्य किया। साथ ही वैक्सीन को पूर्व सरकारों में सालों लग जाते थे उस पर मोदी और भारत सरकार द्वारा जल्द ही देश को सुरक्षा प्रदान की। वर्षों से भारत के लोग इंतजार करते थे कि हम तारीख नहीं बताएंगे लेकिन राम मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन मोदी जी के आने पर भारत सरकार ने राम मंदिर भी बनाया। 11 करोड़ शौचालय बना कर देश को प्रगति की ओर अग्रसर किया। महिलाओं का ध्यान रखते हुए माताओं का ध्यान रखते हुए 9 करोड महिलाओं को गैस का चूल्हा सिलेंडर दिलवाकर प्रधानमंत्रीने सराहनीय कार्य किया। देश में 45 करोड़ जनधन खाते खोले गए जिससे डिजिटल इंडिया की ओर देश बड़ा साथ ही पीएम आवास योजना देश में 3.25 करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ मिला किसान सम्मान निधि के रूप में जनता को 6000 साल देकर किसानों को सम्मान दिया।




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के आठ वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी व जयपुर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया।**

वे भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 8 वर्ष कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, विधायक अशोक लाहोटी, पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी, मदन दिलावर और जिला अध्यक्ष राघव शर्मा उपस्थित रहे।

अशोक परनामी ने कहा कि मैं प्रेस वार्ता के माध्यम से अशोक गहलोत से पूछना चाहता हूं राजस्थान प्रदेश में विकास के कार्य कही नहीं चल रहा हैं। आप जनता को क्यों मूर्ख बना रहे हैं। गहलोत सरकार सिर्फ फीता काटने का काम कर रही है जिन कामों को भाजपा ने शुरू किया था उनके पूर्ण कर सरकार फीता काटने का कार्य कर रही है। कानून व्यवस्था राजस्थान की 40 महीने की सरकार में 7 लाख एफआईआर दर्ज हुई। आज राज्य में महिलाएं बच्चियां सुरक्षित नहीं है कहीं गोली चल रही है कहीं पर डकैती हो रही है पूरे राजस्थान में भय का माहौल व्याप्त है। कॉन्ग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है इनके उदाहरण आपके सामने चाहे आप अलवर की घटना ले लो चाहे आप करौली की घटना ले, से छबड़ा घटना या जोधपुर की हो या ओर कही की। साथ ही राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने केंद्र की कई योजनाओं को लागू करने से रोका। भाजपा की सरकार बनी द्रव्यवती नदी को कांग्रेस की सरकार रखरखाव भी नहीं कर सकी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुमित श्रीमाल ने बताया कार्यक्रम में संयोजक अनिल शर्मा, सह संयोजक मुकेश चौधरी, सुरेश गुर्जर और प्रदेश, जिले के पदाधिकारी सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खोया पाया

मेरे मकान 53/49, मानसरोवर जयपुर का Possession Letter, "Certificate of Handling Over of the House", Office Order Transfer Letter कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सम्पर्क करें- 9414063020

मकान सं.265/428, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का ओरिजनल मांग राशि पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क- हनुमान-9950668371

फ्लैट सं. 29/F-06 (1F) गोदावरी अपार्टमेन्ट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का ओरिजनल अलाटमेन्ट लैटर गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क- जितेन्द्र सिंह-9509812313

## नाम परिवर्तन

मैं कांता देवी पुत्री हरक चंद पत्नी मनोज कुमार जैन अपना नाम गट्टू जैन से बदलकर कांता देवी पत्नी मनोज कुमार जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता- जैन मोहल्ला, खोराबीसल, जयपुर, राजस्थान, जरिये शपथपत्र BG208957, 04.06.2022, जयपुर

मैंने अपना नाम निधि से बदलकर निधि शेखावत पुत्री श्रवन सिंह शेखावत रख लिया है। पता- 13, तारा नगर-सी, हरि नगर-बी, खिरनी फाटक, झोटवाडा, जयपुर जरिये शपथ पत्र- 04.06.2022, जयपुर

I have changed my name Rashi Sharma to Raashi Sharma residence D-12, Gali Number-19, Opposite BL Complex, Tonk Phatak, Jaipur, Rajasthan

Form No. 3 [ See Regulation-15 (1)(a) ] / 16(3)
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
1st Floor, Sudharma-II, Lal Kothi Shopping Centre, Tonk Road, Jaipur-302015
2370
20/5/22
Case No. : OA/7/2022
Summons under sub-section (4) of section 19 of Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.
**STATE BANK OF INDIA** Exh. No. 5308
**VS**
**MRS NEELAM CHOUDHARY**
To,
1. MRS NEELAM CHOUDHARY
D/W/S/O - MR SATYAVEER CHOUDHARY
A-15, SARASWATI APARTMENTS, SECTOR-18, NEAR BEHRU JI MANDIR, PRATAP NAGAR Jaipur, RAJASTHAN-302033
Also at, B-52 SAINIK COLONY SADULPUR CHURU, RAJASTHAN-331023
Also at, C/O GOVT SR SEC SCHOOL NAREDA PHAAGI JAIPUR, RAJASTHAN-303005
**SUMMONS**
WHEREAS, OA/7/2022 was listed before hon'ble Presiding Officer/Registrar on 06.05.2022.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons / notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 3558536/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted; (ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application; (iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties; (iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal; (v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 20.07.2022 at 10:30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date 20.05.2022
Seal
Registrar
Debt Recovery Tribunal, Jaipur

# सन एंड मून टॉवर में आग के बीच फंसे 8 लोगों की जान बचाई दमकलकर्मियों ने

## विद्याधर नगर स्थित बिल्डिंग के छठवें फ्लोर पर बने फ्लैट में शनिवार दोपहर लगी थी आग

**जयपुर** (कासं)। सीकर रोड पर विद्याधर नगर स्थित सन एंड मून टॉवर के सातवें फ्लोर पर बने फ्लैट में शनिवार दोपहर में आग लग गई। आग में फंसे 8 लोगों को फायर कर्मचारियों ने सुरक्षित बाहर निकाला। फायर बिग्रेड की स्पार्कल लैडर मशीन और 8 दमकलों की मदद से करीब पौने घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगना बता रही है। आग से फ्लैट में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

सीएफओ जगदीश फुलवारिया ने बताया कि सीकर रोड पर सोनी मणिपाल अस्पताल के पास सन एंड मून बिल्डिंग में आग लग गई। दोपहर करीब 11:45 पर बिल्डिंग के छठवें फ्लोर पर अपार्टमेंट के 612 नंबर के फ्लैट में आग लगी थी। स्थानीय लोगों ने फ्लैट में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने आग में फंसे 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की 8 गाड़ियों की मदद से करीब पौने घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की भीषण लपटों के साथ ही धुएं के गुब्बार से लोगों को परेशानी हुई। बिल्डिंग में आग की सूचना जैसे ही विश्वकर्मा फायर स्टेशन पर पहुंची तो चंद मिनटों में ही सीएफओ जगदीश फुलवारी और एएफओ लोकेश गोठवाल मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। सीएफओ सीढ़ियों के रास्ते ऊपर पहुंचे और फायरमैन राजकुमार, राजू, विक्रम, पुरूषोत्तम की मदद से गैस सिलेंडर को बाहर निकाला। स्पार्कल लेडर हाईड्रोलिक की मदद से एएफओ लोकेश गोठवाल ने 8 परिवारजनों को बाहर निकाला। टॉवर में हर फ्लोर पर फायर सिस्टम चालू हालात में थे,लेकिन मौके पर किसी ने भी इनको चलाने की हिम्मत तक नहीं की। इसी का परिणाम रहा की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रेटर निगम टीम रविवार को इस फायर सिस्टम की जांच करेगी, अगर यह बंद मिला तो बिल्डिंग मालिक को नोटिस दिया जायेगा।



**विद्याधर नगर स्थित सन एंड मून टॉवर में शनिवार दोपहर आग लगी। दमकलकर्मियों ने फ्लैट में फंसे लोगों को स्पार्कल लेडर हाईड्रोलिक की मदद से नीचे उतारा।**

- **सीएफओ ने फायरमैन की मदद से गैस सिलेंडर बाहर निकाला, एएफओ ने स्पार्कल लेडर हाईड्रोलिक की मदद से 8 लोगों को नीचे उतारा**
- **बिल्डिंग में फायर सिस्टम था लेकिन किसी ने काम में नहीं लिया, इसलिए आग ज्यादा बढ़ी : सीएफओ फुलवारिया**
- **'टॉवर में लगे फायर सिस्टम की जांच करेगा ग्रेटर निगम, बंद मिला तो बिल्डिंग मालिक को थमाएंगे नोटिस'**

# आमेर में 9 साल की मासूम बच्ची का गला रेतकर दिनदहाड़े हत्या की

## आमेर सागर रोड पर दादाबाड़ी में नग्नावस्था में पड़ा मिला शव

**जयपुर** । राजधानी के आमेर क्षेत्र में 9 साल की मासूम बच्ची का गला रेतकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। बच्ची का शव नग्नावस्था में घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर ही सड़क किनारे पड़ा मिला। यह खौफनाक वारदात आमेर सागर रोड स्थित दादाबाड़ी के पास हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम और आमेर एसीपी चंद्र सिंह रावत, पुलिस उपायुक्त परिस देशमुख और एसएचओ शिवनारायण यादव ने साक्ष्य जुटाये हैं। पुलिस ने 3 युवकों को हिरासत में लिया है, बच्ची का पिता भी शराब के नशे में था, पुलिस उससे भी पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार आमेर सागर रोड स्थित दादाबाड़ी के पास 9 साल की बच्ची का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की। मृतका दोपहर 2 बजे घर से निकली थी, घर में बच्ची नहीं दिखी तो उसकी मां उसे ढूंढने निकली थी। इस दौरान किसी राहगीर ने बताया कि पेड़ के नीचे शव पड़ा है। परिवार मौके पर गया तो खून से लथपथ बच्ची की लाश मिली। उसके शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि बच्ची के साथ कोई गलत हरकत तो नहीं हुई। हालांकि फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति साफ होगी। मौके पर पहुंची पुलिस को मुख्य सड़क तक कई जगह खून के धब्बे मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि हत्यारा वारदात के बाद इसी रास्ते से बाहर निकला होगा। पुलिस को इलाके के नाबालिग लड़कों पर शक है। तीन युवकों को पकड़ा भी गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। डीसीपी नॉर्थ पारिस देशमुख मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। एफएसएल टीम भी जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक मृतका का पिता कैटरिंग का काम करता है और वह शराब का आदी है। पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर मृतका का पिता घर के बाहर शराब पी रहा था। इस दौरान उसने बच्ची को पास के नल से पानी की बोतल भरकर लाने को कहा था, इसके बाद वह वापस नहीं आई। काफी देर बाद ढूंढने पर मासूम की गला रेती लाश मिली। दिनदहाड़े हुई वारदात से आस-पास के इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने आस-पास के इलाकों में तलाश की, तो एक 16 वर्षीय किशोर के लापता होने की जानकारी मिली है।

पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस वारदात के पीछे मृतका के पिता को भी संदिग्ध मान रही है। वारदात के समय वह नशे में था। उसे कडाई से पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने बताया कि मृतका बच्ची को पीड़ित परिवार ने गोद लिया था। उसके परिजन के शादी के बाद काफी समय तक कोई औलाद नहीं हुई। इसके चलते वर्ष 2016 में बच्ची को गोद लिया गया था।

- **घर से 200 मीटर दूर खून से लथपथ पड़ा मिला शव, पुलिस और एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए**

# महारानी कॉलेज के बाहर छात्राओं को छेड़ने वाले मनचले की तलाश में जुटी पुलिस

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की महारानी गर्ल्स कॉलेज के बाहर खड़ी छात्राओं से अश्लील हरकतें करने वाले मनचले बदमाश की तलाश में पुलिस जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी आये दिन यहां पहुंचकर युवतियों की तरफ अश्लील इशारें करता है और न्यूड हो जाता है। कुछ लड़कियों पर कमेंट और गंदे इशारे भी करता है। ऐसी हरकतों से परेशान स्टूडेंट्स ने अब इसकी शिकायत पुलिस से की है। आरोपी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह अश्लील हरकत करते नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को कॉलेज की छात्राओं की ओर से इस सबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई। परेशान छात्राओं ने ही युवक का वीडियो भी बनाया है। आरोपी बदमाश कॉलेज के बाहर बस स्टॉप पर खड़ी लड़कियों के सामने कपड़े खोलकर अश्लील इशारे करता और कार से वह छात्राओं का घर तक पीछा भी करता था। परेशान होकर शुक्रवार को कुछ छात्राओं ने युवक का वीडियो बना दिया। इस दौरान जैसे ही युवक को पता चला कि छात्राएं उसका वीडियो बना रही हैं, वह मौके से फरार हो गया। हालांकि उसका चेहरा और कार नंबर कैमरे में कैद हो गये।

# बंधक बनाकर महिला से एक माह तक गैंगरेप

**जयपुर** । मुहाना इलाके में अपहरण करके एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक महीने तक महिला को बंधक बनाकर रखा। रेप के साथ ही उसके साथ अननेचुरल सेक्स भी किया गया। मुहाना थाने में पीड़िता ने चार युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसएसओ लखन सिंह खटाना ने बताया कि कपुरावाला मुहाना निवासी 27 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में आरोपी सांवरलाल, मुकेश, सुरेश व दुर्गेश पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। वह पति और बच्चों के साथ यहां रहती है। आरोपी सांवरलाल उसका पुराना परिचित है। आरोप है कि सांवरलाल ने बातचीत के दौरान उसको मिलने बुलाया। कपुरावाला में मिलने जाने पर उसका किडनैप कर केकड़ी ले गया। नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया गया। करीब एक महीने तक उसे बंधक बनाकर रखा। उसके साथ रेप के साथ ही अननेचुरल सेक्स भी किया गया।

एसएचओ खटाना का कहना है कि मुहाना थाने में महिला की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। लापता महिला की तलाश की गई। करीब एक महीने तलाश के दौरान पुलिस टीम केकड़ी से गुमशुदा महिला को तलाश कर लाई थी। महिला को लाने के बाद बयान भी लिए गए थे, उस समय उसने किसी प्रकार की दरिंदगी के बारे में नहीं बताया था। अब महिला ने इस्तगासा के जरिए गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है।

# सप्त शक्ति कमांड ने किया ''खेलो भारत मिनी मैराथन'' का आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में, सप्त शक्ति कमान ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन पर मिनी मैराथन का आयोजन किया। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने और शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जयपुर सैन्य स्टेशन के गांडीव स्टेडियम से जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 61 सब एरिया द्वारा मिनी मैराथन को फ़्लैग ऑफ किया गया। महिलाओं और बच्चों सहित 500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक मिनी मैराथन में दौड़ लगाई, जिसमें 1.5 किमी, 3 किमी और 8 किमी की दूरी तय की गई।

आजादी का अमृत महोत्सव भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के स्वतंत्रता और गौरवशाली इतिहास के 75 साल का जश्न मनाने के लिए एक राष्ट्रीय पहल है। सप्त शक्ति कमान मार्च 2021 से अमृत महोत्सव मनाने के लिए सक्रिय रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

विभिन्न श्रेणियों मे मास्टर सचिन नेगी अंडर 18 बॉयज मिस दीपिका अंडर 18 गर्ल्स मिसेज सरोज महिला कैटेगरी में और पैराटूपर नागेंद्र सिंह ओपन मेन कैटेगरी में विजेता रहे प्रत्येक वर्ग में पहले पांच एथलीटों को नकद पुरस्कार प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए।

मिनी मैराथन द्वारा जीवन में फिटनेस और तंदुरुस्ती के महत्व पर जोर दिया। एथलेटिक्स सभी खेल विधाओं की जननी है और दौड़ भारतीय सेना में जीवन शैली का एक अभिन्न अंग है। इस तरह के आयोजनों में भाग लेने से शरीर मजबूत होता है और आपसी समावेश बढ़ता है। एक मजबूत और स्वस्थ शरीर ही जीवन की यात्रा को पार करने का एकमात्र वाहन है।

# 11 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिला रहे रमेश सैनी

**जयपुर** । पर्यावरण प्रेमी व चिकित्सा विभाग में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, त्रिवेणी विकास समिति सचिव व कई संस्थाओं से जुड़े रमेश सैनी पिछले 11 वर्षों से जयपुर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर लोगों को पर्यवरण संरक्षण का संकल्प दिला रहे हैं। सैनी अस्पताल, संस्था व कॉलोनी में लगातार लोगों को जोड़कर पौधरोपण करवा रहे है। जयपुरिया हॉस्पिटल, जनाना हॉस्पिटल, नर्सिंग कॉलेज व त्रिवेणी नगर के 6 पार्कों को सहपाठियों व भामाशाहों व विकास समिति सदस्यों को साथ लेकर पौधरोपण कर रहे है। स्वयं व टीम सदस्यों को पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प भी दिला रहे है। पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक वर्ष विभिन्न जगहों पर 151 पौधे लगाये जाते है। साथ ही पौधों की देखभाल का जिम्मा भी लेते है। कई अस्पतालों में पर्यावरण दिवस पर नई व अनोखी पहल की शुरुआत भी की जाती है। जहां अब बेटा हो या बेटी, हर परिजन को एक पेड़ लगाना अनिवार्य होगा।

# मां-बेटी को धक्का देकर पर्स लूटने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर थाना पुलिस ने 27 मई को हुई चैन स्नैचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। यह वहीं बदमाश हैं, जिन्होंने जवाहर नगर में मां-बेटी को धक्का मार कर पर्स और मोबाइल लूट लिया था। जवाहर नगर थाना पुलिस ने लूट के मामले में सुभाष चौक रहने वाले विशाल उर्फ नकचा (24) और खोहनागोरियान निवासी संजय उर्फ डेमू उर्फ कालू (22) को गिरफ्तार किया।

बदमाशों के पास से चोरी की एक पावर बाइक भी बरामद हुई है। इसका प्रयोग ये बदमाश वारदात अंजाम देने में किया करते थे। पुलिस ने बदमाशों का रिकॉर्ड खंगाला तो हैरान हो गई। आरोपी विशाल उर्फ नकचा के खिलाफ जयपुर शहर में 13 मुकदमे दर्ज हैं। एक पर रेप का मामला भी है। संजय के खिलाफ जयपुर में 8 मुकदमे चोरी और लूटपाट के हैं।

डीसीपी ईस्ट प्रहलादसिंह कृष्णियां ने बताया कि बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांध कर वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के बाद पीड़ित परिवार ने शिकायत देने पर टीमों को एक्टिव किया गया। 500 से अधिक सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस बदमाशों तक पहुंची।

लूट और स्नैचिंग की शिकार अम्बिका को जब जानकारी मिली तो वह भी डीसीपी ईस्ट कार्यालय में पहुंची। यहां पहुंच कर पीड़िता ने बताया कि उसकी मां की स्थित ठीक नहीं है। एक पैर में रॉड डाली गई है। 2 माह तक डॉक्टर ने बिस्तर पर लेटे रहने के लिए कहा है। अम्बिका ने पुलिस को बताया कि उन्हें भी घटना के दौरान काफी चोट लगी थी। शरीर पर अभी भी कई जगह पर दर्ज हैं। पुलिस ने जिस प्रकार से काम किया है वह काफी सराहनीय है।

- **नशा करने को पैसा जुटाने को चेन लूटते थे शतिर बदमाश**

# सिद्धार्थ नगर में 2 मंजिला अवैध इमारत 7 साल बाद पुन: सीज

**जयपुर** (कासं)। जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट टर्मिनल-2 के पास सिद्धार्थ नगर में बन रही 2 मंजिला बिल्डिंग को सील किया। इस बिल्डिंग को जेडीए ने 7 साल पहले सील किया था, तब से बिल्डिंग सील पड़ी थी। पिछले दिनों बिल्डिंग मालिक ने सील तोड़कर चुपचार वहां वापस निर्माण करना शुरू कर दिया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि सिद्धार्थ नगर के प्लाट नंबर ए-313 में जेडीए की बिना अनुमति के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर का निर्माण कर फर्स्ट फ्लोर के लिए आरसीसी के पिल्लर बना कर ईंटों की दीवार का निर्माण कर लिया था, जिसे नोटिस देने के बाद मार्च-2015 में सील किया था। इस बिल्डिंग के सील होने के बाद पिछले कुछ दिनों पहले बिल्डिंग मालिक ने सील तोड़कर वहां वापस निर्माण शुरू करवा दिया। मौके पर पहली मंजिल के ऊपर आरसीसी की छत डाल दी। दूसरी मंजिल पर दीवारों और पिल्लरों का निर्माण कर छत डालने के लिए शटरिंग की जा रही थी। जेडीए की टीम जब रुटीन चैक के लिए वहां पहुंची तो बिल्डिंग में निर्माण कार्य होता दिखा। टीम ने वहां रखे कंस्ट्रक्शन मैटेरियल को जब्त कर इमारत को पुन: सीज किया।

- **बिल्डिंग मालिक ने वर्ष 2015 में लगी सील को तोड़कर हाल ही में दुबारा निर्माण कार्य शुरू किया था**



# नकली सोना देकर ठगने वाला पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। सोडाला पुलिस ने नकली सोना देकर ठगी करने वाले दो शातिर ठगों को धर-दबोचा और उनके पास से एक किलो से अधिक वजनी पीली धातु की सोने जैसी नकली चेन भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी सतपाल सिंह ने बताया कि नकली सोना देकर ठगी करने वाले धन्ना लाल निवासी भीनमाल जिला जालौर और धनजी निवासी साबरकांठा गुजरात को गिरफ्तार कर उनके पास से एक किलो से अधिक वजनी पीली धातु की सोने जैसी नकली चेन भी बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि वह अपने साथ सोने के मोतियों की माला रखते है, जिसमें ज्यादातर नकली और कुछ असली भी होते है। उसको लेकर शिकार की तलाश करते रहते है, जब कोई व्यक्ति ठेले वाला और दुकानदार ऐसा लगता है जो उनकी बातों में आ सकता है जिसे बताते है कि वह कम पढे-लिखे है और गांव से कमाने के लिए आए है। यहां किसी को जानते नहीं है और उन्हे

# पावरग्रिड ने अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार जीता

**जयपुर/गुरुग्राम**, (का.सं.)। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने इंटरनेशनल सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड्स 2022 में 500 से अधिक नामांकनों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए, सर्वोत्तम सामाजिक जिम्मेदारी पहलों के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। लंदन के वाल्डोर्फ में आयोजित एक शानदार समारोह में इस पुरस्कार की ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

पावरग्रिड को सीएसआर वर्ल्ड लीडर का दर्जा दिया जाएगा और कंपनी के विजेता पेपर ''इम्प्रूविंग रूरल लाइवलीहुड एंड प्रोटेक्टिंग एनवायरनमेंट थ्रू फार्मर सेंट्रिक इंटीग्रेटेड वाटरशेड मैनेजमेंट'' शीर्षक से सीएसआर वर्ल्ड लीडर्स बुक (सामाजिक जिम्मेदारी सर्वोत्तम अभ्यास पर संदर्भ का प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्य) में प्रकाशित किया जाएगा।

सीएसआर एक्सीलेंस अवाड्र्स, वर्ष 1994 में स्थापित द ग्रीनर्गनाइजेशन द्वारा प्रदान किये जाते हैं जो एक अंतरराष्ट्रीय, स्वतंत्र, गैर-लाभकारी, गैर-राजनीतिक पर्यावरण समूह है। संस्था दुनिया भर में सामाजिक जिम्मेदारी के सर्वोत्तम अभ्यास को मान्यता देने, पुरस्कृत करने और बढ़ावा देने के लिए शुरू हुई थी। पावरग्रिड अब ग्रीन वर्ल्ड अवाड्र्स के सीएसआर क्षेत्र में देश का प्रतिनिधित्व करेगा जो अगले साल यूएसए में प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में पावरग्रिड के स्वामित्व में 265 सबस्टेशन, 1,72,557 सर्किट किलोमीटर से अधिक पारेषण लाइनें और 4,76,772 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के बढ़ते उपयोग के साथ, पावरग्रिड अपनी पारेषण प्रणाली की औसत उपलब्धता 99 फीसदी बनाए रखने में सक्षम है।

## सार-समाचार

### परिंडा महोत्सव व जनजाग्रति सभा




**जयपुर** । राजस्थान जनमंच ट्रस्ट एवं पक्षी चिकित्सालय की और से शनिवार को जवाहर नगर के चित्रकूट पार्क में परिंडा महोत्सव एवं जनजागृति सभा का आयोजन किया गया। मंच के कार्यकर्त्ता हनुमान घोड़ा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था महासचिव कमल लोचन, बीएल विजय, एके ऋषि, सुनील गुप्ता, दर्शन शर्मा ऋतु लोचन, अभय नाहर, रवि खत्री आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडों की व्यवस्था कर पुण्य के कार्य में अपनी भागीदारी दे। संस्था महासचिव कमल लोचन ने जनमंच ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पशु पक्षी कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। संयोजक हनुमान घोड़ा ने बताया कि इस अवसर पर निशुल्क परिंडों का वितरण भी किया गया।

### कुलपति सचिवालय पर धरना जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसियशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद मुस्तका ने बताया कि 30 व 31 अप्रेल को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों से जबरन की गई रिकवरी राशि वापस करने मृतक सहायक कर्मचारी स्व. जगदीश मीणा के आश्रितों को मुआवजा राशि दिलवाने एवं परिवार के सदस्यों को नोकरी दिलवाने की मांग को लेकर कुलपति सचिवालय पर दिया जा रहा धरना आज छठे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों से रिकवरी करने की समाचार सुनकर धरना स्थल पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ने लगी है। कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एफ.सी.आई. क्वालिटी कन्ट्रोल के मैनेजर के पद से सेवानिवृत हुए करीब 80 वर्ष के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने धरना स्थल पर आकार मांगों व धरने पर बैठूंगा। आज धरने का नेतृत्व करने वाले कैलाश चन्द सैन का अशैक्षणिक कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह चिराणा ने माला पहनाकर स्वागत किया। रा.वि.वि. अशैक्षणिक कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष राम किशोर शर्मा भी बहुत देर तक धरने पर बैठे।

### देवी नगर में मकान में आग

**जयपुर** । राजधानी के मानसरोवर इलाके में गुर्जर की थड़ी स्थित देवी नगर में देर रात एक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया। मानसरोवर फायर बिग्रेड स्टेशन के अनुसार शनिवार देर रात करीब पौने ग्यारह बजे देवी नगर स्थित गली नम्बर तीन में एक मकान में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर दो फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंची। इस दौरान दमकल कर्मियों ने करीब आधा घंटे मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से मकान में काफी सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी।

### 207 विद्यार्थियों को मिले मैडल

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर का 15 वां वार्षिक दीक्षांत समारोह कॉलेज कैम्पस मं आयोजित किया गया। कॉलेज के डॉयरेक्टर डॉ.प्रभात पंकज ने बताया कि समारोह में पीजीडीएम तथा सेवा प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के 207 छात्रों को एआईसीटीई-अनुमोदित पीजीडीएम डिप्लोमा प्रदान किए गए। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और एमडी अमित मलिक ने कहा कि कैरियर एक मैराथन है, स्प्रिंट नहीं। उन्होंने कहा कि असफलताओं को अपने सबक के रुप में लेने की जरुरत है, क्योंकि असफलताओं से सीखने से लंबे समय तक चलने वाली सफलता मिल सकती है। जयपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शरद जयपुरिया ने सभी छात्रों को उनके माता-पिता, परिवार, दोस्तों, शिक्षकों के प्रयासों, आर्शीवाद और उनकी कड़ी मेहनत तथा दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्नातक पूरा करने के लिए बधाई दी।

# एटीएम से 24 लाख रु. लूटने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में एटीएम काटकर 24 लाख रु. लूटने वाले कश्मीरी युवक समेत 7 बदमाशों को मुहाना पुलिस ने दबोचा है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से दो लग्जरी कार, लूटी बाइक, 5 लाख कैश, देसी कट्टा और एटीएम लूट में यूज आजौर जब्त किए। मामले में फरार एक इनामी बदमाश की तलाश की जा रही है। लूट की वारदात करने वाले सातों बदमाशों की संपति कुर्क कराने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

डीसीपी (साउथ) मृदुल कच्छावा ने बताया कि एटीएम लूट में आरोपी साजिद खान (32) निवासी मिठुपुरा सीकरी भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर की सूचना पर एसएचओ लखन खटाना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी साजिद खान को पकड़ा है। आरोपी साजिद पर 2 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ है। लूट मामले में पुलिस पूर्व में आरोपी अब्दुल वहीद भट्ट उर्फ अमन (32) निवासी श्रीनगर कश्मीर हाल रामपुरा मुहाना, देवेन्द्र उर्फ देवा (25) निवासी जींद हरियाणा, रंजन कुमार (30) निवासी गुडगांव हरियाणा, विकास गुप्ता (33) निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश हाल गुडगांव हरियाणा, तालिम (23) निवासी गोपालगढ़ भरतपुर को गिरफ्तार कर जेसी भेज चुकी है। मामले में 2 हजार रुपए के इनामी बदमाश राकीब निवासी कामां भरतपुर की तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 5 लाख रुपए, दो लग्जरी कार, झोटवाड़ा से लूटी बाइक, देसी कट्टा और लूट में यूज आजौर जब्त किए थे। एसएचओ लखन खटाना ने बताया कि 22 जून 2020 की रात को आरोपी कश्मीरी युवक सहित 7 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। लूटने के लिए देसी कट्टे के दम पर झोटवाड़ा से बाइक लूटी गई। जिसके बाद पत्रकार कॉलोनी मुहाना मंडी स्थित एटीएम में सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाकर 23.77 लाख रुपए लूटे थे।

# मोबाइल और वाहन चुराने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने शातिर चोर गिरोह के 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी की 7 बाइक, एक कार और राहगीरों से लूटे हुए 26 मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

एडिशनल डीसीपी क्राईम सुलेश चौधरी ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सीएसटी टीम ने एक सप्ताह तक इलाके में कैम्प किया था। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुई 7 बाइक, एक मारूति कार, लूटे गए 26 मोबाइल जब्त किए हैं। डीसीपी परिस देशमुख ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर निवासी धर्मेन्द्र उर्फ दिनेश कुमावत, बाडियान मोहल्ला निवासी अजहर मोईन उर्फ आसू मलिक, कोतवाली दौसा निवासी पिंटू कुमार नाराणियां, दौसा कोतवाली निवासी रोहित मीणा, ब्रह्मपुरी निवासी रवि सैन उर्फ पवन व लेखराज तथा दौसा निवासी शाहीद उर्फ मूरी को गिरफ्तार किया।

# 'शहरी लोगों को 100 दिन रोजगार देने पर 800 करोड़ रु. खर्च होंगे'

**जयपुर** (कासं)। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने शनिवार को इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के पोर्टल का लोकार्पण किया। धारीवाल ने बताया कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं बेरोजगार जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए यह योजना है। इस पर करीब 800 करोड़ का वार्षिक व्यय आयेगा, जिसे जरूरत के मुताबिक और बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में देशभर में बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हुए हैं, ऐसे में मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों के 18-60 वर्ष के लोगों को जनाधार कार्ड, आधार पर पंजीयन कर एक वर्ष में 100 दिवस का रोजगार स्थानीय निकाय के माध्यम से उपलब्ध करवाएंगे। इन लोगों से पर्यावरण व जल संरक्षण कार्य, स्वच्छता व सैनिटेशन, सम्पत्ति विरूपण रोकने, कन्जर्वेंस वर्क, सेवा संबंधी, हैरिटेज संरक्षण व प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना में मकान तैयार करने, कृषि-वन विभाग के पौधे तैयार करने जैसे काम कराए जाएंगे। योजना में ऑनलाईन मस्टरोल जारी की जायेगी तथा श्रमिको (कुशल, अकुशल एवं अद्धर्कुशल) को श्रम विभाग की अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी का ऑनलाईन भुगतान बैंक खाते में हर 15 दिन में मिलेगी। योजना में किये गये कार्यो का राजस्थान नगरपालिका अधिनियम में सामाजिक अंकेक्षण भी किया जायेगा। श्रमिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे कि कार्य स्थल पर पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, गर्मियों में छाया के लिये टेन्ट-शमियाना और डिस्पले बोर्ड दिये जाएंगे। धारीवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय, संभागवार, जिला स्तरीय, नगरीय निकाय स्तर पर समितियां गठित की है। योजना के बारे में यदि कोई शिकायत प्राप्त होगी तो सम्बन्धित कलेक्टर व निकाय आयुक्त 7 दिन के भीतर कार्रवाई करेंगे।


**यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने शनिवार को इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के पोर्टल का लोकार्पण किया।**




### World Environment Day

Issues such as pollution, climate change, deforestation, and human overpopulation have drastically changed the way the world works. Because of the significance of these issues, the United Nations created World Environment Day in the year 1972, to educate people about the environmental issues, giving people the opportunity to change their habits that are affecting the environment and work towards a better change. 'Only One Earth' is the slogan of this year.

#TRAVEL

# Amazing Natural Phenomena

These stunning natural occurrences from around the world will take your breath away!



**Great Blue Hole, Belize**

The Great Blue Hole is a giant marine sinkhole off the coast of Belize. This nearly-perfect sphere of deep blue abyss was formed during the ice age when the water level used to be significantly lower. Today, it has grown larger and is a famous diving zone.

Around the world there are many amazing sights to behold in nature. Here is a list of the 10 most breath-taking natural phenomena in the world.

### Northern Lights, Iceland



From Reykjavik in Iceland, witness stunning patterns of red, blue and green in the sky. Also known as Aurora Borealis, the Northern Lights are created when charged particles in the sun interact with atoms in the atmosphere. Visit between December and March for the best views.

### Bioluminescent shores, Maldives



In the Vaadhoo Island of Maldives, beach waves glow in the dark. As night falls, planktons in the water emit a radiant blue light, making it seem like the water itself is glowing. Visit between June and December, and dip your toes into the sparkling waters.

### Moonbow, Zimbabwe



A Moonbow is essentially a rainbow caused by moonlight. A range of factors-a full moon, enough water spray and clear skies-are required for a Moonbow to appear. At Victoria Falls on the border of Zambia and Zimbabwe, you're likely to catch one between June and August.

### Catatumbo Lightning storm, Venezuela



Catatumbo lightning occurs where the Catatumbo River drains into Venezuela's Lake Maracaibo. The lightning typically occurs for over 100 days in a year due to the region's unique wind and heat patterns. It's so common that locals in the area are used to the incessant storms.

### Sort sol, Denmark

Every spring and autumn in Denmark, the starling birds head north in millions. The flock is so large that the sun is



practically blocked by the birds as it sets-hence the name 'Sort Sol', which translates to 'Black Sun'. The event lasts for about 20 minutes and is a sight to behold.

### Caño Cristales 'Liquid Rainbow', Colombia



The Caño Cristales River in La Macarena is nature's watercolour palette. Between July and October the river features bright spots of red, yellow, green and blue. The colours appear due to the reproduction of aquatic plants in the river at the time, and create a liquid rainbow.

Pink Lakes, South Australia

Love all things pink? Head to South Australia, where Lake Macdonell and Lake Bumbunga are actually bright pink in colour. High salt concentrations, algae and pink bacteria called halobacteria lend this unique colour to the lakes.

### Blood Falls, Antarctica



The Blood Falls of Taylor Glacier are named so because of their deep red colour. For years, its origins remained a mystery but in 2017, scientists discovered that the oxidised iron in the saltwater produces the rich red colour. It may look scary, but is simply science at work.

### Sky Mirror, Bolivia



Salar de Uyuni in southwest Bolivia is the world's largest salt flat. Between December and April, when lake water flows onto the flat, the thin layer of clear water reflects the bright blue sky above. Here, you can walk over the shallow flat, with the sky above and below.



"This surrender is unique. It is the only public surrender in history where a ceasefire was converted into surrender and signed within four hours. Niazi had the capacity to fight for two to three weeks, and the UN was in session. He was taken to task by the Hamidur Rehman report, which said not only had he agreed to surrender but he had shamefully agreed to a public surrender and guard of honour when he could have fought on for some weeks, enabling the UN to intervene. Then there was that lunch which Gavin Young described as the Surrender Lunch, with all the silverware laid out. After that, while we were going to the airport in Niazi's car, the Mukti Bahini stopped the car and jumped on it. Near the airport, I saw a few of our troops trickling in. I saw two para boys in a jeep and I took them with me. When I got to the airport, Tiger Siddiqui turned up with a truckload of Mukti Bahini."

# That Man Lt Gen JFR JACOB



Maj Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*

#WAR-TALES

The Bangla elections took place at the end of 1970. The West Pakistanis on no account wanted a Bangladesh Prime Minister and did everything to oppose it. It was after the slaughter at Dacca University that Operation Searchlight took place. I saw the refugees come and it was terrible. They were streaming in wounded, smashed and beaten. On 31st of March, Indian Parliament asked Pakistan to transfer power to the Bengalis. On 29th April, we were told to assist the freedom fighters. The BSF in the border areas was then put under the Army. In early April, I got a phone call from Manekshaw saying, "Jake, government wants the Army to move in to East Pakistan". We set up a number of camps for the Mukti Bahini. At least eight to start with and later it was increased to ten eleven."

"The Mukti freedom fighters played a major role in the defeat of the Pakistan Army. They broke their morale and created an environment of fear. Due credit must be given to them for their role. We had no maps; the ones we had were fifty year old and had no relation to what was on ground. I requested freedom fighters to please get us maps. They got a complete set of maps which I gave to Survey of India in Park Street, Calcutta. These were printed in Survey of India and issued in November. We used Pakistani maps throughout the war. The only intelligence we got from RAW was two half pages. It was Signals Intelligence that gave us all the intelligence we got. By the end of April I made a draft plan and sent it to Delhi. It was done during monsoons. We doubled the capacity at the railway line and got Border Road Organisation to build roads. We built up the infrastructure and logistics. When the war started everything was in place."

### Limited Objectives

"The works through the monsoon and logistics were the key factor in winning this war. I want to quote (Then Chief of Air Staff) Air Chief Marshal PC Lal, a very competent officer: "Dacca was never an objective, as it was considered not possible to capture. The war had to be short, as UN would intervene. With these restrictions, the objectives were limited to get territory for Bangla government in exile." Once limited objectives were agreed to, each service did what it thought was best. The Pakistan strategy was to defend territory, towns and main roads. Therefore, we based our plans to bypass these and go for the centre of gravity, Dacca. We received Army Headquarters operation instruction on 15th of August. The war officially started on 3rd December, when Pakistan bombed our airfields. As far as we were concerned, however, the war for us had started earlier, on 22nd November. As the Pakistanis were shelling us, we asked for permission to silence these guns and were given permission to go up to ten miles."

"The offensive went according to plan, we bypassed the cities. Meanwhile the American fleet was moving into the Straits of Malacca. On December 13th, there was an American resolution at the United Nations, which was vetoed by the Soviet Union. The Soviets said no more vetoes. Sam Manekshaw reacted and sent us an order to return and capture 'all the towns in Bangladesh except Dacca'. All the towns we had bypassed were listed, but though we were outside Dacca, no mention was made for its capture. As these orders had also been sent to the headquarters of the 3 Corps operating under us, we rang up the corps and told them to ignore these orders. The Army Commander, Lieutenant General Jagjit Singh Aurora came agitated into my room, showed me the signal from Army HQ and said that it was entirely my fault as he wanted to capture the towns, but I did not support his view."

"This order of Manekshaw is still incomprehensible to me even today. The patrols of the leading battalions of Sagat's Corps had already entered the suburbs of Dacca and his artillery was shelling the Dacca Cantonment. In fact according to a report filed by Gavin Young after the war states that Niazi was ready to throw in the towel on 10th of December, when he came to know that our troops had breached the Meghna and were advancing unhindered towards Dacca. I met Gavin Young on 16th December, at Niazi's Headquarters. A photograph taken by a BBC photographer shows Niazi, Young and myself at what is now called 'The surrender lunch'. That night I got hold of General Niazi on the wireless and told him that our forces outside Dhaka were very strong, a Mukti Bahini uprising was imminent, ethnic minorities would be protected and that they would be treated with dignity if they surrendered."

### An Educated Guess

"On December 14th, I got an intercept that there was a meeting at the Government House in Dhaka. There were two government houses in Dhaka, so we took an educated guess, and fortunately it was the correct one. The Indian Air Force bombed it within two hours. The governor of East Pakistan resigned. About 4 pm that afternoon, Niazi and Major General Farman Ali went to see Spivack, the American Consul General, with the following proposals: Ceasefire under the United Nations, withdrawal under UN, handover of the government to the UN and no war crimes trials and other stipulations. I got to know about it through one of the embassies. So I informed Manekshaw, who spoke to the American Ambassador in India, who didn't know anything about it."

"That same day, the American embassy in Islamabad sent it to New York, and it was given on December 15th to Zulfiqar Ali Bhutto. He refused to accept it. The Americans then gave it to us. On December 15th the ceasefire was ordered. On the morning of December 16th, Manekshaw phoned me and said: "Go and get surrender." I asked, "On what terms?" "I have already sent you a draft surrender document. Do I negotiate on that?" "You know what to do, just go!" he replied. Then I made a mistake. I told him that when I was talking to Niazi, he had invited me for lunch, and I forgot about it. On the staircase, I met Mrs Aurora and she told she was going to Dhaka with her husband. "My place is beside my husband," she said. I was changing helicopters at Jessore to get to Dhaka, when a man came running to me with a signal from Army HQ. I opened it, thinking well now I have some orders. I was unarmed and carrying the document which I had typed and sent to Delhi. Only a staff officer was with me. I opened the letter and it said: "The government of India has approved of General Jacob having lunch with Niazi." Who wanted their permission?"

"Anyway, I landed at Dhaka still carrying this paper which I had sent to Delhi. On my arrival, I was met by the UN representatives who said we are coming with you to arrange the withdrawal of the Pakistani army and the takeover of the government. I said thank you very much, I don't need your help. Fighting was going all around Dhaka between the Pakistani troops and the Mukti Bahini. A Pakistani brigadier met me at the airfield to guide me to Niazi. En route, we were stopped by a unit of the Mukti Bahini, who refused to let us proceed. We are going to attack Niazi's head quarters, they said. "He is surrendering, please let me go," I said. A long argument took place with the Mukti Bahini, until I said, "Look, your new government is coming in tomorrow, and Niazi wants to surrender, for God's sake let us go!" Finally they let us go. I arrived at Niazi's headquarters, where I had the draft surrender document read out to him."

### The Hostile Environment

"This is an unconditional surrender," he said. "You have only come here to discuss the ceasefire and the withdrawal of the Pakistani army." "General," I replied, "this is not unconditional; I have worked on this for some time. I had put in it that we would protect ethnic minorities that we would ensure the safety of them and their families; that they would be treated with dignity as officers and men according to the Geneva Convention. So it is not unconditional. Where would you find all these conditions laid down?" But he said no. I listened to the arguments for some time. His aides like Farman Ali were advising him not to surrender. Finally, I told him, "Look General, you surrender, I will ensure your safety, the safety of your families, ethnic minorities, everyone. You will be treated with respect. If you don't, I am afraid I can take no responsibility for what happens to you or your families. What is more, we will have no other option but to order the immediate resumption of hostilities. I give you 30 minutes." I walked out."

"Aurora was supposed to land soon to sign the instrument of surrender. I fervently hoped he was bringing what we had sent Manekshaw. I was alone in a very hostile environment. I was thinking, suppose he doesn't surrender, what do I do? He has 30,000 troops, we have 3,000 and he can fight for three weeks at least! The Hamidur Rehman report also says when they asked him why you surrendered Niazi told them, "General Jacob blackmailed me! He threatened to hand us over to the Mukti Bahini, and that they would bayonet us." All rubbish. I did pressurise him but I didn't say I would hand him over to the Mukti Bahini for them to be massacred. I said I would not be responsible. That's a lie."

"In fact, in the Hamidur Rehman report, one of the officers who were present said Jacob never used the word bayonet. Anyway, I was wondering what was going to happen as I walked back after half an hour. The paper I gave him was lying on the table. "General, do you accept this paper?" I asked. He kept quiet, he didn't answer. I asked him three times. So I picked it up, held it high and said, "I take it that it is accepted." There were tears in his eyes. There were glares from the other Pakistani generals and admirals. I had no advice, no orders, other than to get a surrender. I didn't know what was going to be signed. What came to be signed had to be re-signed in Calcutta two weeks later. The signed document was wrong. "I will surrender in my office," Niazi said. I said no, I have already given instructions that you will surrender at the racecourse, in front of the people of Dhaka. "I won't," he said. "You will," I said. "You will also provide a guard of honour." I made my own modalities for the surrender."

### The Unique Conversion

"This surrender is unique. It is the only public surrender in history where a ceasefire was converted into surrender and signed within four hours. Niazi had the capacity to fight on for two to three weeks, and the UN was in session. He was taken to task by the Hamidur Rehman report, which said not only had he agreed to surrender but he had shamefully agreed to a public surrender and guard of honour when he could have fought on for some weeks, enabling the UN to intervene. Then there was that lunch which Gavin Young described as the Surrender Lunch, with all the silverware laid out. After that, while we were going to the airport in Niazi's car, the Mukti Bahini stopped the car and jumped on it. Near the airport, I saw a few of our troops trickling in. I saw two para boys in a jeep and I took them with me. When I got to the airport, Tiger Siddiqui turned up with a truckload of Mukti Bahini."

"I don't know why, but I felt he wanted to shoot Niazi. If Niazi was killed at the airport, there would be no surrender. I told the two para boys to shield Niazi, walked up to Siddiqui -- I told the two para boys to point their rifles at him -- and ordered him off the airfield. Then Aurora and his entourage, including his wife, landed. I was supposed to travel with Niazi and Aurora, but I was told to make way for Mrs Aurora. She was more important. Since everyone else had gone, and this was the last car, I hitched a ride in a truck. After the signing, the crowd wanted to lynch Niazi. We had very few troops there. So we had put a cordon around Niazi, put him in an army jeep which whisked him away. We lost 1,400 men and 4,000 were wounded. The credit for our victory should go to the officers and men who fought gallantly against stiff resistance by the Pakistanis. Due credit must go to Mrs Indira Gandhi, who displayed courage and determination throughout the crisis. She stood up to US President Richard M Nixon and the UN, and led the country to its greatest victory. We took 93,000 prisoners. The rifle and bayonet at the Amar Jawan memorial in New Delhi belong to an unknown soldier who gave his life in the Jessore sector. Let us not forget their sacrifice."

At the end of this talk, I was asked to speak on the vote of thanks. I concluded my speech with a tribute to the General with these words: "Sir, in honouring you, we honour ourselves. Gen Jacob along with the other two heroes of the Bangladesh Liberation War, General Sagat Singh and Air Vice Marshal Chandan Singh have earned a pride of place in the history of our two countries. May their life and deeds inspire all our future generations."

writetoarbit@rashtradoot.com



NIAZI, Jacob and Gavin Young at Surrender lunch 16 Dec.




Jacob in center with Cariappa and Nathu Singh 1967 at Udaipur 4 Guards reunion.



Sheikh Hasina releasin Liberation 1971.



Jacob, his couin and self signing copy of map.



Gen Jacob and author with President of Bangladesh.

It was after the slaughter at Dacca University that Operation Searchlight took place. I saw the refugees come and it was terrible. They were streaming in wounded, smashed and beaten. On 31st of March, Indian Parliament asked Pakistan to transfer power to the Bengalis. On 29th April, we were told to assist the freedom fighters. The BSF in the border areas was then put under the Army.


## 'Liberation 1971'

**This** account by General Jacob should have been published last year on Jacob's hundredth birth anniversary and it would have been had not Covid distracted me. But better late than never.

Lt Gen Jacob was born on 2nd May 1921 in Calcutta to émigré Baghdadi Jewish parents. He was their middle one of their three sons; the elder was Maurice and younger Eric. He joined the Indian Army Corps of Artillery in 1942, during the Second World War and thereafter gradually rising to the rank of Lt General and Army Commander; after retirement he became the Governor of Goa and Punjab. His greatest moment which has given him a permanent place in the history of India and Bangladesh came in 1971 during the Bangladesh Liberation War. When as Chief of Staff Eastern Command he was responsible for both the logistics and operational planning of our campaign in East Pakistan. The crowning moment of his life and career was 16 December when he negotiated and enforced the surrender of Lt Gen Niazi and 93000 Pakistani troops, bringing to a happy conclusion a glorious chapter in the histories of India and Bangladesh, and a shameful one for Pakistan.


Today, I do not think there is anyone alive who knew Jacob better than I do. Although there was a vast difference in age, of twenty two years to be exact, and rank, he Lt Gen and I a lowly Major, we shared a close friendship which continued till his death on 13 January 2016, at the age of 94. He had no family in India as most of them had migrated to the USA and over the years since our first meeting in 1967 when he took over 12 Division at Jodhpur he treated me like a younger sibling or a son he never had. I think what drew him to me was our common interest in Western classical music, art and fishing. I recall the many happy hours I spent in his flat drinking his whiskey and conversing on topics that interested us, sometimes he would tell me things about some of our famous soldiers and politicians which are best forgotten for I do not think he would have wanted me to retell to others what he told me in confidence. Whenever some relation of his came to see him from oversees, he would ask me to look after them and on a couple of occasions when his flat in Som Vihar, RK Puram Delhi, was undergoing renovation they even stayed with us.

More than a decade ago I along with Major General Dhruv Katoch had taken the initiative to organize a joint seminar with our Bangladeshi counterparts; it was the first of its kind to have taken place in India or Bangladesh. Amongst the speakers were Mr Jaswant Singh; Mr KP Singhdeo former Defence Minister, who as a sitting member of the Lok Sabha and had taken part in the war as a Territorial Army Officer; and Maj Gen Lachman Singh Lehl, who commanded a Division in 1971. From the Bangladesh side was Lt Col Sajjad Zahir who is also the recipient of the Padma Shree and Mahbub Saleh Hassan the acting High Commissioner of Bangladesh. I had their speeches recorded and transcribed, and submitting them for publication to Rashtradoot which they will publish later at the appropriate time. None of these accounts has been published before. During the seminar Maj Gen Dhruv Katoch, Col Sajjad and I decided to publish a book that would be jointly authored by veterans from India and Bangladesh. The outcome was 'Liberation 1971' which was released in India by HE Mr Abdul Hamid, the President of Bangladesh, in the presence of Gen Jacob. Later Her Excellency Sheikh Hasina, the Prime Minister of Bangladesh, released the book in Dacca in 2017.




I concluded my speech with a tribute to the General with these words: "Sir, in honouring you, we honour ourselves. Gen Jacob along with the other two heroes of the Bangladesh Liberation War, General Sagat Singh and Air Vice Marshal Chandan Singh have earned a pride of place in the history of our two countries. May their life and deeds inspire all our future generations."

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सूरतगढ़ क्षेत्र के 54 गांवों के किसान थर्मल प्लांट के गेट पर बैठे

## सिंचाई का पानी नहीं मिलने पर दी प्लांट ठप करने की चेतावनी

**सूरतगढ़,** (निसं)। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में सिंचाई के पानी की मांग अब तूल पकड़ने लगी है। 54 गांव और 3 तहसीलों के किसान विरोध में थर्मल पावर प्लांट के गेट पर बैठ गए हैं और वहां सभा की जा रही है, जिसमें भीषण गर्मी में भी सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद हैं। किसानों ने पहले ही थर्मल पावर प्लांट को ठप करने की चेतावनी दी थी। प्रशासन को वार्ता करने के लिए 1 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद प्रशासन ने किसानों को वार्ता के लिए बुलाया है। किसानों के 11 सदस्यों के दल की एडीएम अरविंद जाखड़, एसडीएम कपिल कुमार, तहसीलदार हाबूलाल मीणा की अध्यक्षता में वार्ता हुई।

सभा के दौरान ऐटा सिंगरासर माइनर संघर्ष समिति के संयोजक राकेश बिश्नोई ने सरकार पर अनदेखी व भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आश्वासन देने के बाद भी ऐटा सिंगरासर माइनर को कमांड घोषित नहीं किया। वहीं नोहर-भादरा क्षेत्र को कमांड घोषित कर दिया। किसानों के पास खेती के अलावा आय का और कोई साधन नहीं है। वार्ता के बाद समिति के संयोजक राकेश बिश्नोई ने कहा कि प्रशासन गंभीर नहीं है। किसी भी मांग पर सहमति नहीं बनी है। अधिकारियों ने कहा कि पानी भी नहीं है, ट्यूबवेल भी नहीं है, कनेक्शन भी नहीं है। इस चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार से सारी मांगें मनवाकर रहेंगे। क्षेत्र को कमांड घोषित करना पड़ेगा और पानी देना पड़ेगा। 25 जून को आर-पार की लड़ाई होगी। यदि नहर से पानी नहीं दिया गया तो इस बार थर्मल पॉवर प्लांट को ठप किया जाएगा।

किसानों का कहना है कि आश्वासन के बाद भी सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा है। कानौर हेड से ऐटा सिंगरासर माइनर नहर निकाली जाए, ताकि 54 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके। किसानों का कहना है कि इनके पास खेती के अलावा आय का और कोई साधन नहीं है। पीने का पानी भी खारा है। किसानों के बीच भाजपा नेता

- **'सरकार ने आश्वासन देने के बाद भी ऐटा सिंगरासर माइनर को कमांड घोषित नहीं किया'**

अभिषेक मटोरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष बलवीर बिश्नोई, पूर्व विधायक अशोक नागपाल , राकेश बिश्नोई, नरेंद्र घिंटाला, सुभाष सिहाग, सुमित चौधरी सहित अनेक किसान नेता मौजूद है। सूरतगढ़ अ्एड़शिवरतन गोदारा, गंगानगर यातायात शाखा के विक्की नागपाल, तहसीलदार व कार्यपाल मजिस्ट्रेट हाबूलाल मीणा, कपिल कुमार सहित पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात हैं।

पूर्व में हुए समझौते के अनुसारसरप्लस पानी को सिंचाई के उपलब्ध करवाया जाएगा। इंदिरा गांधी नहर में सरप्लस 1250 क्युसेक पानी सरप्लस हो गया। इसके बावजूद सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया गया था। जून 2017 में फिर कानौर हेड में किसानों के प्रदर्शन के दौरान किसानों को आश्वासन दिया गया था कि ऐटा सिंगरासर माइनर के तहत कृषि कनेक्शन दे दिए जाएंगे। किसानों को अपने स्तर पर बोरवेल करवाने पड़ेंगे। 2500 से अधिक किसानों को कृषि कनेक्शन दे दिए गए था।

जून 2019 में धरने के समय कहा गया कि नहर की रीलाइनिंग चल रही है। इसके बाद सरप्लस पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसके बाद नोहर-भादरा क्षेत्र को सरकार ने कमांड घोषित किया है लेकिन ऐटा सिंगरासर माइनर को सरकार ने कमांड घोषित नहीं किया। जून 2022 तक भी ऐटा सिंगरासर माइनर सिंचाई का पानी नहीं मिलने पर आज किसान फिर एकजुट हुए है। इससे पहले किसानों ने सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट को ठप करने की चेतावनी दी थी।

# चन्द्रा के प्रस्तावक ही भाजपा विधायक तो फिर वह निर्दलीय कैसे: डोटासरा

## डोटासरा सहित 6 और विधायक पहुंचे कांग्रेस की बाड़ाबंदी में

**उदयपुर,** (कासं)। राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बाड़ाबंदी में शनिवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ दो मंत्री और तीन विधायक उदयपुर पहुंचे। इन्हें मिलाकर अब तक कांग्रेस की बाड़ाबंदी में 100 विधायक एवं मंत्री पहुंच चुके हैं इधर बाड़ाबंदी को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने प्रशिक्षण शिविर का नाम दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शनिवार को उदयपुर पहुंचने का कार्यक्रम अंतिम समय पर स्थगित हो गया। संभवतया वे रविवार को उदयपुर आयेंगे।



डोटासरा के उदयपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब दिया।

महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डोटासरा के साथ मंत्रियों और विधायकों का स्वागत किया। इस मौके पर डोटासरा ने एक बार फिर राज्यसभा के निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चन्द्रा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि चंद्रा ने निर्दलीय फार्म भरा लेकिन उनके प्रस्तावक भाजपा के विधायक हैं। इससे यह स्पष्ट है कि वे भाजपा के प्रत्याशी है लेकिन विधायकों सहित प्रदेश की आम जनता को गुमराह करने के लिए इस तरह नाटक रचा जा रहा है।

डोटासरा ने विधायकों की नाराजगी और उनके द्वारा दिए बयानों पर कहा कि कांग्रेस सहित सभी निर्दलीय विधायक उनके साथ हैं और उन्होंने कोई कार्य मुख्यमंत्री के सामने रखा है तो वह गलत नहीं है। अपनी बात को रखना सभी का हक है। ऐसे में मुख्यमंत्री गहलोत सभी से बातचीत कर रहे हैं लेकिन मनमुटाव जैसी कोई बात नहीं है। इधर बसपा के विधायकों को लेकर पूछे गए सवाल पर डोटासरा ने कहा कि वे अब कांग्रेस के विधायक हैं इसलिए उन्होंने जो भी बात मुख्यमंत्री के सामने कही है वे सभी कार्य पूरे होंगे लेकिन वे सभी विधायक पूर्ण रूप से कांग्रेस के साथ है।

शनिवार को मीडियाकर्मियों ने एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कई तरह के कार्य हो सकते है लेकिन वह एक दिन बाद आ जाऐंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा डोटासरा के साथ मंत्री लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, कांग्रेस विधायक अमीन कागजी, रीटा चौधरी और निर्दलीय विधायक रामकेश मीणा शनिवार को उदयपुर पहुंचे। इससे पहले 90 से ज्यादा विधायक ताज अरावली में ठहरे हुए हैं। इनमें कांग्रेस के अलावा कई निर्दलीय और एक बसपा के

- **कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने किसी बाड़ाबंदी से इंकार करते हुए कहा की राज्यसभा चुनाव के लिए यह एक प्रशिक्षण शिविर है जिसमे कांग्रेस और उसके समर्थक सहभागिता कर रहे हैं**
- **मुख्यमंत्री गहलोत का शनिवार को उदयपुर पहुँचने का कार्यक्रम स्थगित, संभवतया आज उदयपुर आयेंगे**

विधायक भी शामिल हैं। ये सभी विधायक 9 जून तक ताज अरावली में ही रहेंगे। हालांकि अभी भी तीनों सीटों के लिए आवश्यक विधायकों में से लगभग 23 विधायकों का उदयपुर आना बाकी है।

# समय पर प्रेक्टिकल अंक नहीं भेजे जाने से सभी छात्राऐं फेल करार, एक साल बर्बाद

**झुंझुनूं,** (निसं)। चिड़ावा के एक निजी बीएड कॉलेज की लापरवाही के चलते छात्राओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। आरोप है कि महाविद्यालय द्वारा समय पर प्रेक्टिकल अंक नहीं भेजे जाने पर सभी छात्राओं को फेल करार दिया गया है। इस संबंध में छात्राओं ने सीकर में शेखावाटी यूनिवर्सिटी पहुंच धरना प्रदर्शन किया तथा कुलपति के नाम रजिस्ट्रार को महाविद्यालय के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।

छात्राओं ने बताया कि वे चिड़ावा में स्थित कॉलेज ने बीएड इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम-2021 में अध्ययनरत हैं। सभी का प्रेक्टिकल इस महाविद्यालय में हुआ और सभी छात्राएं प्रैक्टिकल एग्जाम में उपस्थित थी। लेकिन कॉलेज प्रशासन की ओर से लापरवाही के चलते इन्होंने प्रैक्टिकल अंक संबंधित शेखावाटी यूनिवर्सिटी को तय समय पर नहीं भेजें। जिससे यूनिवर्सिटी ने



आक्रोशित छात्राओं ने शेखावाटी यूनिवर्सिटी पहुंच धरना प्रदर्शन किया।

रिजल्ट में सभी को अनुपस्थित मानते हुए फेल करार दिया। इस दौरान दर्जनों छात्राऐं मौजूद रहीं। छात्राओं का कहना है कि संचालक ने उन्हें पूर्व विद्यार्थी के रूप परीक्षा फॉर्म लगाने की बात कही है। और उन्होंने दावा किया कि वो उन्हें अगली कक्षा में करवा देंगे। जबकि यूनिवर्सिटी की मानें तो पूर्व विद्यार्थी के रूप में वहीं फॉर्म लगा सकता है जो फेल हो चुका है और दुबारा उसी कक्षा को पास आउट करने के लिए फॉर्म लगाए।

डॉ. रवींद्र कटेवा, परीक्षा निदेशक, शेखावाटी यूनिवर्सिटी,सीकर का कहना है कि कॉलेज को अंतिम तिथि तक काफी बार अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके इन्होंने विद्यार्थियों के अंक नहीं भेजे। इसलिए यह रिजल्ट घोषित किया गया।

रिंकू मान, छात्रा का कहना है कि हमने समय पर प्रैक्टिकल फीस और फाइल जमा करवा दी थी बावजूद इसके हमें अनुपस्थित दिखाया गया है।''

- **चिड़ावा के निजी बीएड कॉलेज की लापरवाही की सजा मिलेगी छात्राओं को**

पंकज गुर्जर, जिलाध्यक्ष एसएसआई कॉलेज प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अन्यथा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

नीटू फोगाट, पूर्व छात्रासंघ अध्यक्ष, महिला कॉलेज का कहना है कि छात्राओं का भविष्य बर्बाद करने वाली कॉलेज के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए आगे आएंगे।

## एफआईआर दर्ज

**अलवर,** (निसं.)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा के नेतृत्व में 3 जून को प्रतिनिधिमंडल ने अलवर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जाति पूछ कर दलित परिवार के भोजन को कुत्तों और जानवरों के लिए कूडे में फेंक देने वाले भागवत कथावाचक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की।

एफआईआर में लिखा है कि कथावाचक पंडित ने जाति पूछी तो इन्होंने अपनी जाति जाटव बताई। इसके बाद कथावाचक ने इस भोजन को कुत्तों और जानवरों के लिए कहकर कूडे में फेंक दिया। डीएसएमएम का पुरजोर मानना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। कथावाचक का यह कृत्य हिंदू समुदाय में जाति के आधार पर आज भी व्याप्त छुआछूत एवं ऊंचनीच की घृणित मानसिकता का ज्वलंत सबूत है। भागवत कथा के जरिए स्वयं पंडित का ऐसा बर्ताव सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला भी है। कथावाचक के इस व्यवहार से पूरा परिवार अपने आप को व्यथित महसूस कर रहा है।

# फर्नीचर फैक्ट्री में लगी आग, करोड़ों का सामान राख

**अलवर,** (निसं)। नीमराना के इंडियन जोन स्थित हीना क्राफ्ट कंपनी में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने नीमराना पुलिस को दी। मौके पर नीमराना रीको की दमकल गाड़ी पहुंची। लेकिन फैक्ट्री में आग भीषण लगने के कारण बहरोड़, कोटपुतली, बावल, खैरथल व अन्य जगह से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गई। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब साढे दस बजे सूचना मिली कि इंडिया जोन में स्थित हिना क्राफ्ट कम्पनी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कंपनी में कोई मजदूर तो कार्य नहीं कर रहे इसका पता लगाया और दमकल कर्मियों को आग की घटना की सूचना दी। आग से फैक्ट्री में करोडों रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। लेकिन पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। वहीं फैक्ट्री में जिस समय आग लगी थी इस दौरान वहां पर आग बुझाने के लिए कोई भी संसाधन भी नहीं थे।

इंडियन जोन औद्योगिक क्षेत्र फीडर इंचार्ज सतीश यादव ने बताया कि हिना क्राफ्ट फैक्ट्री में आग लगी थी। उसके पास ही बिजली विभाग का पॉवर हाउस भी स्थित है। ऐसे में उन्हें ये डर सता रहा था कि फैक्ट्री की आग लकडियों के लगती हुई कहीं पॉवर हाउस में न लग जाए। वहीं सूचना पर जापानी जोन औद्योगिक क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता डीपी सिंह ने बिजली बोर्ड पहुंचकर बिजली बोर्ड की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई। फैक्ट्री में आग लगने से 50 प्रतिशत से अधिक तैयार फर्नीचर व लकड़ियां जलकर नष्ट हो गई। वहीं अन्य लकड़ियां व फर्नीचर दमकल कर्मियों व पुलिस कर्मियों की सूझबूझ से बच गई।

# राजस्थान हाईकोर्ट: प्रतितोष आयोग का अध्यक्ष पद रिक्त, बैठक में विचार विमर्श

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष नाथुसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष नाथुसिंह राठौड ने बताया कि आज आयोजित बैठक में राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का अध्यक्ष पद रिक्त होने से मुवकिलों को न्याय प्राप्ति में हो रही देरी पर विचार विमर्श करते हुए मुख्य सचिव राजस्थान सरकार एवं सचिव खाद्य एवं नागरिक अपूर्ति व उपभोगता मामलात विभाग जयपुर को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा का कार्यकाल गत 6 मई को पूर्ण हो गया और नियमानुसार राज्य सरकार को उनकी सेवा अवधि समाप्ति से छह माह पूर्व यानी गत नवंबर माह में ही अध्यक्ष पद को भरने की प्रक्रिया प्रारंभ कर विज्ञापन जारी करवाना था, लेकिन खाद्य एवम नागरिक आपूर्ति विभाग, जिसके जिम्मे उपभोक्ता आयोग का समस्त कामकाज है,की ओर से अभी तक रिक्त हुए अध्यक्ष पद को भरने की कोई प्रक्रिया प्रारंभ ही नहीं की गई है जिससे उपभोगता मामलों के निस्तारण में देरी हो रही है।

उपभोक्ता संरक्षण नियम 2020 में यह प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया पद रिक्त होने से कम से कम छह माह पूर्व आरंभ की जाएगी और इसके वास्ते रिक्तियों का आवेदन आमंत्रित करने के वास्ते विज्ञापन को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाएगा लेकिन अभी तक इस संदर्भ में कोई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश दिए जाने कि उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष और सदस्य पद रिक्त होने के छह माह पूर्व से उनको भरने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जानी चाहिए, जिससे कि पद रिक्त होने की वजह से न्याय में देरी न हो और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य समाप्त न हो। परंतु राज्य सरकार के खाद्य एवम नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलात विभाग पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

इस संदर्भ में मांग की गई कि राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष पद पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शीघ्र नियुक्ति किये जाने का कार्यवाही करावें जिससे मुवकिलों को त्वरित न्याय की प्राप्ति हो सके। बैठक में अध्यक्ष नाथुसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, महासचिव दर्शनराम, सहसचिव कैलाश कुमार प्रजापत, पुस्तकालय सचिव भगवती पंवार, कोषाध्यक्ष कंवरलाल विश्नोई अधिवक्ता सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## चोरी के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं.)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ॐ गठित टीम ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए चोरी करने के दो शातिर आरोपियों को मात्र 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड ने बताया कि फुलेरा में रेलवे ऑवर ब्रिज 0.01 के चल रहे निर्माण कार्य के पास से 1 जून 2022 की रात्रि को अज्ञात चोरों के द्वारा 20 एम एम के लोहे के सरिये काटकर चोरी कर ले जाने का मामला थाने पर 2 जून को दर्ज करवाया गया। पुलिस टीम ने विक्रम पुत्र कैलाश चन्द जाति सांसी व विष्णु पुत्र इंद्रजीत जाति सांसी उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# हाईकोर्ट ने परीक्षा रद्द कर राज्य सरकार को सौंपा नाकारापन का सर्टिफिकेट: देवनानी

**अजमेर,** (कास)। पेपर लीक के चलते कनिष्क न्यायायिक सहायक, कनिष्क सहायक एवं क्लर्क भर्ती परीक्षा रद्ध होने पर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने राज्य सरकार को आडे हाथों लिया। देवनानी ने कहा कि प्रदेश में सालभर के दौरान पांच बड़ी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित हुई, जिसमें से एक कनिष्क न्यायायिक सहायक, कनिष्क सहायक एवं क्लर्क भर्ती परीक्षा को पेपर लीक होने के चलते हाईकोर्ट को रद्ध करना पड़ा। हाईकोर्ट द्वारा यह बडी भर्ती परीक्षा रद्ध करना कहीं न कहीं राज्य सरकार को नाकारापन का सर्टिफिकेट है। प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे खुलमखुल्ला खिलवाड़ को रोक सकने में नाकाम नाकारा सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रश्न-पत्र लीक मामलों में नया कीर्तिमान स्थापित करती जा रही है। गत 1 वर्ष में प्रदेश में एसआई, रीट, जेईएन, पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड-3 और कनिष्क न्यायायिक सहायक, कनिष्क सहायक एवं क्लर्क इत्यादि आधा दर्जन प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन हुआ। हर एक परीक्षा का पेपर आउट होने के समाचार सामने है। चौकाने वाली बात तो यह है कि जो कार्य राज्य सरकार को करना चाहिए था वह उच्च न्यायालय को करना पड़ा। साल भर में आयोजित परीक्षाओं में साफ तौर पर प्रश्न-पत्र लीक के प्रमाण मिल चुके है फिर भी राज्य सरकार अब तक पेपरों को लीक घोषित करने से बच रही है।

उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार और उसमें बैठी बड़ी 'मुर्गियों' की मिलीभगत के चलते पेपर लीक प्रकरण से जुड़े गिरोह के हौंसले बुलंद हैं। लीक प्रकरण के अहम दोषी आज भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। रीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक प्रकरण के अहम दोषी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जारौली आज भी फरार चल रहे हैं। राज्य सरकार इन सभी प्रकरणों की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराए तो काला सच सबके सामने आना तय है।

# 17 क्विंटल अफीम व डोडा-चूरा जब्त, एक गिरफ्तार

## आरोपी सीमेंट की आड़ में ट्रेलर में कर रहे थे डोडा-चूरा परिवहन

**निंबाहेड़ा,** (निसं)। निंबाहेड़ा में पुलिस ने शनिवार को कार्यवाही करते हुए सीमेंट की आड में ट्रेलर में डोडा-चूरा परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ प्रीति जैन द्वारा अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ व रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कैलाश चन्द सांदू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) चित्तौड़गढ़ व आशीष कुमार पुलिस उप अधीक्षक वृत निम्बाहेड़ा के निर्देशन में तुलसीराम पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सदर निम्बाहेडा मय टीम एन.डी.पी.एस. एक्ट में वांछित अभियुक्त की तलाश करता हुए सिदवंडी चौराहे सरहद रावलिया पहुंची।

इस दौरान सिंदवड़ी की तरफ से एक ट्रेलर को रोकना का ईशारा किया।इस दौरान ट्रेलर चालक पुलिस को देखकर ने ट्रेलर को चित्तौड़गढ़ की तरफ भागने लगा। ट्रेलर संदिग्ध प्रतीत होने से तत्काल उक्त ट्रेलर के आगे गाडी लगा ट्रेलर को



सदर थाना पुलिस ने डोडा-चूरा को जब्त किया।

रोका गया। चालक से पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम खेमाराम पिता रूपाराम जाति जाट उम्र 27 साल निवासी कुण्डावा थाना धोरीमना जिला बाडमेर (राज.) होना बताया।

ट्रेलर को खोलकर देखा तो अन्दर सीमेन्ट के भरे हुये कट्टों के नीचे बीच में प्लास्टिक के काले कुल 83 कट्टे मिलें जिनमें अवैध अफीम डोडा-चूरा होना पाया गया। उक्त 83 प्लास्टिक के कट्टों का तौल करने पर कट्टों में भरे अवैध अफीम डोडा-चूरा का कुल वजन 17 क्विंटल 67 किलोग्राम पाया गया।। उक्त अफीम डोडा चूरा, सीमेंट के कट्टो व ट्रेलर को जब्त किया आरोपी खेमाराम को गिरफ्तार किया गया। बताया गया की एन.डी.पी.एस. एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध अफीम डोडा चूरा खरीद फरोख्त के संबंध में अठिाम अनुसंधान कैलाशचन्द्र सोनी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना कोतवाली निम्बाहड़ा द्वारा किया जा रहा है।

## अजमेर डिस्कॉम ने 1657 जगह बिजली चोरी पकड़ी

**अजमेर,** (कास)। अजमेर डिस्कॉम की टीम ने एक साथ 9174 जगहों पर छापा मारा। इनमें 1657 जगहों पर बिजली चोरी तथा 404 जगहों पर बिजली के दुरूपयोग के मामले सामने आए। इन पर 4.45 करोड़ रूपये जुर्माना लगाया गया है।


निगम के प्रबन्ध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि निगम की ओ एण्ड एम व विजिलेंस शाखा के अलावा मीटर एण्ड प्रोटेक्शन शाखा के अभियंताओं को भी सतर्कता जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है। निगम ने इनके विरुद्ध 4.45 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया है। डिस्कॉम की टीम को यह बड़ी सफलता मिली है। निर्वाण ने बताया कि डिस्कॉम की टीम में सबसे अधिक झुंझुनू जिले के अभियंताओं ने 256 विद्युत चोरी के मामले पकड़े जिन पर 48.43 लाख रूपये जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त अजमेर शहर वृत में 13 मामलों पर 2.05 लाख, अजमेर जिलावृत में 26 मामलों पर 3.42 लाख, भीलवाड़ा में 47 मामलों पर 25.22 लाख सहित कई जिलों में जुर्माना लगाया है। आने वाले समय में अभियान को और गति दी जाएगी।

# दहेज में मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर विवाहिता को पीट-पीट कर मार डाला

## मोटरसाइकिल पर शव लेकर जा रहे थे, ग्रामीणों ने पकड़ा

**भरतपुर,** (निसं) । भरतपुर जिले के चिकसाना थाना इलाके में रहने वाले दहेज के लोभियों ने मोटरसाइकिल नहीं मिलने के कारण एक 23 साल की महिला को मौत के घाट उतार दिया। महिला के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की ससुराल वालों ने जमकर पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। ससुराल वाले महिला का शव जलाने के लिए शव को मोटरसाइकिल पर लेकर जा रहे थे। तभी ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर महिला के पति और उसके जेठ को पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना बछामदी गांव की है, मथुरा जिले के बाजना इलाके की रहने वाली दो बहनें हेमा 26 साल और छोटी बहन सुधा 23 साल की शादी 5 साल पहले चंदन और गोविंद से हुई थी, दोनों भाई मजदूरी करते हैं। दोनों लड़कियों के पिता ने दहेज में बेटियों को अलग-अलग सामान दिया, लेकिन



चिकसाना के गांव बछामदी में महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल है।

मोटरसाइकिल एक ही दी। हेमा तो शादी के बाद ससुराल आ गई लेकिन उस समय सुधा की उम्र 19 साल थी । इसलिए पिता ने सुधा का गौना कर उसे डेढ़ साल पहले ही ससुराल भेजा, 1 महीने पहले सुधा का पति गोविंद अपनी पत्नी से मोटरसाइकिल की मांग करने लगा, वह उसे मारने पीटने लगा, सुधा ने अपने पिता को घटना के बारे में बताया जिसके बाद पिता ने कहा कि वह सुधा के पति को किश्तों पर लेकर मोटरसाइकिल दिला देगा। इसी बीच हेमा के पति ने हेमा की पिटाई कर दी और उसे पीहर छोड़कर चला गया।

सुधा के पति गोविंद ने फिर से सुधा की पिटाई की और उसके पिता लक्ष्मण को फोन किया, गोविंद ने लक्ष्मण से कहा कि वह या तो मोटरसाइकिल लेकर आए या फिर 1 लाख रुपए लेकर आए। सुधा के पिता गोविंद किसी काम से फरीदाबाद गए हुए थे । सुधा के पिता ने कई बार अपनी बेटी को फोन किया लेकिन सभी के फोन बंद आ रहे थे।

शाम के समय गोविंद के जीजा ने सुधा के पिता लक्ष्मण को फोन कर कहा कि आपकी बेटी खत्म हो गई है। ग्रामीणों की सूचना पर चिकसाना थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर दोनों भाइयों को हिरासत में ले लिया। जब सुधा के पिता बेटियों की ससुराल पहुंचे तो पता लगा उनकी बेटी का शव पुलिस के कब्जे में है, आज शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव सुधा के परिजनों को सौंप दिया गया। सुधा के पिता ने अपनी बेटी की दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

## संक्षिप्त

### वृद्ध ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**थानागाजी।** कस्बे के निकट ग्राम हींसला में नारायणपुर रोड पर पूरण मल बलाई पुत्र नन्दा राम बलाई उम्र करीब 70 साल ने रात करीब तीन बजे गले में फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि घर पर रात को स्वयं पूरण मल व उनकी पत्नी कौशल्या देवी घर के बाहर ही सो रही थी करीब तीन बजे उठकर अन्दर चला गया था। पत्नी कौशल्या द्वारा सुबह उठ कर देखने पर घटना का पता चल पाया था , थानागाजी पुलिस नें शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है ।

### 6 घंटे बिजली बंद रहेगी

**उनियारा।** उनियारा उपखंड के पलाई क्षेत्र में रविवार को 6 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। पलाई फीडर इंचार्ज आलोक चौधरी ने बताया कि पलाई जीएसएस पर मरम्मत कार्य के चलते हुए रविवार को पलाई फीडर से जुडे समस्त गांवों की सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे पलाई, बोसरिया, कचरावता, रायपुरा, देवरी, भाखरवाड़ी, लक्ष्मीपुरा, हुकमपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसलिए बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य यथा संभव समय पर कर ले। ताकि मुसीबतों का सामना नहीं करना पड़े।

### गौशाला में सवामणी का आयोजन

**श्रीमाधोपुर** ।स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला में शनिवार को गोसवामणी का आयोजन किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने अपनी शादी के 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में गोसवामणी का आयोजन किया। सैनी के अनुसार उन्होंने सपत्निक गौशाला पहुंचकर गायों की पूजा कर गुड व दलिया आदि गायों को खिलाया। इस अवसर पर परमानंद सोनी, सागरमल हलवाई, रेवत सिंह शेखावत, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़, डॉक्टर नीलकंठ कयाल व गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएमडी को ज्ञापन दिया

**सांभरझील।** सांभर साल्ट कर्मचारियों की सात सूत्री मांग के लिये हिन्दुस्तान सांभर साल्ट के अध्यक्ष एवं प्रबन्धक निदेशक को महासचिव अशोक पारीक ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छठा वेतन लागू करने, वर्ष 2007 का वेतनमान दिलवाने, अनुबंध कार्मिकों को नियमित करने, दैनिक वेतन श्रमिकों की सेवायें नियमित करने, अनुबंध पर काम कर रहे नर्सिंग स्टाफ व फार्मासिस्ट को नियमित करने, रेलवे ट्रेक पर काम करने वाले श्रमिकों को सीजनल करने के लिये अनुरोध किया गया है।

### तृतीय परिचय सम्मेलन आज

**कोटपूतली।** सैनी विकास संस्था संगठन के तत्वाधान में आदर्श नगर स्थित सैनी सभा भवन में रविवार को सामूहिक विवाह समिति के तृतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। आगामी 10 जुलाई को आयोजित किये जाने वाले द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रचार-प्रसार में समिति के अध्यक्ष बबलू बबेरवाल, उपाध्यक्ष रामस्वरूप रोलावन, रामअवतार मिस्त्री, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, सचिव प्रमोद कुमार सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, सुंदरलाल नेताजी, सीताराम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुभाष सैनी, राधेश्याम, राजू टेलर आदि ने भाग लिया।

# चोरों ने एक रात में चार दुकानों में की चोरी की वारदात

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर व उपखण्ड क्षेत्र में शुक्रवार की रात को चोरों ने धमाचौकड़ी मचाते हुए एक के बाद एक चार दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे पुलिस के दावे व रात्री गश्त की पोल खोल मौक से फरार हो गये।

चोरी की वारदातों के फुटेज सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। मामले के अनुसार शुक्रवार की रात मालपुरा शहर में पहली चोरी की वारदात रात साढे नौ बजे नवीन मंडी स्थित बाजार में

- **सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए फुटेज, रात्री गश्त के दावों की खुली पोल**



मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में चोरों ने चार दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

देवीलाल बाल किशन सोनी की दुकान में हुई जिसमें लगभग 20 वर्षीय युवक ने अपने शर्ट से सिर व चेहरा ढक बैखोफ होकर दुकान में घुस गल्ले में रखे 8640 रूपये की नगदी चुरा ली। आश्चर्य कि बात तो यह रही कि दुकान में लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण होने के बावजूद चोर ने महज नगदी पर ही हाथ साफ कर सुरक्षित निकल गया। सम्पूर्ण घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दूसरी चोरी की वारदात ट्रक स्टेण्ड चौराहे पर हुई जिसमें चोरों ने लौहे के सरिये से शट्टर तोड़ गल्ले में रखी नगदी चुरा ले गये।

तीसरी वारदात शनिवार की अल सवेरे पीनणी रोड चौराहे स्थित ऋषभ किराणा स्टोर पर हुई जहां भी चोरों ने लौहे की राड से शट्टर तोड गल्ले में रखी नगदी चुराई। तीनो चोरी की वारदातों में चोरों ने महज नगदी चुराई अन्य सामान चुराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। चौथी वारदात लाम्बाहरिसिंह कस्बे में हुई जहां दुकान का शट्टर तोडने के दौरान ही धमाके की आवाज सुन जाग होने पर चोर वहां से भी गल्ले में रखी नगदी पर ही हाथ साफ कर भाग छूटे। चोरी की वारदात के फुटेज पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए जिसमे शातिर चोर लग्जरी कार में सवार हो भागते नजर आये।

एक रात में दो थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की चार वारदातों में से दो वारदातें सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ खाली रहे। अस्पताल रोड से डॉ. जीतराम मीणा की चोरी हुई लग्जरी कार के फुटेज देने के बाद भी एक महिने बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा। आखिर पुलिस की मोबाईल टीम रात्री गश्त कहां कर रही है अगर कर रही है तो चोरी की वारदातें कैसे हो रही है।

## दुष्कर्म पीड़िता ने खाया कीटनाशक

**टोंक, (निसं)।** पीपलू क्षेत्र के एक गांव की निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपी व उसके परिचितों द्वारा राजीनामे के दबाव बनाने के चलते शनिवार को तनाव में आकर कीटनाशक खा लिया। गम्भीर अवस्था में पीड़िता को पीपलू के सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे गंभीर हालात में टोंक सआदत अस्पताल के लिए रेफर किया। जहां फिलहाल पीड़िता का उपचार जारी है।

पीड़िता ने बताया कि उसका पति दुष्कर्म के आरोपी की पानी के कैंपर की गाड़ी चलाता था। 15 मई को पीड़िता का पति समय पर घर नहीं आया तो वह आरोपी व्यक्ति के पास पति के बारे में पूछने गई थी। वहां पहुंची तो आरोपी ने बताया कि वह कैंपर सप्लाई करने गया है। साथ ही उसे खाली कैंपरों को साफ करने को कहा। इस पर पीड़िता आरोपी के मकान के अंदर चली गई। इस बीच आरोपी ने मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने इस बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। साथ ही आरोपी ने कहा कि चाहे तो कितने भी पैसे ले लो, लेकिन अपने पति और पुलिस को इस बारे में मत बताना। पीडिता ने बताया कि अपने घर लौट आई। थोडी देर बाद उसका पति घर पहुंचा तो उसने आपबीती बताई। शुरुआत में तो दोनों ने शर्म के मारे किसी को कुछ नहीं बताया लेकिन बाद में दोनों ने सोच-विचार कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराने का फैसला लिया। पीडिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी, उसके परिजनों द्वारा जमीन लेकर दर्ज हुए मामले को रफा दफा करने की बात कही जा रही है।

## सार-समाचार

### इमरान खान मर्डर का एक और आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश शर्मा वृत्तिधकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड ने पुलिस की विशेष टीमें गठित कर इमरान खान मर्डर में फरार चल रहे एक और आरोपी को हरियाणा के भिवानी से गिरफ्तार कर लिया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने 13 मार्च 2022 को फुलेरा थाना क्षेत्र के गोरधनपुरा निवासी इमरान खान पुत्र लाल मोहम्मद सांई मुसलमान की फायरिंग कर हत्या के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी भरपूर सिंह को हरियाणा के भिवानी से गिरफ्तार किया है। जबकि इससे पूर्व वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी विवेक सैनी, खेमचंद सैनी उर्फ बंटी को 14 मार्च 2022 को ही गिरफ्तार किया जा चुका था। साथ ही अनुसंधान में हत्या में प्रयुक्त पिस्टल को भी जप्त किया जा चुका था। वहीं 29 मई 2022 को तीसरे आरोपी नवीन गढ़वाल को गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में शनिवार 4 जून को चौथे आरोपी भरपूर सिंह पुत्र विजय सिंह जाति राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी बोन्दिया परमार मौहल्ला बापोडा थाना क्षेत्र भिवानी सदर जिला भिवानी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है।

### भाजपा महिला मोर्चा का कार्यक्रम

**निवाई।** केन्द्र में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर महिला मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को डाक बंगले में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रमुख सरोज बंसल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि 8 वर्षों में मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करोडों गरीब लोग लाभान्वित हुए है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से 70 वर्षों के कार्य मात्र 8 वर्ष में ही पूर कर प्रधानमंत्री दुनिया के श्रेष्ठ नायक बन गए है। जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 8 वर्ष के कार्यकाल की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष कौशल्या शर्मा, सुमन साहू, जयश्री डासवाणी, शकुंतला पारीक, ज्योति व्यास सहित कई महिलाएं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### नवीन व नानग शर्मा का अभिनंदन

**चौंमू / कालाडेरा।** सर्व ब्राह्मण महासभा चौंमू नगर कार्यकारिणी द्वारा चौंमू शहर की मोरीजा रोड़ पर स्थित कागल्या वाला हनुमान मंदिर परिसर में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा एवं प्रदेश संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि नानग राम शर्मा का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा माल्यार्पण कर, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री परशुराम जी की तस्वीर भेंटकर अभिनंदन किया गया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। चौंमू नगर अध्यक्ष ब्रह्मदत्त मिश्रा एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेन्द्र भातरा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद बालकृष्ण भारद्वाज रहे ,अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने की, विशिष्ट अतिथि हजारी लाल शर्मा, ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी चौंमू विष्णु दत्त शर्मा ,मोरीजा उपसरपंच सुदर्शन शर्मा, मदन मोहन तिवारी , पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा रहे।

### अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का सम्मेलन आज

**जयपुर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति अलवर का जिला सम्मेलन 5 जून, रविवार को प्रातः 10 बजे, राज गुप्ता सभागार (पुराना बरफखाना) में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में संगठन की प्रांतीय महासचिव डॉक्टर सीमा जैन एवं अलवर जिले की प्रभारी कविता शर्मा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगी। सम्मेलन में पिछले 3 वर्ष के कार्यों एवं निर्णयों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अगले तीन वर्ष के लिए नई जिला कमेटी एवं पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न इकाइयों से करीब 50 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# नलों में आ रहा गंदा पानी, लोगों की बढ़ी परेशानी

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के विभिन्न वार्डों के जलदाय विभाग के नलों में गंदा पानी आने लगा है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोग मजबूर होकर गंदे पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं इससे लोगों में जल जनित रोग पीलिया, डायरिया आदि फैलने का खतरा बढ़ गया है।

जिस तरह नलों से आम जनता को गंदा पानी परोसा जा रहा है इससे यह नहीं लगता कि जल संयत्र में जल शोधक प्लांट से उसका शुद्धिकरण किया जा रहा हो। वार्ड 19 पार्षद दिनेश शर्मा, मुकेश जांगिड, कालूराम मीणा, रंगलाल मीणा सहित कॉलोनी वासियों ने बताया कि आईडीएसएमटी कॉलोनी वाल्मीकि शमशान वाली लाइन में विगत कुछ दिनों से गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है, समस्या से अवगत करवाने के बाद कर्मचारियों को भेज दिया जाता है, कर्मचारियों द्वारा फॉर्मेलिटी की जाती है,



चाकसू के विभिन्न वार्डों में नलों से गंदा पानी आ रहा है।

एक दिन पानी ठीक आता है। अगर आज कल में स्थाई समाधान नहीं होता है तो पीएचईडी कार्यालय के बाहर उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## सहस्त्र चंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की जुट रही भीड़

**लालसोट।** उपखंड के डीडवाना ग्राम में मां जोबनेर ज्वाला के यहां आयोजित हो रहे सहस्त्र चंडी महायज्ञ में संतों का समागम एक तरफ जहां धार्मिक सुख की अनुभूति करा रहा है तो दूसरी ओर इस सहस्त्र चंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की जुट रही अपार भीड़ इस महायज्ञ के धार्मिक महत्व को बढ़ा रही है। शनिवार को सहस्त्र चंडी महायज्ञ के दौरान मां जोबनेर ज्वाला की अलौकिक मनभावन भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। इसका बडी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन लाभ प्राप्त किया गया। इस सहस्त्र चंडी महायज्ञ के दौरान भोर की पहली किरण के साथ यज्ञ पंडाल से ध्वनि एवं यज्ञ के कुडों पर धार्मिक मंत्रों से परिपूर्ण की आहुति पर्यावरण में व्याप्त नकारात्मक ऊर्जा को भी समाप्त करते भी नजर आती है। इस सहस्त्र चंडी महायज्ञ के दौरान देश प्रदेश से आए ख्याति प्राप्त साधु संतों का समागम श्रद्धालुओं को धार्मिक सुख की अनुभूति करा रहा है। इस दौरान माँ जोबनेर ज्वाला ब्रह्माणी मंदिर की अलौकिक छटा, वंदनीय एवं पूजनीय साधु-सन्तों का सानिंध्य, पूज्य आचार्य और वेदपाठी ब्राह्मणों के मुखारविंद से निसृत कर्ण विवरों में अमृत घोलती वैदिक मंत्रों की स्वर लहरियां, भागवत कथा श्रवण, कृष्ण रास लीला, महायज्ञ की महाप्रसादी लेते भक्तगण एवं दिव्य 21 कुण्डों से सुसज्जित यह महायज्ञ शाला वातावरण को धार्मिक बना रहे हैं।

## शहरी रोजगार गारण्टी योजना पर अमल करने के निर्देश

**सांभरझील, (निसं)।** प्रदेश सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र की तर्ज पर अब शहरी क्षेत्रों में 100 दिवसीय इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारण्टी योजना के तहत लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाये, इसके लिये बाकायदा स्वायत्त शासन विभाग की ओर से पूरा खाका तैयार कर इस पर अमल सुनिश्चित किये जाने के लिये दिशा निर्देश भी दिये जा चुके है।

स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं संयुक्त सचिव ह्रदेश कुमार शर्मा की ओर से संविदा पदों को भरने के लिये जिला कलेक्टर को भी लिखा गया है। कार्य योजना से सम्बन्धित सूचना को गूगल ड्राइव पर डालने व उन्हें इस आशय की सूचना भिजवाये जाने के लिये पहले से ही निर्देश दिये प्रदान किये गये है। इस मामले में ईओ मनीषा यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसरण

- **प्रारम्भिक तैयारियों में जुटी पालिका, रोजगार पाने के लिये आवेदन भी मांगे**

में हमारे स्तर से इसकी तैयारियों को प्रारंभिक स्तर पर शुरू कर दिया गया है। कोई भी पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन पेश कर सकता है। विभाग से आगामी आदेश प्राप्त होने पर उसी अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

वहीं जानकारी में यह भी आया है कि रोजगार के लिये आवेदन फार्म नगरपालिका से मांगे जाने पर एक बाबू से दूसरे बाबू के पास भेजकर टरकाया जा रहा है, तथा बताया जा रहा है कि जरूरतमंद लोगों को फार्म प्राप्त करने के लिये वार्ड पार्षद से सम्पर्क करने के लिये बोला जा रहा है।

## गौशाला में वॉटर कूलर का किया उद्घाटन

**कोटपूतली।** ग्राम खेड़ा निहालपुरा स्थित श्री राधाकृष्ण गौशाला में भीषण गर्मी के मौसम में आमजन को शीतल जल उपलब्ध करवाने के ध्येय से भामाशाह डॉ. अश्वनी गोयल, गौरव व हार्दिक गोयल द्वारा लगवाये गये नये वॉटर कूलर का उद्घाटन शनिवार को गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के प्रतिनिधि मधुर यादव द्वारा बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया गया। इस दौरान यादव ने कहा कि गर्मी में ग्रामीणों को राहत देने के उद्देश्य से शीतल जल का प्रबंध करना बेहद धार्मिक व पुण्य का कार्य है। अध्यक्षता एडीएम जगदीश आर्य ने की। सभी अतिथियों का माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में कोटपूतली नगर परिषद् सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गा प्रसाद सैनी, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी ने भी विचार व्यक्त किये।

# ग्राम पंचायत खेलना के वार्डों के लोग पानी के अभाव में परेशान

**पावटा, (निसं)।** पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खेलना के कई वार्डों में पानी की समस्या के चलते ग्रामीण परेशान हैं। पानी की समस्या से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया व धरने पर बैठ गए।

उन्होंने जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर को अवगत करवाकर पानी की सुचारू करवाने की मांग की। वहीं पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने मौके पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों से दूरभाष के जरिये बात कर हाथों हाथ आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर को पानी की स्पलाई सुचारू करवाने की मांग की। वहीं जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर ने बताया कि ग्राम खेलना में चिन्हित स्थान श्मशान के पास टंकी बनाई जा रही है। जिससे पानी की




पानी की समस्या से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया व धरने पर बैठ गए।

समस्या से निजात मिलेगी। जिस कार्य से ग्रामीण संतुष्ट हो वही कार्य किया जायेगा। ग्राम खेलना के वार्डों में पाइप लाइन पूरी नहीं होने तक पानी के टैंकरों द्वारा पानी की स्पलाई भिजवाने का निर्णय लिया। जिस पर ग्रामीणों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी का निवास स्थान पर बुला

- **वार्डों में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन**

कर माला व साफा पहनाकर मान समान दिया।

प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने कहा कि पावटा प्रधान पूजा चौधरी के कार्यकाल में जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी आप सभी के आशीर्वाद से ही मुझे विकास कार्य करने की शक्ति मिलती है। इस मौके पर पूर्व सरपंच गोकुलचंद सैनी, उप सरपंच ग्यारसीलाल यादव, पूर्व चेयरमैन बनवारी यादव, विक्रम दान्तला, प्रह्लाद, कल्याण खारवाल, सूरज राम यादव, भागीरथ यादव, रामकुवार यादव व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे ।




| ENTRY | AFCAT Entry | NCC Special Entry | Meteorology Entry |
|---|---|---|---|
| BRANCHES | Flying/ Technical/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education | Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory) | Meteorology |

- Online test only for AFCAT entry
- Aadhaar card is mandatory for online registration
- Registration starts from **01 June 2022** till **30 June 2022**
- For more details, refer to Employment News dated **28 May 2022** and for detailed notification, visit our website **careerindianairforce.cdac.in** and **afcat.cdac.in**

For updates, follow us on
DISHA by Indian Air Force
CareerinIAF careerniaf

DAVP 10801/13/0005/2223

'DISHA' Cell, Air Headquarters, Vayu Bhawan, Motilal Nehru Marg, New Delhi - 110106
Tel: 011-23013690 | Toll-free No.: 1800-11-2448 | E-mail: career.iaf@nic.in



हर साल महिला और पुरूष क्रिकेट का एक टूर्नमेंट है। इसके अलावा घरेलू लीग बढती जा रही है। इससे द्विपक्षीय श्रृंखलायें छोटी हो रही है।"

- ग्रेग बार्कले

आईसीसी चेयरमैन चेताते हुये घरेलू टी-20 लीग बढ़ने से कम हो सकते है टेस्ट मैच।

**आज का खिलाड़ी**

### मिशेल मार्श



दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श ने कहा कि खिताब की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उनकी टीम का हार का सामना कर फाइनल में जगह बनाने के मौके से चूकना निराशाजनक था।

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की पांच विकेट की हार से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम प्लेऑफ का टिकट कटाने में सफल रही। श्रीलंका के खिलाफ सात जून से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले इस 30 वर्षीय हरफनमौला ने यहां कहा, " यह निराशाजनक है कि हम (आईपीएल) फाइनल में नहीं पहुंच सके।"

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत को 1950 (ब्राजील) के विश्व कप फुटबॉल में फीफा ने इसलिए खेलने से रोक दिया क्योंकि वह नंगे पैर यहां खेलना चाहता था।

# स्वीयाटेक दूसरी बार बनी फ्रेंच ओपन चैम्पियन

## अमेरिका की कोको गॉफ को 6-1, 6-3 से रौंदा



पेरिस, 04 जून। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने फ़ाइनल में अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ को निर्मम अंदाज में शनिवार को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरी बार फ्रेंच ओपन का महिला खिताब जीत लिया।

2020 फ्रेंच ओपन विजेता स्वीयाटेक ने इस जीत के साथ इस सदी में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली अमेरिका की वीनस विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी की और खिताब अपने नाम किया। स्वीयाटेक ने अपने पिछले छह टूर्नामेंट जीत लिए हैं और इस सत्र में अपना रिकॉर्ड 42-3 पहुंचा दिया है।

दूसरी तरफ अपना पहला ग्रैंड स्लेम फ़ाइनल खेल रही गॉफ खिताबी मुकाबले में स्वीयाटेक के सामने कोई ख़ास चुनौती पेश नहीं कर सकीं और लगातार सेटों में हार गयीं।

इगा स्वीयाटेक को इस मुकाबले को जीतने में सिर्फ 68 मिनट ही लगे। पहले सेट में हारने के बाद दूसरे सेट में गॉफ ने स्वीयाटेकक का सर्विस ब्रेक किया और 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करके हुए सेट के साथ ही टाइटल अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड नंबर-23 गॉफ के पास 2006 में मारिया शारापोवा के बाद ग्रैंड स्लैम जीतने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बनने का मौका था, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। मुकाबले में हार के बाद गॉफ की आखों से आंसू निकल आए। पूरे मुकाबले में एक बार भी नहीं लगा कि गॉफ वर्ल्ड कप एक महिला खिलाड़ी स्वीयाटेक को टक्कर दे पा रही हैं। 18 साल की कोको गॉफ का यह पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल मुकाबला था।

21 साल की इगा स्वीयाटेक ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीता। उन्होंने इससे पहले 2020 में महिला सिंगल्स का फाइनल जीता था। इसके अलावा उन्होंने कोई ग्रैंड स्लैम का खिताब नहीं जीता है। यह उनकी लगातार 35वीं जीत भी है। उनका यह लगातार छठा खिताब है। उन्होंने लगातार 35 मैच जीतने के वीनस विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है।

स्वीयाटेक को अभी तक अपने सिंगल्स करियर के फाइनल में हार नहीं मिली है। उनका यह 9वां फाइनल मुकाबला था और सभी में उन्होंने विपक्षी खिलाड़ी को पटखनी दी है। इस मैच को देखने के लिए पोलैंड के स्टार फुटबॉलर रॉबर्ट लेवानडोव्स्की भी स्टेडियम में पहुंचे थे। जीत के बाद ने उन्हें स्टैंड्स में जाकर गले लगा लिया।

स्वीयाटेक पोलैंड के लिए फ्रेंच ओपन जीतने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उनके अलावा अब तक पोलैंड के किसी पुरुष या महिला खिलाड़ी ने एकल वर्ग में खिताब नहीं जीता है। स्वीयाटेक दो फ्रेंच ओपन जीतने वाली 11वीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

इस मामले में उन्होंने रूस की मारिया शारापोवा और अमेरिका की मार्टिना नवरातिलोवा की बराबरी कर ली। सबसे ज्यादा फ्रेंच ओपन जीतने वाली महिला खिलाड़ी अमेरिका की क्रिस एवर्ट हैं। एवर्ट 1974, 1975, 1979, 1980, 1983, 1985 और 1986 में जीती थीं।

कोको गॉफ पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। स्वीयाटेक के जीतते ही गॉफ रोने लगीं। काफी देर तक रोने के बाद वो शांत हुईं। कोको ऑस्ट्रेलियन ओपन और विम्बलडन ओपन के चौथे राउंड तक पहुंच चुकी हैं। 2019 (विम्बलडन) में पहली बार वह किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंची थीं। उनका तीन साल का लंबा इंतजार फ्रेंच ओपन में खत्म हुआ। इस बार फाइनल में तो पहुंचीं, लेकिन जीत नहीं हासिल कर सकी। उन्हें अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए इंतजार करना होगा।

## ब्रॉड की हैट्रिक से न्यूजीलैंड 285 पर ढेर, इंग्लैंड के सामने 277 का लक्ष्य

लंदन, 04 जून। तेज़ गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड की हैट्रिक की बदौलत इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड को पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 285 रन पर रोक दिया जिससे उसे मैच जीतने के लिए 277 रन का लक्ष्य मिला है न्यूज़ीलैंड जब तीसरे दिन बल्लेबाज़ी करने उतरी तो वह चार विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाकर मज़बूत स्थिति में थी, लेकिन इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ों ने नयी गेंद का फायदा उठाकर 49 रन के अंदर छह विकेट चटके और कीवियों को 285 रन पर रोक दिया। पहली पारी में नौ रन की बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड के सामने मैच जीतने के लिये 277 रन का लक्ष्य है।न्यूज़ीलैंड के लिये डैरिल मिचेल ने सबसे ज़्यादा 108 रन बनाये। टॉम ब्लंडेल अपने शतक से चूक गये और जेम्स एंडरसन ने उन्हें 96 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन लौटा दिया। ब्रॉड ने पारी के 84वें ओवर में लगातार तीन विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। इंग्लैंड के लिये एंडरसन ने दो, मैथ्यू पार्किंसन ने एक और पॉट्स-ब्रॉड ने तीन तीन विकेट लिये।

## पुड्डुचेरी के पांड्या ने एक ओवर में लगाये छह छक्के

पुड्डुचेरी, 04 जून। पुड्डुचेरी में चल रही पॉन्डिचेरी टी10 लीग में पैट्रियट के खिलाड़ी कृष्णा पांड्या ने एक ओवर में छह छक्के लगाकर विपक्षी टीम रॉयल्स के छक्के छुड़ा दिये।

रॉयल्स बनाम पैट्रियट के शुक्रवार के मुकाबले में पांड्या ने यह कारनामा दूसरी पारी के छठे ओवर में किया। रॉयल्स के 157 रन का पीछा करते हुए पैट्रियट ने पांच ओवर में 41 रन ही बनाये थे और उन्हें बचे हुए पांच ओवर में 117 रन की दरकार थी।

कृष्णा पांड्या ने पारी का गियर बदलते हुए छठे ओवर में नितेश ठाकुर को निशाना बनाया और उनकी छह गेंदों पर छह छक्के जड़ दिये। पांड्या ने 19 गेंदें खेलकर 12 छक्कों और दो चौकों की बदौलत 83 रन बनाये, हालांकि उनकी टीम 10 ओवर में 153 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गयी।

इस आतिशी पारी के लिये पांड्या को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

फ्रेंच ओपन

## रुड अपने पहले फ़ाइनल में, खिताबी टक्कर क्ले कोर्ट किंग नडाल से

### सेमीफाइनल में क्रोएशिया के मारिन सिलिच को हराया

पेरिस, 04 जून। नॉर्वे के 23 वर्षीय कैस्पर रुड ने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में क्रोएशिया के मारिन सिलिच को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां रविवार को उनका मुकाबला लाल बजरी के बेताज बादशाह और 13 बार के विजेता स्पेन के राफेल नडाल से होगा।

कोर्ट फिलिप चेट्रीर में शुक्रवार को हुए दूसरे सेमीफाइनल में रुड ने सिलिच को 3-6, 6-4, 6-2, 6-2 से मात दी। पहले सेट में हारने के बाद रुड ने वापसी करते हुए सिलिच के सामने बेहतरीन शॉट खेले और अगले तीनों सेट जीतकर फाइनल में सीट पक्की की।

धीमे क्ले-कोर्ट पर रुड ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सिलिच की बड़ी सर्विस पर शानदार हिटिंग की और शक्तिशाली बैकहैंड शॉट खेलते हुए सेमीफाइनल को सिलिच से दूर ले गये।

तीसरे सेट तक आते-आते सिलिच मुकाबले से बाहर होते रहे और रुड के फ़ोरहैंड शॉट्स का जवाब न दे सके। लाल बजरी पर नडाल के उत्तराधिकारी कहे जाने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने कहा कि फाइनल में नडाल के विरुद्ध खेलना उनके लिये सम्मान की बात होगी। इससे पहले रुड और नडाल कभी आमने-सामने नहीं आये हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हुए पहले सेमीफाइनल में राफ़ेल नडाल ने एलेक्ज़ेंडर ज़्वेरेव के रिटायर होने के बाद अपने 14वें फ्रेंच ओपन फाइनल में जगह बना ली। ज़्वेरेव की दाएं टखने में चोट लगने के बाद उन्हें व्हीलचेयर पर कोर्ट से बाहर ले जाया गया और वह रिटायर हो गये थे।

## कोएत्जर ने छोड़ी स्कॉटलैंड की कप्तानी

एडिनबर्ग, 04 जून। स्कॉटलैंड के कप्तान काइल कोएत्जर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। 38 वर्षीय कोएत्जर ने यूएई के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग-2 मैच से पहले अपने फैसले की घोषणा की।

क्रिकेट स्कॉटलैंड के बताया कि जुलाई में नामीबिया और नेपाल के खिलाफ श्रृंखला से पहले स्कॉटलैंड के नए कप्तान की नियुक्ति की जाएगी।

कोएत्जरने कहा कि उनकी खेलना बंद करने की कोई इच्छा नहीं है और आने वाले समय में एक नए कप्तान के नीचे स्कॉटलैंड के लिये खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने 110 मैचों में स्कॉटलैंड का नेतृत्व किया, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात में 2021 टी20 विश्व कप में सुपर 12 गेम शामिल हैं। वह स्कॉटलैंड के तीसरे सबसे अधिक कैप्ड खिलाड़ी हैं।

कोएत्जरने एक बयान में कहा, मैंने स्कॉटलैंड पुरुष टीम की कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले के बारे में बहुत समय तक विचार किया है और फैसला किया है कि संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ यह टेस्ट बतौर कप्तान मेरा आखिरी टेस्ट होगा।

## लॉर्ड्स में खेला जा सकता है विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फ़ाइनल

### पिछले साल खेला गया डब्ल्यूटीसी का फ़ाइनल मैच लॉर्ड्स में खेला जाना था लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह साउथम्पटन में खेला गया था।

लंदन, 04 जून। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) को आख़िरकार लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर अपना फ़ाइनल मुक़ाबला मिल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस समय लॉर्ड्स पर फ़ाइनल मैच के आयोजन पर विचार कर रहा है।

पिछले साल खेला गया डब्ल्यूटीसी का फ़ाइनल मैच लॉर्ड्स में खेला जाना था लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह साउथम्पटन में खेला गया था। उस दौरान यूके में कोरोना संबंधित प्रतिबंध हटाए जा रहे थे। साथ ही साउथम्पटन मैदान पर होटल होने के कारण खिलाड़ियों को बायो-बबल में रखना आसान होता। भारत को हराकर न्यूज़ीलैंड पहला विश्व टेस्ट चैंपियन बना था।

अब जब यूके में कोरोना के सारे प्रतिबंध हट गए हैं और बायो-बबल से राहत दी जा रही है, आईसीसी को उम्मीद है कि वह लॉर्ड्स में फ़ाइनल का आयोजन कर पाएगा। आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच चल रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टी ब्रेक के दौरान बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यह (फ़ाइनल मैच) हमारी उम्मीदानुसार लॉर्ड्स के लिए निर्धारित है।"

उन्होंने आगे कहा, "जून का महीना होने के कारण दूसरे अन्य मैदान वैसे ही संभावित मेज़बानों की सूची से बाहर हो जाते हैं। हम कोविड से बाहर आ चुके हैं। इरादा यही है कि अगर हम सभी आयोजन कर पाए तो यह मैच लॉर्ड्स में ही खेला जाएगा।"

इस निर्णय को अंतिम रूप देने से पहले अभी कुछ काम किया जाना बाक़ी है। हालांकि आईसीसी अगले महीने अपनी वार्षिक बैठक में आयोजन स्थल की घोषणा करने की उम्मीद कर रहा है।

## हॉकी-5 के पहले दिन उरुग्वे और पोलैंड से हारी भारतीय महिला टीम

लुसाने, 04 जून। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी 5 के अपने पहले मुकाबलों में शनिवार को उरुग्वे से 3-4 से और पोलैंड से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

दिन के पहले मैच में अजमीना कुजूर (1, 7), और वैष्णवी विथल फाल्के (18) ने भारत के लिए गोल किये जबकि उरुग्वे की कप्तान टेरेसा विएना (2, 10, 19) ने अपनी टीम के लिए हैट्रिक दागी और विजेता टीम का एक अन्य गोल मनुएला विलार (6) ने किया।

दिन के दूसरे मैच में भारत का एकमात्र गोल रश्मिता मिंज (6) ने किया जबकि पोलैंड की तरफ से कप्तान मोनिका पोलूकजाक (16), अमेलिया कतर्ला (18) और नतास्ज़ा सुस्जिंस्का ने गोल किये।

## डेनमार्क ने फ्रांस को हराकर उलटफेर किया, नीदरलैंड ने बेल्जियम को पराजित किया

ब्रसेल्स, 4 जून। डेनमार्क ने शुक्रवार को यहां नेशन्स लीग में अपने शुरूआती फुटबॉल मैच में मौजूदा चैम्पियन फ्रांस को 2-1 से हराकर उलटफेर किया।

इस हार से विश्व चैम्पियन फ्रांस की सात मैचों में लगातार जीत की लय टूट गयी।

करीम बेंजेमा ने मेजबान टीम को बढ़त दिला दी थी लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी आंद्रियास कोर्नेलियस ने दो गोल कर डेनमार्क को 2002 विश्व कप के बाद फ्रांस पर पहली जीत करने में मदद की।

कोर्नेलियस ने 68वें मिनट में शानदार वॉली से पहले अपनी टीम को 1-1 से बराबर किया, फिर 88वें मिनट में विजयी गोल किया।

वहीं शीर्ष टीयर लीग ए के एक अन्य ग्रुप मैच में मेम्फिस डीपे के दो गोल से नीदरलैंड ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बेल्जियम पर 25 साल में 4-1 से पहली जीत दर्ज की।

चैम्पियंस लीग के फाइनल में दर्शकों ने काफी उत्पात किया था लेकिन इस बार स्टाडे डि फ्रांस में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## शकीरा ने फुटबॉल स्टार पिके से अलग होने की पुष्टि की

मैड्रिड, 4 जून। कंबोडिया की पॉप स्टार शकीरा और उनके साथी स्पेनिश फुटबॉल खिलाड़ी गेरार्ड पिके अलग हो रहे हैं। इसकी जानकारी दोनों ने शनिवार को जारी बयान में दी।

दोनों ने शकीरा की जनसंपर्क फर्म द्वारा जारी बयान में कहा, "हमें यह पुष्टि करते हुए अफसोस हो रहा है कि हम अलग हो रहे हैं।" हालांकि दोनों की शादी नहीं हुई है।

इसमें कहा गया, "हमारे बच्चों की भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है, हम चाहते हैं कि आप हमारी निजता का सम्मान करें। समझने के लिये धन्यवाद।"

शकीरा (45 वर्ष) की मुलाकात बार्सिलोना के डिफेंडर पिके से 2010 विश्व कप गान "वाका वाका" (दिस टाइम फॉर अफ्रीका) के प्रमोशन (प्रचार) के दौरान हो हुई थी।

दोनों के दो बच्चे साशा और मिलान हैं।

स्पेनिश मीडिया में हाल में दोनों के अलग होने की अटकलें चल रही थीं। खबरों में कहा जा रहा था कि पिके (35 वर्ष) बार्सिलोना में अपना घर छोड़कर शहर में अकेले कहीं और रह रहे थे।

रणजी ट्रॉफी

## आईपीएल के सितारों पर टिकी यूपी की उम्मीद

बेंगलुरु, 04 जून। लीग चरण के अंतिम दिन तक अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए यूपी और विदर्भ के बीच संघर्ष जारी था। अपने अंतिम लीग मैच में महाराष्ट्र को हराकर यूपी ने क्वार्टर-फ़ाइनल में प्रवेश किया। छह पारियों में 300 रन बनाकर रिंकू सिंह इस सीज़न में यूपी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ बनकर उभरे हैं। आईपीएल में धूम मचाने के बाद यश दयाल और मोहसिन ख़ान गेंदबाज़ी का भार संभालेंगे जबकि प्रियम गर्ग और अक्षदीप नाथ रिंकू के साथ बल्लेबाज़ी को मज़बूती प्रदान करेंगे।

**झारखंड:** 2016-17 में सेमीफ़ाइनल में पहुंचने के बाद से झारखंड सबकी नज़रों से छिपते-छिपाते आगे बढ़ रही है। पहले मैच में शाहबाज़ नदीम के 10 विकेटों के दम पर उन्होंने दिल्ली को क़रीबी मुक़ाबले में हराया। अगले मैच में बल्लेबाज़ों ने निराश किया और टीम दोनों पारियों में 170 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाई और उसे छत्तीसगढ़ के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अंतिम लीग मैच में तमिलनाडु ने लगभग उन्हें मैच से बाहर कर दिया था जब कुमार कुशाग्र के नेतृत्व में निचले क्रम ने टीम को दो विकेट से जीत दिलाई।

क्वार्टर-फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए झारखंड को प्री-क्वार्टर-फ़ाइनल में प्लेट ग्रुप की विजेता नागालैंड का सामना करना पड़ा। पहली पारी में 880 रन बनाने के बाद उन्होंने नागालैंड को 289 पर रोका और दूसरी पारी में 1008 रनों की बढ़त लेने के बाद दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाकर मैच को ड्रॉ करने पर सहमति जताई।

**पंजाब:** युवा प्रभसिमरन सिंह, अभिषेक शर्मा, अनमोलप्रीत सिंह के साथ-साथ अनुभवी मंदीप सिंह और गुरकीरत सिंह मान के रूप में पंजाब के पास एक दमदार बल्लेबाज़ी क्रम है। विकेटकीपर अनमोल मल्होत्रा बल्लेबाज़ी को और गहराई प्रदान करते हैं। 26 वर्षीय मल्होत्रा पिछले तीन सीज़नों में कई बार टीम के संकटमोचक बनकर उभरे हैं।

अधिकतर मौक़ों पर इनमें से किसी एक बल्लेबाज़ ने अपना हाथ खड़ा किया है और बल्लेबाज़ी की ज़िम्मेदारी संभाली है। नॉकआउट चरण में उन्हें अर्शदीप सिंह की ग़ैरमौजूदगी से निपटना होगा जो साउथ अफ़्रीका सीरीज़ के लिए भारतीय टी20 टीम का हिस्सा होंगे। सिद्धार्थ कौल अब गेंदबाज़ी क्रम का नेतृत्व करेंगे।

**उत्तराखंड:** रणजी ट्रॉफ़ी में तीन सीज़न में दूसरी बार उत्तराखंड ने क्वार्टर-फ़ाइनल में प्रवेश किया है। यह मौक़ा और भी ख़ास है क्योंकि इस बार वह अपने एलीट ग्रुप के शीर्ष पर रहकर अंतिम आठ में पहुंची है। क्वार्टर-फ़ाइनल में उनका सामना होगा टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार मुंबई के साथ।

उत्तराखंड के कप्तान जय बिस्टा ने मुंबई के लिए खेलते हुए अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था और अब वह उसी टीम के ख़िलाफ़ खेलेंगे। मुंबई के निवासी बिस्टा खेलने के मौक़े नहीं मिलने के कारण दो सीज़न पहले उत्तराखंड चले गए थे। बिस्टा के अलावा टीम रॉबिन बिष्ट और स्वप्निल सिंह के अनुभव पर भी निर्भर करेगी। रॉबिन रणजी चैंपियन रह चुकी राजस्थान टीम का हिस्सा थे जबकि स्वप्निल कई वर्षों तक बड़ौदा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

छेत्री की प्रशंसकों से अपील

## 'आपके आने से काफी फर्क पड़ता है, मैदान में हमारा समर्थन करें'

कोलकाता, 4 जून। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने आठ जून से यहां शुरू होने वाले एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) एशियाई कप के दौरान प्रशंसकों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचने की अपील करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी मौजूदगी से 'काफी फर्क' पड़ता है।

छेत्री ने चार साल पहले भी मुंबई में 'इंटर-कॉन्टिनेंटल कप' के दौरान प्रशंसकों से भावनात्मक अपील की थी। अगले दिन दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में भारतीय टीम ने कीनिया को 3-0 से करारी शिकस्त दी थी।

एशियाई कप के क्वालीफायर के ग्रुप डी के मैच फुटबॉल की दिवानगी के लिए जाने जाने वाले कोलकाता में आयोजित होंगे। इस महीने की 12 तारीख को अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के 17 साल पूरे करने जा रहे छेत्री ने कहा कि 70,000 प्रशंसकों की क्षमता वाले साल्ट लेक स्टेडियम में उनकी मौजूदगी 'बड़ा अंतर' पैदा कर सकती हैं।

भारतीय फुटबॉल टीम के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में अग्रिम पंक्ति के इस दिग्गज ने कहा, " मेरा मतलब है कि मैं वास्तव में आप लोगों से प्यार करता हूं। आपका साथ मिलने पर हम खुद को एक अलग स्तर पर महसूस करते है।"

भारतीय टीम आठ जून को कंबोडिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद टीम के सामने अफगानिस्तान (11 जून) और हांगकांग (14 जून) की चुनौती होगी।

छेत्री ने कहा, "जो तीन टीमें हमारे खिलाफ खेलने जा रही हैं, उन्हें हमारे साथ साथ, आप के खिलाफ भी खेलना होगा। आपकी मौजूदगी हमारे लिए काफी फर्क पैदा करेगी। अगर आपके पास समय है तो कृपया मैदान में आये। हम इसे आप लोगों के लिए एक अच्छा अनुभव बनाने की कोशिश करेंगे।"

अक्टूबर 2019 के बाद यह भारत का पहला घरेलू मैच होगा। पिछले मुकाबले में 61,486 दर्शकों की मौजूदगी में बांग्लादेश की टीम ने उन्हें साल्ट लेक स्टेडियम में 1-1 से बराबरी पर रोक दिया था।

छेत्री ने कहा, "पिछली बार, जब हम यहां बांग्लादेश के खिलाफ खेले थे तब स्टेडियम में 50,000 ये अधिक दर्शक थे। मैं आपको बता नहीं सकता कि हम कितने खुश थे।"

छेत्री ने उस मैच के परिणाम के लिए माफी मांगते हुए कहा कि इस बार दर्शकों को निराश नहीं होने देंगे।

भारतीय दिग्गज ने कहा, "आपके समर्थन के बाद भी हमें उतना अच्छा परिणाम नहीं मिला। हम माफी चाहते है, क्योंकि हमने अच्छा नहीं किया। लेकिन कृपया इस बार फिर से आयें। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की पूरी कोशिश करेंगे।"

भारत की नजर 24 टीमों के एशियाई कप फाइनल में लगातार दूसरी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जगह बनाने पर होगी।

## राजस्थान के शटलर शुभम व साक्षी की विजयी शुरूआत

### कबड्डी में राजस्थान की लडकियां मेजबान हरियाणा से पराजित

जयपुर 4 जून। राष्ट्रीय खेलों इंडिया टूर्नामेंट में राजस्थान के शटलर शुभम पटेल ने नरेन अय्यर (कर्नाटक) को 21-10 21-15 से पराजित किया। पंचकुला, हरियाणा में आयोजित इस टूर्नामेंट में राजस्थान के शटलर प्रणय कट्टा ने रमन कुमार (हरियाणा) को 21-15 21-12 से हराया।

बैंडमिंटन में ही साक्षी फोगट ने अभिलाषा ए (तेलंगाना) के खिलाफ 21-14 21-7 से पराजित किया। संस्कार सारस्वत को मानव चौधरी (हरियाणा) से 20-22 12-21 से हार का सामना करना पडा।

वॉलीबॉल लड़के वर्ग में राजस्थान ने छत्तीसगढ़(3-0)25-22, 25-15,25-20 हराया। कबड्डी लड़कियां में राजस्थान को हरियाणा से 52-27 अंको से हार का सामना करना पड़ा।

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1036-37 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-03.06.2022

श्री महावीर प्रसाद जांगिड पुत्र स्व.श्री विरदीचन्द जांगिड निवासी वार्ड नं.33 पुष्पनगर, न्यू कॉलोनी कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजना के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.33 पुष्पनगर न्यू कॉलोनी श्रीमाधोपुर | चर्तुसीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में आम रास्ता, पश्चिम दिशा में शंकर नायक का मकान, उत्तर दिशा मे बंशीधर धोबी का मकान व दक्षिण दिशा मे आवेदक का प्लाट अवस्थित है। | आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 52 फुट 3 इंच, उत्तर से दक्षिण 46 फुट 3 इंच कुल 268.50 वर्गगज या 224.50 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध मे कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03.06.2022 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर**



*स्लोवेनिया की भाषा में एजेडी का शाब्दिक अर्थ होता है ''बुत परस्त'' (हीदन)। लेकिन यह शब्द कुछ सुपर नैचुरल गुणों के लिए भी प्रयुक्त होता है। इसलिए जहां, ''एजवोस्का डैकलिका'' चट्टान की बनावट को अंग्रेजी में ''हीदन मेडन'' (बुत परस्त कुमारी) कहा जाता है, वहीं साथ-साथ इसे हीदन से कुछ अधिक विलक्षण भी समझा जाता है। उत्तर पश्चिम स्वोवेनिया में जूलियन एल्प्स में माउण्ट प्रिसोनिक के उत्तरी पटल पर चट्टान की यह अद्भुत संरचना देखी जा सकती है, जिस पर इंसानी चेहरा स्पष्ट नज़र आता है। स्थानीय लोक साहित्य के अनुसार यहां एक नेक दिल कन्या रहती थी, जो प्रायः बर्फीले तूफानों से घिरे यात्रियों को रास्ता बताया करती थी। इसे परी या वन देवी भी कहा जाता था। कहा जाता है कि, वह भविष्यवाणी भी कर सकती थी तथा शिशुओं के भाग्य के बारे में उनके जन्म से पहले ही बता देती थी। किंवदंती के अनुसार, एक दिन उसने एक नवजात के बारे में भविष्यवाणी की कि, वो जादुई शक्तियों वाले शैमियर बक (गोट एन्टिलोप प्रजाति) या गोल्डन हॉर्न को मार देगा। उसने कहा कि, उक्त नवजात बच्चा बड़ा होकर शिकारी बनेगा और गोल्डन हॉर्न को मारेगा। लोक मान्यताओं में गोल्डन हॉर्न को दैवीय शक्तियों वाला हिरण माना जाता है। कहा जाता है कि इस भविष्यवाणी से नाराज़ होकर कन्या के भाई बहिनों ने उसे श्राप दे दिया। जब वह माउण्ट प्रिसोनिक पर अपने घर लौटी तो उसका शरीर पत्थर बन गया। उक्त कुमारी का अभिशप्त रूप माउण्ट प्रिसोनिक के उत्तरी भाग पर मौजूद है, जिसे ''हीदन मेडन'' कहा जाता है। उक्त चट्टान के सामने नज़र आने वाले हिस्से पर उसके चेहरे का अक्स दिखता है।*

# गांवों में पोस्ट ऑफिसों में रेलवे टिकट बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी

## केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, 45 हजार डाक घरों में यह व्यवस्था शुरु की जायेगी

नई दिल्ली, 4 जून। भारतीय रेलवे खासतौर पर ग्रामीण इलाकों को ध्यान में रखते हुए अब देशभर में 45,000 डाकघरों में रेलवे टिकट बुकिंग की व्यवस्था शुरु करने जा रही है।

पिछले दिनों खजुराहो में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा की थी। रेलमंत्री ने यह भी बताया था कि अब रेल टिकट लेने में भी परेशानी नहीं होगी। रेलवे ने अब 45,000 डाकघरों में टिकटिंग की व्यवस्था की है। यानी यात्री अब बिना किसी परेशानी के पोस्ट ऑफिस से टिकट ले सकते हैं।

गौरतलब है कि स्टेशन से दूर दराज में रहने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक घरों में रेल आरक्षण कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि रेल रिजर्वेशन के लिए लोगों को भटकना न पड़े। इन डाक घरों में रेल आरक्षण बुकिंग का कार्य डाक घर के प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। रेलवे द्वारा नेटवर्क कनेक्टिविटी के साथ हार्डवेयर उपलब्ध कराया गया है। इस योजना से शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को आस-पास के डाकघरों से अपनी ट्रेनों के लिए रिजर्वेशन कराने की सुविधा मिलेगी। रेलवे ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वर्तमान में रेलवे द्वारा डाक घरों में प्रदत्त कराई गई रेल आरक्षण बुकिंग की सुविधा

- **रेलवे ने यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्हें वेटिंग और लम्बी कतारों से मुक्ति देते हुए ई-टिकटिग की नई सुविधा भी शुरू की है।**

का लाभ उठाएं। हालांकी, इससे पहले भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्हें वेटिंग और लम्बी कतारों से मुक्ति देते हुए ई-टिकटिग की नई सुविधा भी शुरू की है।

इसके तहत रेल यात्री अब यात्रा टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और मंथली पास के नवीकरण के लिए ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन पर पेटीएम, फोनपे, फ्रीचार्ज जैसे यू.पी.आई. बेस्ड मोबाइल ऐप से क्यू.आर. कोड स्कैन कर डिजीटल पेमेंट कर सकेंगे। इस सुविधा में यात्री ऑटोमेटिक टिकट वेंडिग मशीन से मिलने वाली सुविधाओं के लिए डिजिटिल ट्रांजेक्शन से भी भुगतान कर सकेंगे। यात्री इसके जरिये ए.टी.वी.एम. स्मार्ट कार्ड को भी रिचार्ज करा सकते हैं। क्यू.आर. कोड को स्कैन कर यात्री फोन के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर टिकट ले सकते हैं।

इसके साथ ही खजुराहो और दिल्ली के बीच वंदेभारत ट्रेन पर अपडेट देते हुए रेल मंत्री ने बताया था की इस रूट पर अगस्त तक इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो जाएगा। तब तक वंदे भारत ट्रेन भी चलने लगेगी। यानी ये मानकर चला जाए की अगस्त के बाद कभी भी मध्य प्रदेश को वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल सकती है। जिसके लिए डाकघर से ही टिकट बुक हो सकती है।

### सुभाष चन्द्रा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जा रहा है कि रविवार को विधायक दल की बैठक राज्यसभा चुनाव के लिए बुलाई गई है। इस बैठक के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई नेता संबोधित करेंगे। वहीं शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ इत्यादि ने बैठक कर रणनीति पर चर्चा की

### 82 वर्षीय वृद्धा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शुक्रवार देर शाम वह उन्हें खाना खिलाने के बाद अपने घर लौट रही थी। इस दौरान उसे अपने दादा-दादी की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। इस पर वह दौड़ते हुए वहां पहुंची, जहां दादी लहुलूहान हालत में पड़ी हुई थी। उसके प्राइवेट पार्ट और शरीर के अन्य हिस्सों से खून बह रहा था। दादी ने बताया की पड़ोस में रहने वाला हुरजी पुत्र मावजी बामणिया शराब के नशे में घर आया था और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसे चाकू से घायल कर दिया। इसके बाद उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन घायल वृद्धा चिखली अस्पताल ले गए, जहां से उसे सागवाडा रेफर कर दिया। सागवाडा अस्पताल ले जाते समय पीड़ित की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस चिखली आए और कुंआ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश जारी है।

# '33 सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों के खिलाफ पेश करो चालान'

## राज्यसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच पुलिस मुख्यालय ने जिलों को भेजे निर्देश

जयपुर, 4 जून (का.प्र.)। राज्यसभा चुनाव से पहले एक ओर तो कांग्रेस निर्दलीय और बसपा से आए विधायक नाराजगी जता रहे हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय की ओर से आदेश जारी हुआ है, जिसमें विभिन्न पार्टियों के सांसदो और विधायकों सहित पूर्व विधायकों के खिलाफ चालान पेश करने के लिए कहा गया है। इस नए फरमान के बाद राजनीतिक गर्मा सकती है।

पुलिस मुख्यालय से विभिन्न जिलों की पुलिस को पत्र लिखकर लंबे समय से पैंडिंग चल रहे प्रकरणों में सांसद, विधायक और पूर्व विधायकों के खिलाफ चालान पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय से कुल 36 प्रकरणों में से केवल 3 प्रकरणों में फाइनल रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है, शेष 33 प्रकरणों में चालान पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन नेताओं के खिलाफ चालान पेश करने को कहा गया है, उनमें सांसद किरोड़ी लाल मीणा, नरेंद्र कुमार,हनुमान बेनीवाल, कांग्रेस के खिलाफ नाराजगी जता चुके मंत्री राजेंद्र गुढ़ा, अशोक चांदना, भाजपा उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, जोगेश्वर गर्ग, बीटीपी के रामप्रसाद डिंडोर सहित कई पूर्व विधायक भी शामिल है।

वैसे तो पुलिस जिला मुख्यालय, जिला पुलिस अधीक्षकों को समय-समय पर इस तरह के पत्र भेजता रहता है, लेकिन राज्यसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच जनप्रतिनिधियों के खिलाफ चालान पेश करने के लिए अचानक परिपत्र भेजना राजनीति से प्रेरित माना जा रहा है। हालांकि इस मामले को लेकर अधिकांश पुलिस अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।

### दिल्ली के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वास्तव में तो उनकी पत्नी ने लोगों की जान बचाने के लिए सरकार को 1500 पी.पी.ई. किट निःशुल्क डोनेट किए थे।

मुख्यमंत्री ने आप सरकार पर कोविड पीड़ितों की दशा के प्रति असंवेदनशील होने तक का आरोप लगाया।

शर्मा ने कहा कि, ''मैं उस एक घटना को कभी नहीं भूल सकता जब मुझे असम निवासी एवं कोविड से मरे एक व्यक्ति के शव को दिल्ली के मुर्दाघर से प्राप्त करने में सात दिन लग गए थे।''

असम सरकार के प्रवक्ता पियूष हज़ारिका ने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ लगाए गए आरोप ''झूठे, काल्पनिक और दुर्भावनापूर्ण हैं और यह निहित स्वार्थ रखने वाले कुछ वर्गों की कारस्तानी हो सकती है।''

उन्होंने प्रश्न किया कि, ''इन संगठनों के पास यदि इस संबंध में कोई साक्ष्य है तो वे झूठे और निराधार आरोप लगाने के बजाए अदालत की शरण क्यों नहीं ले रहे हैं।''

# भाजपा को बाड़ाबंदी की जरूरत नहीं-तोमर

## मुझे पूरा भरोसा है कि सुभाष चन्द्रा यह चुनाव अच्छे अंक से जीतेंगेः डॉ. सतीश पूनिया

जयपुर, 4 जून (का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का कहना है कि ''भाजपा ने सुभाष चंद्रा को समर्थन दिया है, तथा निर्दलीय और क्षेत्रीय पार्टी के साथ हमारा संवाद है। इस समय राजस्थान में कांग्रेस की अराजक सरकार है, उसको सबक सिखाया सिखाना है। निर्दलीय क्षेत्रीय पार्टियों के विधायक भी जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की कर्जामाफी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार कानून व्यवस्था ये सारे मुद्दे क्षेत्रीय दलों व निर्दलीय विधायकों के क्षेत्रों से तालुक रखते हैं। हमने नैतिक तरीकों से उनसे अपील की है, व्यक्तिगत और सार्वजनिक तौर पर आग्रह किया, कुल मिलाकर उन्हें सुभाष चन्द्रा के पक्ष में आना चाहिए। बाकी इस अराजक सरकार के खिलाफ जो जनआक्रोश है वो राज्यसभा चुनाव में मतदान के जरिए व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि ''मुझे पूरा भरोसा है कि सुभाष चंद्रा यह चुनाव अच्छे मतों से जीतेंगे।'' केंद्रीय कृषि मंत्री और राजस्थान के राज्यसभा चुनाव प्रभारी नरेंद्र तोमर शनिवार को जयपुर पहुंचे। राज्यसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि प्रभारी के साथ जयपुर पहुंचा हूं। भाजपा अपनी रणनीति बना रही है। जो लक्ष्य तय किया है, उस पर जरूर पहुंचेंगे। कांग्रेस की बाड़ाबंदी पर तोमर ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में दबाव और प्रभाव की राजनीति करना अच्छी बात नहीं है। बसपा के व्हिप जारी करने के सवाल पर तोमर ने कहा कि सभी को अपनी पार्टी के व्हिप के साथ रहना चाहिए। उन्होंने भाजपा में बाड़ाबंदी पर कहा कि भाजपा को बाड़ाबंदी की जरूरत नहीं है। हमारा प्रशिक्षण शिविर होगा।

### इकहत्तर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्वास्थ्य तथा पर्यावरण- दोनों के ही वैश्विक लक्ष्यों को हासिल करने के मामले में बहुत कम पड़ रहा है।'' महापात्रा ने आगे कहा कि, आँकड़ों के आधार पर बहसें और चर्चाएं पुनः पुनः होती हैं। इस साल जारी होने वाली यह रिपोर्ट भारतीय पर्यावरण की मात्रा को सार्वजनिक करती है। यह वर्ष भारत तथा पृथ्वी ग्रह- दोनों के लिये ही एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में हमारे सामने है। भारत अपनी आज़ादी के 75वें वर्ष का जश्न मना रहा है तथा हमें एक ''नये भारत'' के निर्माण का प्रण लेते हुये, धनीभूत विकास के लक्ष्यों को हासिल करना है। यह वर्ष स्टॉकहोम कॉन्फ्रेंस की भी 50वीं वर्षगाँठ है, जो मानवीय पर्यावरण के विषय पर हुई संयुक्त राष्ट्र संघ की पहली कॉन्फ्रेंस थी। इस बात का आँकलन करते हुये कि, जिस ''नये भारत'' का वादा किया गया था, वह प्राप्त होगा भी या नहीं, यह रिपोर्ट पूरा-पूरा न्याय करने की कोशिश करती है तथा इसके साथ ही, इस बात का भी दस्तावेजीकरण एवं विश्लेषण करती है कि, पिछले 50 वर्षों में पृथ्वी का पर्यावरण कैसा रहा है।

# कानपुर हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

कानपुर, 4 जून। कानपुर हिंसा मामले में मास्टरमाइंड बताए जा रहे जफर हयात हाशमी को यू.पी. पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। जफर हयात हाशमी को कानपुर पुलिस ने शुक्रवार रात अरेस्ट किया है।

कानपुर हिंसा मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि जफर हयात हाशमी ने फेसबुक पोस्ट के जरिए लोगों को कानपुर में बाजार बंद करने और जेल भरो आंदोलन की अपील की थी।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कानपुर में अचानक हिंसा भड़क गई थी। इस मामले में अब पुलिस ने जफर हयात हाशमी को मुख्य आरोपी करार दिया है। प्राथमिकी में जफर हयात हाशमी का नाम सबसे पहले रखा गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने कानपुर में हिंसा और पथराव की घटना के एक दिन बाद शनिवार को 500 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए। हिंसा की घटनाओं में 40 लोग घायल हो गए थे।

कानपुर हिंसा में मुख्य आरोपी बनाए गए जफर हयात हाशमी की गिरफ्तारी के बाद परिवार के लोगों ने दावा किया है कि जफर हयात को फंसाया जा रहा है।

परिवार के लोगों का कहना है कि जफर हमें मिल नहीं रहे हैं, हमने काफी खोजा है। जफर हयात की पत्नी का दावा है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए बंद को वापस लिया गया था। जुमे की नमाज के जफर हयात घर वापस आ गए थे। उस दौरान कोई हिंसा की वारदात नहीं हो रही थी। लेकिन दोपहर तीन बजे अचानक हिंसा की खबर सामने आई। हयात की पत्नी ने दावा किया कि 14 से 16 साल के बच्चे हाथों में पत्थर लेकर चला रहे थे। ऐसा गुस्सा हमने पहले कभी नहीं देखा था। वह अपने पति की इस हिंसा की वारदात में शामिल नहीं होने का दावा कर रही हैं।

- **जफर हयात हाशमी को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर आरोप है कि, उसी ने फेसबुक पोस्ट के जरिये हिस्सा भड़काई थी।**

कानपुर हिंसा में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एडीजी ने माना है कि घटना के दौरान पुलिस बल की कमी थी, लेकिन तत्काल पुलिस की संख्या को बढ़ाया गया। जफर हयात हाशमी की गिरफ्तारी पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि मामले में गिरफ्तारियां चल रही हैं। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों और षडयंत्रकारी की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कानपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

एडीजी ने कहा कि आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों ने जो सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उसकी भरपाई के लिए कानून की धारा के तहत कार्रवाई होगी। एडीजी प्रशांत कुमार ने जफर हयात हाशमी की गिरफ्तारी पर कहा कि इस मामले में हम ऐसी कार्रवाई करेंगे कि उपद्रवी दोबारा ऐसी घटना को अंजाम देने की सोच भी नहीं पाएंगे। घटना को इंटेलिजेंस फेल्योर के मामले में एडीजी ने कहा कि वह काफी सघन इलाका है। इस मामले में इंटेलिजेंस फेल्योर नहीं कह सकते। घटना के समय वहां पर पुलिस बल कम संख्या में थे। लेकिन, जैसे ही घटना की सूचना मिली पर्याप्त सुरक्षा बलों को वहां भेजा गया।

## बाड़ाबंदी में विधायक बीमार

उदयपुर, 4 जून (कासं)। यहां ताज अरावली होटल में चल रही कांग्रेस की बाड़ाबंदी में लाए गए महवा विधायक ओमप्रकाश हुडला की शनिवार को तबियत खराब हो गई। उन्हें उदयपुर के एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार प्रातः हुडला को जी मिचलाने और घबराहट की शिकायत पर होटल में ही प्राथमिक उपचार दिया गया। उसके बाद उन्हें एमबी चिकित्सालय

- **बाड़ाबंदी में आये महवा विधायक ओमप्रकाश हुड़ला की तबीयत खराब हो गई, उन्हें उदयपुर के एम.बी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

ले जाया गया जहां पर वह कार्डियोलॉजी वार्ड में भर्ती हैं।

हुडला की तबियत खराब होने की सूचना पर स्थानीय कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता एमबी चिकित्सालय पहुंचे और उनकी कुशलक्षेम पूछी।

# हापुड़ की कैमिकल फैक्टरी में विस्फोट, 9 की मौत

हापुड़, 4 जून। उत्तरप्रदेश के हापुड़ के धौलाना में कैमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट से 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बॉयलर फटने से फैक्ट्री में जबर्दस्त ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। आसपास की कई फैक्ट्रियों की छतें उड़ गईं। पुलिस प्रशासन व दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू किया और कई लोगों को वहां से सुरक्षित निकाला। सी.एम. योगी ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

- **कैमिकल फैक्टरी में लगा बॉयलर फटने से वहां काम कर रहे 9 मजदूरों की मौत हो गई तथा 19 अन्य घायल हो गये।**
- **हादसा धौलाना क्षेत्र के यू.पी. एस.आई.डी.सी. (औद्योगिक क्षेत्र) में सी.एन.जी. पंप के पीछे कृष्णा ऑर्गेनिक कंपनी में हुआ।**

इस ब्लास्ट की चपेट में आने से वहां काम कर रहे 9 फैक्ट्री कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसे में 19 लोग घायल हुए हैं। फैक्ट्री में ब्लास्ट और आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

हादसा धौलाना क्षेत्र के यू.पी. एस.आई.डी.सी. (औद्योगिक क्षेत्र) में सी.एन.जी. पंप के पीछे कृष्णा ऑर्गेनिक कंपनी में हुआ जहां बॉयलर फटने से आग लग गई। ब्लास्ट इतना तेज था कि हापुड़ केमिकल फैक्ट्री हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इस हादसे हृदय विदारक बताया और कहा कि जिन लोगों को इस हादसे में जान गंवानी पड़ी उनके प्रति मैं संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## सरहद पर पकड़ा टैग लगा पक्षी

जैसलमेर, 4 जून (नि.सं.)। जैसलमेर जिले की सीमा में सरहद पार से संदिग्ध पक्षियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले दिनों मिले टैग लगे 3 कबूतरों की जांच पूरी नहीं हो पाई है कि, नाचना से लगती भारत - पाक सीमा पर एक ओर विदेशी पक्षी पकड़ा गया है। पकड़े गए एशियाई हुबारा पक्षी के पंजों में टैग लगा है। दाहिने पैर पर दो अंगूठियां और एल्यूमीनियम का छल्ला लगा हुआ है और बाएं पैर पर हरी प्लास्टिक की अंगूठी लगी है। दोनों पैरों

- **टैग पर संयुक्त अरब अमीरात लिखा हुआ है।**

के रिंग पर कुछ अंक लिखे हुए बताए जा रहे हैं और टैग पर संयुक्त अरब अमीरात लिखा हुआ है।

सीमा सुरक्षा बल इस पक्षी पर लगे टैग की जांच कर रही है। भारत- पाक सीमा पर नाचना क्षेत्र की विष्णु की ढाणी में ग्रामीणों ने एक ऐसे पक्षी को पकड़ा जिसके पंजों में टैग लगे हैं। ग्रामीणों ने इस पक्षी को पकड़ कर सीमा सुरक्षा बल को सुपुर्द कर दिया है। सीमा सुरक्षा बल की 87 बटालियन के कमांडेंट रणबीर सिंह के अनुसार ग्रामीणों ने टैग लगे संदिग्ध पक्षी को पकड़ा। सीमा सुरक्षा बल ने वहां जाकर पक्षी को अपने कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि, हम पक्षी पर लगे टैग की जांच कर रहे हैं।

## नाम परिवर्तन

**-जाल खंबाता-**

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जून। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने, वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री मोदी का आवासीय पता, 7, रेस कोर्स रोड से बदलकर, 7, लोक कल्याण मार्ग किए

- **राहुल गांधी ने मोदी के निवास वाली सड़क का नाम रेसकोर्स रोड से लोक कल्याण मार्ग करने पर कटाक्ष किया कि, नाम बदलने से जनता का कल्याण नहीं होगा।**

जाने पर चुटकी ली। उन्होंने ट्वीट किया कि ''आवासीय पता बदलकर कल्याण मार्ग नाम रख देने से जनता का कोई कल्याण नहीं हो रहा।'' उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने 6.5 करोड़ कर्मचारियों का वर्तमान और भविष्य दोनों नष्ट करने के लिए ''मंहगाई बढ़ाओ, आय घटाओ'' मॉडल अपनाया है। उनका बयान, सरकार द्वारा कर्मचारियों की भविष्य निधि पर दिए जाने वाले ब्याज की दर में कटौती को लेकर था।

# पंजाब के चार वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाजपा जॉइन की

## आप ने तंज कसा कि, भाजपा कूड़ेदान बन कर रह गई है कांग्रेस की

- **मोहाली से 3 बार विधायक रहे बलबीर सिद्धू पिछली कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे, जबकि रामपुरा फूल से 3 बार विधायक रहे गुरप्रीत कांगड़ राजस्व मंत्री थे। राजकुमार वेरका को माझा क्षेत्र का कद्दावर दलित नेता माना जाता है और वह 3 बार विधायक भी रहे हैं। इसके अलावा अमरजीत सिंह सिद्धू भी भाजपा में शामिल हो गये हैं।**

चंडीगढ़, 4 जून। पंजाब विधानसभा कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए शनिवार को पार्टी के 4 नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इन नेताओं में पूर्व मंत्री से लेकर पूर्व विधायक तक शामिल हैं। भाजपा का हाथ थामने वाले नेताओं में राजकुमार वेरका, बलबीर सिंह सिद्धू, सुंदर शाम अरोड़ा और गुरप्रीत सिंह कांगड़ शामिल हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने इस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस का कूड़ेदान बन गई है।

मोहाली से 3 बार विधायक रहे बलबीर सिद्धू पिछली कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे, जबकि रामपुरा फूल से 3 बार विधायक रहे गुरप्रीत कांगड़ राजस्व मंत्री थे। राजकुमार वेरका को माझा क्षेत्र का कद्दावर दलित नेता माना जाता है और वह 3 बार विधायक भी रहे हैं। वेरका पिछली सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री थे। होशियारपुर के पूर्व विधायक सुंदर शाम अरोड़ा पिछली कांग्रेस सरकार में उद्योग और वाणिज्य मंत्री थे। बलबीर सिद्धू के भाई एवं मोहाली के महापौर अमरजीत सिंह सिद्धू भी भाजपा में शामिल हो गए।

इसके अलावा बरनाला से कांग्रेस के पूर्व विधायक केवल ढिल्लों, शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला तथा मोहिंदर कौर जोश ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। वे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और सोमप्रकाश, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख अश्विनी शर्मा और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं-दुष्यंत गौतम, तरुण चुग, सुनील जाखड़ और मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठक करने और हरियाणा के पंचकूला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन करने चंडीगढ़ पहुंचे थे। उनकी मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा जॉइन की। वहीं, आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने भाजपा को कांग्रेस का कूड़ेदान बताते हुए तंज कसा है। चड्ढा ने एक ट्वीट कर कहा, 'पंजाब कांग्रेस का सारा कूड़ा भाजपा में शामिल हो रहा है। भाजपा कांग्रेस का कूड़ादान बन गयी है।' हालांकि माना जा रहा है कि पंजाब से इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं का भाजपा में आना पार्टी के लिए सूबे में जमीनी पकड़ बनाने में मददगार हो सकता है।

## पलायन

**-जाल खंबाता-**

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जून। कश्मीर घाटी से कश्मीरी पण्डितों का बड़े स्तर पर पलायन जारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार 80 प्रतिशत कश्मीरी पण्डित घाटी छोड़कर जा चुके हैं।

कांग्रेस ने एक ट्वीट में कहा कि, मोदी सरकार की अनिश्चित नीतियों ने

- **कश्मीरी पंडितों के पलायन में वृद्धि, 80 प्रतिशत कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी छोड़ चुके हैं।**

कश्मीरी पण्डितों को उसकी स्तर पर ला दिया है, जब उन्हें 32 वर्ष पूर्व आतंकी हमलों के बाद अपने घरों से भागना पड़ा था।

कांग्रेस ने कहा कि, ''सरकार केवल हाई लैवल मीटिंग्स और नाटक में व्यस्त है। ''पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह का उपहास करते हुए कहा कि, वो कश्मीर की ''टारगेटेड किलिंग्स'' के लिए पाकिस्तान को दोष दे रहे हैं, बजाय उन पंडितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के जो मोदी सरकार के आश्वासनों पर विश्वास करके अपने घरों को लौटे थे।''

### 403 वर्ष पुरानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हल्का था। क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों और सोजतिया दरवाजे तक की आबादी के लिए यह पानी पीने के लिए वितरण किया जाता था। हालांकि, वर्तमान में बावड़ी का पानी पीने योग्य नहीं है। अब आसपास के मोहल्ले के बच्चे यहां तैरना सीखते हैं।

### दिन दहाड़े ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर उसे लाल रंग की एमपी नंबर की कार में डाल दिया तथा लड़की को उदयपुर नंबर की कार में डाल कर कोर्ट चौराहा की तरफ लेकर फरार हो गए। नवीन कुमार के अनुसार वह अपहरणकर्ताओं और पीड़ितों को नही जानते।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908